# वार्षिक प्रतिवेदन
# Annual Report
# 2011-12

राअंअनु के
NRCG

## राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
## National Research Centre for Grapes, Pune

# वार्षिक प्रतिवेदन | Annual Report 2011-12

# राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)

डाक पेटी संख्या 3, मांजरी फार्म डाकघर, सोलापुर रोड, पुणे - 412 307
दूरभाष : 020-26956000 • फैक्स : 020-26956099 • ई.मेल : nrcgrapes@gmail.com

# National Research Centre for Grapes

(Indian Council of Agricultural Research)

P. B. No. 3, Manjri Farm P. O., Solapur Road, Pune - 412 307
Tel. : 020-26956000 • Fax : 020-26956099 • Email : nrcgrapes@gmail.com
Web site : http://nrcgrapes.nic.in

**सही उद्धरण Correct Citation :**
वार्षिक प्रतिवेदन 2011–12. राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र (भाकृअनुप), पुणे. पृ. 116
Annual Report 2011–12. National Research Centre for Grapes (ICAR), Pune. Pp. 116

**संपादन Edited by :**
डॉ. पां. गु. अडसूले Dr. P. G. Adsule
डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay
डॉ. अ. कु. शर्मा Dr. A. K. Sharma
डॉ. दी. सिं. यादव Dr. D. S. Yadav

**फोटो क्रेडिट्स Photo Credits :**
डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा Dr. G. S. Karibasappa
डॉ. दी. सिं. यादव Dr. D. S. Yadav

**हिन्दी अनुवाद Hindi Translation :**
डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay
डॉ. अ. कु. शर्मा Dr. A. K. Sharma
डॉ. दी. सिं. यादव Dr. D. S. Yadav

**वर्ड प्रोसेसिंग Word Processing :**
सुश्री शैलजा वि. साटम Ms. Shailaja V. Satam

**आवरण पृष्ठ Cover Page :**
बाएं से दाएं : किशमिश रोजाविस व्हाइट, पूसा नवरंग × फ्लेम सिडलेस संकर, मांजरी नवीन
L to R: Kishmish Rozavis White, Pusa Navrang x Flame Seedless hybrid, Manjari Naveen

**प्रकाशन Published by :**
डॉ. पां. गु. अडसूले Dr. P. G. Adsule
निदेशक, राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे – 412 307
Director, National Research Centre for Grapes, Pune - 412 307

मुद्रण Printed at : Flamingo Business Systems, 19, Laxminagar Commercial Complex No. 1, Shahu College Road, Pune 411 009. Telefax : 020-24214636, flamingo.b.s@gmail.com, srgupta.tej@gmail.com

राअंअनु के
NRCG

# विषय-सूची
# Contents


| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना<br>Preface | i |
| 2. | कार्यकारी सारांश<br>Executive Summary | v |
| 3. | परिचय<br>Introduction | 1 |
| 4. | अनुसंधान उपलब्धियां<br>Research Achievements | 5 |
| 5. | सहयोगी, बाह्य वित्त पोषित, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श परियोजनाएं<br>Collaborative, Externally Funded, Contract Research and Consultancy Projects | 72 |
| 6. | तकनीक आंकना और स्थानांतरण<br>Technology Assessed and Transferred | 79 |
| 7. | शिक्षा एवं प्रशिक्षण<br>Education and Training | 86 |
| 8. | पुरस्कार और सम्मान<br>Awards and Recognitions | 91 |
| 9. | बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं सहित संपर्क और सहयोग<br>Linkages and Collaboration Including Externally Funded Projects | 92 |
| 10. | प्रकाशन<br>Publications | 93 |
| 11. | विभिन्न समितियों की बैठक और महत्वपूर्ण निर्णय<br>Meetings of QRT, RAC, IMC, IRC with Significant Decisions | 96 |
| 12 | परामर्श, पेटेंट और प्रौद्योगिकियों का व्यवसायीकरण<br>Consultancy, Patents and Commercialization of Technology | 103 |
| 13. | अनुमोदित अविरत संस्थान कार्यक्रम<br>Approved On-Going Institute Programmes | 104 |
| 14. | वैज्ञानिकों की बैठक, कार्यशाला, सेमिनार आदि में भागीदारी<br>Participation of Scientists in Meetings, Workshops, Seminars etc. | 105 |
| 15. | विशिष्ट आगंतुक<br>Distinguished Visitors | 109 |
| 16. | अनुसंधान एंव प्रबंधन कर्मचारी वर्ग<br>Research and Management Personnel | 110 |
| 17. | बुनियादी ढांचे का विकास<br>Infrastructure Development | 111 |
| 18. | अन्य गतिविधियां<br>Other Activities | 112 |
| 19. | मौसम संबंधी आंकडे<br>Meteorological Data | 115 |
| 20. | लघुरुप<br>Abbreviations | 116 |

# प्रस्तावना
# Preface

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केन्द्र की स्थापना जनवरी 1997 में भारत में अंगूर उत्पादन तथा प्रसंस्करण से सम्बन्धित मुद्दों पर मिशन-उन्मुखी अनुसंधान कार्य के लिए हुई, अब तक संस्थान ने बुनियादी ढांचे के विकास, अनुसंधान परिणामों और लाभार्थियों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के मामले में अद्भुत प्रगति की है। हालांकि, आने वाले वर्षों में, जलवायु प्रत्यास्थी प्रौद्योगिकी विकास पर अनुसंधान और उस परिप्रेक्ष्य में बुनियादी ढांचे के निर्माण को संबल किया जाना है।

संस्थान राष्ट्रीय सक्रिय अंगूर जर्मप्लाज्म का स्थल है और क्षेत्र जर्मप्लाज्म संग्रह में अब कुल 464 अंगूर प्रविष्टियाँ है। अंगूर के नए बगीचे की स्थापना और पुराने बगीचों के उन्नयन के लिए मूलवृंतों, खाने योग्य और वाइन अंगूर की किस्मों की विशुद्ध और रोग मुक्त पौध सामग्री प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा मान्यताप्राप्त एक नर्सरी है। संस्थान की वेबसाइट पर जानकारी देने के अलावा, वैज्ञानिकों की नियमित क्षेत्र यात्राओं, उत्पादक सेमिनार में भागीदारी, उनकी अंत:स्थान बातचीत, नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम, उत्पादकों क्षेत्र में नई तकनीक का प्रदर्शन आदि के माध्यम से प्रौद्योगिकी के प्रसार प्रदान में रत है। संस्थान ने खाने के अंगूर का यूरोपीय संघ के देशों को निर्यात के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के कीटनाशक अवशेषों का निगरानी कार्यक्रम सफलतापूर्वक लागू किया है। इन सब गतिविधियों से संस्थान की दृश्यता में वृद्धि हुई है और स्पष्टत: अंगूर उद्योग के विभिन्न हितधारकों ने संस्थान की सेवाओं को मान्यता दी है।

फसल सुधार, फसल उत्पादन, फसल संरक्षण और कटाई पूर्व और पश्चात प्रौद्योगिकी के व्यापक क्षेत्रों के तहत अनुसंधान आयोजित किया जा रहा है। अंगूर उद्योग की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में पन्द्रह संस्थान कार्यक्रमों के तहत शोध किया जाता है। संस्थान में अधिदेश से संबंधित अनुबंध अनुसंधान पर भी कार्य किया जा रहा है।

National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 with the research mandate to address the issues related to grape production and processing in India. So far institute has made tremendous progress in terms of infrastructure development, research output and technology transfer to beneficiaries. However, in the coming years, the research has to be addressed to climate resilient technology development and building up of infrastructure in that perspective.

The Institute is the site for National Active Grape Germplasm and has now 464 total grape accessions in its field germplasm collection. A nursery with the recognition of National Horticulture Board (NHB) providing genuine and disease free plant material *viz*. rootstocks and table and wine grape varieties for setting up new vineyards and also upgradation of existing old vineyards. Institute is also providing technology dissemination through regular field visits of scientists and also their participation in growers' seminars, in-house interaction, regular training programmes, demonstration of new techniques in the growers' vineyard besides placing information on Institute's website. Institute has also successfully implemented pesticide residue monitoring programme of Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) for the export of table grapes to EU countries. All these activities have clearly increased visibility of Institute recognizing the services offered to the various stakeholders of grape industry.

Research is conducted under the broad areas of crop improvement, crop production, crop protection and pre and post-harvest technology. Presently fifteen institute research programmes are conducted keeping in view the priorities of grape industry. The Institute is also undertaking contract research programmes relating to the mandate of Institute.

इस अवधि के दौरान, केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ के साथ उष्णकटिबंधीय फलों के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत अंगूर की फसल पर तकनीकी कार्य की निगरानी की और वर्ष 2007–2009 के दौरान हुए कार्य पर पेरियाकुलम, तमिलनाडु में आयोजित उष्णकटिबंधीय फलों के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के कार्यकर्ताओं की बाइसवीं समूह बैठक में विचार–विमर्श किया और देश के सभी केंद्रों के लिए 2011–12 के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया।

अवधि के दौरान विभिन्न विकसित तकनीकों के हस्तांतरण के लिए संस्थान परिसर में और बाहर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और राज्य सरकारों के विस्तार विभागों और अंगूर उत्पादक संघों और निर्यातकों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और उनके प्रशिक्षकों और सदस्यों कों अंगूर की खेती के विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शन दिया।

अधोहस्ताक्षरी और डॉ. कौ. बनर्जी, नैशनल फैलो (आईसीएआर) ने मई–जून 2011 में फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में आयोजित कीटनाशक अवशेषों की संगोष्ठी में भाग लिया और जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन में विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और तकनीकी प्रपत्र प्रस्तुत करने के लिए एओएसी बैठक में भाग लिया। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका के शिकागो और डेट्रोइट और ब्रिटेन में ब्रिस्टल और लंदन स्थित एजिलेंट प्रयोगशालाओं का दौरा किया। भारत के ओ आई वी के 45वें सदस्य के रूप में नामांकन के बाद, अधोहस्ताक्षरी ने 24–26 अक्टूबर 2011 के दौरान पेरिस और 27–28 अक्टूबर मोंटेपेलिएर में आयोजित ओ आई वी की बैठकों में भाग लिया। डॉ. अ. कु. उपाध्याय, वरिष्ठ वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) को डच सरकार की सरकार–सरकार परियोजना ढांचे के अंतर्गत एपीडा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में नीदरलैंड जाने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।

संस्थान में 14–15 नवम्बर 2011 को नामित प्रयोगशालाओं और एनआरएल से 30 कर्मियों के लिए कीटनाशक अवशेषों के विश्लेषण पर यूरोपीय संघ के फेरा आयोग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान में 19 से 23 मार्च 2012 के दौरान विभिन्न खाद्य वस्तुओं में माइकोटोक्सिन विश्लेषण पर एक

During this period, technical work of grape crop in All India Coordinated Research Project (AICRP) on subtropical fruits (Grapes) with Central Institute of Subtropical Horticulture (CISH), Lucknow was also monitored and work of 2007-2009 was deliberated in XX Group Worker's Meeting on AICRP on Sub Tropical Fruits at Periyakulam, Tamil Nadu and action plan for 2011-12 was finalized for all the Centers in the country.

Institute organized various training programmes on and off the campus to transfer various techniques developed during the period and also participated in programmes organized by extension departments of State Governments and grape growers' associations and exporters and guided their trainees and members respectively in various areas of viticulture.

The undersigned and Dr. K. Banerjee, National Fellow (ICAR) participated in Pesticide Residue seminar organized at Frankfurt in Germany and visited various laboratories in Germany, France and United Kingdom in May-June 2011 and also participated in AOAC meet to present technical papers apart from visit to laboratories of Agilent in Chicago and Detroit in USA and Bristol and London in UK. The undersigned also participated in International Organisation of Vine and Wine (OIV) meeting as part of Indian delegation at Paris from 24-26$^{th}$ October 2011 and at Montpellier from 27-28$^{th}$ October 2011, since, India has became 45$^{th}$ member of this International body. Dr. A. K. Upadhyay, Sr. Scientist (Soil Science) was also deputed to the Netherland as part of Indian delegation led by APEDA officials under the Government to Government project during 10-15$^{th}$ July 2011.

Training programme on 'Analysis of pesticide residues' was organized at the Institute on 14-15$^{th}$ November 2011by FERA of EU commission for 30 personnel from nominated laboratories and NRL. The Institute also organized a training programme on

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम यूरोपीय आयोग द्वारा प्रायोजित किया गया था। स्पेन के सरकारी नियंत्रण प्रयोगशाला से दो विशेषज्ञों ने इस संस्थान में प्रशिक्षण देने के लिए दौरा किया।

प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबंध अनुसंधान और सेवाओं, रोपण सामग्री और कृषि उपज की बिक्री के माध्यम से संस्थान ने ₹ 48.43 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया।

सीमित जनसाधनों के साथ, संस्थान ने देश में अंगूर उद्योग के विभिन्न हितधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के सभी प्रयास किए है। इस सफलता का श्रेय, मुख्यालय, नई दिल्ली से समर्थन के अलावा संस्थान के वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक और सहायक कर्मचारियों को जाता है।

मैं, डॉ. एस. अय्यप्पन, सचिव, डेयर और महानिदेशक, भाकृअनुप और डॉ. एच. पी. सिंह, उप महानिदेशक, भाकृअनुप से प्राप्त मार्गदर्शन और प्रोत्साहन अभिलेखित करना चाहता हूं। मैं इस महत्वपूर्ण दस्तावेज की तैयारी में मेरे वैज्ञानिक और तकनीकी स्टाफ के सदस्यों के प्रयासों की भी सराहना करता हूं।

'Mycotoxin analysis in different food commodities' during 19-23rd March 2012. This programme was sponsored by European Commission. Two experts from the Official Control Laboratory of Spain visited this Institute to impart training.

The Institute earned revenue of ₹ 48.43 Lakhs through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce.

With the limited manpower, the Institute has made all efforts to fulfill the aspirations of the various stakeholders of grape industry in the country. For all this success, the credit goes to the scientific, technical, administrative and supporting staff of the Institute besides the backup support from the Headquarters office at New Delhi.

I would like to place on record the guidance and the encouragement received from Secretary, DARE and Director General, ICAR Dr. S. Ayyappan; and Dr. H.P. Singh, Dy. Director General, ICAR. I also appreciate the efforts and help received from my scientific and technical staff members in the preparation of this important document.

स्थान / Place : पुणे / Pune
दिनांक / Date : जुन 2012 / June 2012

(पां. गु. अडसूले / P. G. ADSULE)
निदेशक / Director

# कार्यकारी सारांश
# Executive Summary

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केन्द्र की स्थापना जनवरी 1997 में भारत में अंगूर उत्पादन तथा प्रसंस्करण से सम्बन्धित मुद्दों पर मिशन-उन्मुखी अनुसंधान कार्य के लिए हुई।

वर्तमान में फसल सुधार, फसल उत्पादन, फसल संरक्षण एवं कटाई पश्चात प्रौद्योगिकी अनुसंधान के व्यापक क्षेत्र हैं। 15 संस्थानीय अनुसंधान कार्यक्रमों के अलावा अनेक बाह्य निधिबद्ध परियोजनाएं भी उन्नति पर हैं। केन्द्र में परामर्श सेवाएं और अधिदेश से सम्बन्धित अनुबन्धित अनुसंधान पर भी कार्य किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में पिछले वर्ष हुई उपलब्धियों का सारांश निम्नलिखित है।

## आनुवांशिक संसाधन और सुधार

अंगूर जननद्रव्य संग्रह में सात नई प्रविष्टियाँ सम्मिलित की गयीं और अब कुल प्रविष्टियों की संख्या 464 है। संस्थान में विकसित संकर और क्लोन का परिवर्ती जलवायु वाले विभिन्न स्थानों पर मूल्यांकन किया गया, जबकि कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेवीस, से मंगाई गयी किस्मों का पुणे के वातावरण में मूल्यांकन किया गया। विभिन्न उपयोगों जैसे वाइन, जूस और खाने के लिए विकसित संकरों का मूल्यांकन किया गया और उनके आशाजनक संकरों की पहचान की गयी। क्लोन चयन के कार्य को सशक्त करने के लिए देश के विभिन्न अंगूर क्षेत्रों का भ्रमण किया गया और सात उत्परिवर्तीयों की पहचान कर मूल्यांकन आरम्भ किया गया।

प्रजनन में उपयोग होने वाली किस्म सेवे विलार्ड में बेहतर बीज अंकुरण की विधि का मानकीकरण किया गया। जिबरेलिक अम्ल से उपचारित कर 52 दिन तक 6° से. तापमान पर रखने पर अधिकतम बीज अंकुरित हुए।

317 प्रविष्टियों के माइक्रोसेटेलाइट आँकडों का विश्लेषण किया गया और 61 जिनोटाइप समरुप पाए गये। अनेक मिथ्यानामी जिनोटाइप की पहचान की गयी। मूलवृन्त बी-2/56 की 110आर के क्लोन के रूप में पहचान हुई। चीमा साहेबी की पूर्व प्रतिवेदित पंढरी साहेबी के बजाए स्पिन साहेबी के एक चयन के रूप में पहचान निर्धारित की गई। 256 जीनोटाइप की संरचना विश्लेषण द्वारा जननद्रव्य में अधिमिश्रण का संकेत मिला।

National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 to undertake mission-oriented research to address the issues related to grape production and processing in India.

Presently research is conducted under broad areas of crop improvement, crop production, crop protection and pre and post-harvest technology. Besides 15 institutional research programmes, several externally funded projects are in progress. The Centre also undertakes consulting and mandate related contractual research. The achievements during last one year are summarized below.

## Genetic Resources and Improvement

Grape germplasm was strengthened by adding seven new accessions thus increasing the total number of accessions to 464. Hybrids and clones developed at the Institute were evaluated at different locations with variable climate whereas varieties introduced from UC Davis, California were evaluated under Pune conditions. Hybrids developed at the Centre for various purposes *viz*. wine, juice and table were evaluated and several promising hybrids were identified. Work on clonal selection was intensified by exploring different grape growing regions. Seven mutants were identified which will be further evaluated.

Protocol for improved seed germination was standardized for Seyve Villard, a female parent for breeding programme. Maximum seed germination was obtained in seeds treated with gibberrelic acid stratified at 6°C for 52 days.

Microsatellite data of 317 accessions was analysed for the presence of duplicate genotypes. Sixty one genotypes were identified as duplicate. Several misnomers were also identified. Rootstock B2/56 was identified as a clone of 110R. Cheema Sahebi was found to be a selection of Spin Sahebi and not Pandhari Sahebi as reported earlier. Population structure analysis of 256 genotypes indicated admixtures in the population.

## उत्पादन प्रौद्योगिकी

डॉगरिज मूलवृन्त में पार्श्व स्थित आसंधि से प्राप्त कलम में शीघ्र स्फुटन हुआ। यद्यपि बेहतर शाखा व्यास आधारीय आसंधि से प्राप्त कलम में मिला। भारत-फ्रांस सहयोगी परियोजना के अंतर्गत प्राप्त उन्नीस वाइन किस्मों का उपज और वाइन गुणवत्ता के लिए मूल्यांकन किया गया। प्रोटियोम विश्लेषण के लिए अंगूर पत्ती, कली और गुच्छों से प्रोटीन निष्कर्षण के तरीकों का मानकीकरण किया गया। विभिन्न मूलवृन्त कलमित थॉमसन सीडलैस में विभिन्न विकास अवस्था में प्रोटिओम विश्लेषण के लिए द्वि-दिशा इलेक्ट्रोफोरेसिस विधि का मानकीकरण किया।

विभिन्न मूलवृन्त-सांकुर संयोजनों में से मूलवृन्त 110आर पर कलमित और स्वमूलित थॉमसन सीडलैस में अग्रणी छंटाई के बाद सर्वाधिक कलिका स्फुटन पाया गया। ऐसा कली में परोक्सीडेज और पॉलीफिनोल ऑक्सीडेज एन्जाइम की बढ़ी हुई सक्रियता और अधिक प्रोटीन मात्रा के कारण हुआ। फल कलिका विभेदन अवस्था पर पत्ती में फॉस्फोरस मात्रा और फलदायिता प्रतिशतता में महत्वपूर्ण सहसम्बध पाया गया। सर्वाधिक उपज 110आर पर और न्यूनतम सेंट जॉर्ज मूलवृन्त पर प्राप्त हुई। जूस में सोडियम की मात्रा डॉगरिज पर कलमित और स्वमूल लता में सर्वाधिक जब कि 110आर पर कलमित लताओं में न्यूनतम थी।

कॅबरनेट सॉविग्नॉन के लिए विभिन्न मूलवृन्तों के मूल्यांकन में मूलवृन्त 101.14एमजीटी पर कलमित लताओं में सर्वाधिक छँटाई जैवभार और उपज, 140आरयू पर पूर्व स्फुटन, ग्रेविसेक मूलवृन्त पर सर्वाधिक शाखा संख्या और गुच्छे प्राप्त हुए।

वाइन प्रजातियों कॅबरनेट सॉविग्नॉन एवं सॉविग्नॉन ब्लैंक वितान प्रबंध कार्यप्रणालियों जैसे गुच्छा विरलन, पत्ती हटाना और शाखा विरलन के विभिन्न संयोजन से फल संघटन मापदण्ड जैसे कुल घुलनशील ठोस पदार्थ, एन्थोसाइनिन मात्रा, फिनोल मात्रा में बढ़ोतरी और जूस पीएच और पोटॅशियम मात्रा में कमी हुई। बिना वितान प्रबंधन वाली लताओं में कम कुल घुलनशील ठोस पदार्थ, एन्थोसाइनिन और फिनोल मात्रा और सर्वाधिक जूस पीएच और पोटॅशियम मात्रा पायी गयी।

110आर मूलवृन्त पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन में 110

## Production Technology

In Dogridge rootstock, cuttings obtained from lateral nodes position were early to sprout while shoot diameter was more in cuttings obtained from basal nodes. Nineteen wine grape varieties received from France under Indo-France collaboration project were evaluated for their yield and quality wine performance. Methods were standardized for extraction of proteins from grape leaves, buds, and clusters for proteome analysis. Protocols for 2-Dimensional Electrophoresis were standardized to study the proteome in Thompson Seedless grapes grafted on different rootstocks at different phenological stages.

Among different stocks-scion combinations, Thompson Seedless grafted on 110R rootstocks and own rooted vines imparted maximum bud burst percentage after forward pruning which was attributed to increased peroxidase and polyphenol oxidase activity in their buds and also to highest protein content. Significant correlation was also recorded for phosphorus content in leaves at fruit bud differentiation and per cent fruitfulness. Highest yield per vine was recorded on 110R rootstock while least was on St. George rootstock. Sodium in juice was highest on vines grafted on Dogridge and own rooted vines while it was least on 110R rootstock.

Evaluation of rootstocks for Cabernet Sauvignon vines revealed, maximum pruning weight in vines grafted on 101-14Mgt. Early sprouting was recorded on 140Ru. Maximum number of shoots and clusters were obtained on Gravesac. Highest yield was recorded on 101.14Mgt rootstock.

Canopy management practices such as cluster thinning, leaf removal, shoot thinning either alone or in combination improved the fruit composition parameters in terms of increased TSS, anthocyanin concentration, phenolic contents and reduced pH and juice potassium in Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc grapes. Least TSS, anthocyanin, phenolic content and highest Juice pH and potassium content was recorded on

किग्रा पोटाश/हे. की दर से पोटॅशियम के प्रयोग से प्रति लता उपज और फल गुच्छ संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। इस प्रजाति के लिए फसल अवस्था पर आधारित सिंचाई समय-सारणी का मानकीकरण किया गया। 533.3 मिमी वर्षा और 196.1 मिमी न्यूनतम सिंचाई से, अधिक सिंचाई के बराबर उपज और गुणवत्ता प्राप्त हुई।

डॉगरिज मूलवृन्त पर कलमित शरद सीडलैस में पर्ण लालिमा और परिगलन, शाखाओं में पोटॅशियम में महत्वपूर्ण कमी और सोडियम की अधिकता के कारण हुआ।

खुले क्षेत्र में थॉमसन सीडलैस की दो वृद्धि अवस्था की पोषण स्थिति का पाउडरी मिल्ड्यू प्रादुर्भाव से सहबंधन अध्ययन किया गया। दोनों अवस्थाओं में पोटॅशियम का व्याधि मूल्यांकन से सार्थक नकारात्मक सहसम्बन्ध पाया गया।

अनुरूपण अध्ययन में नेफथेलीन एसिटिक अम्ल के प्रयोग से अनेक अंगूर क्षेत्रों में होने वाले पुष्पक्रम उभार विकार को प्रवृत्त किया जा सका। संरचनात्मक अध्ययन में संवहनी बंडल का संपीडन देखा गया।

अप्रैल छँटाई के बाद 3-5 पत्ती अवस्था पर 500 ग्रा/लि की दर से क्लोरमेक्वाट क्लोराइड के प्रयोग से फल-गुच्छ वजन और त्वचा मोटाई में वृद्धि हुई, परन्तु मणि वजन, लम्बाई और व्यास में कोई अन्तर नहीं पाया गया।

## पादप स्वास्थ्य प्रबंधन

पाउडरी और डाउनी मिल्ड्यू बिमारी के प्रबंधन हेतु वृद्धि अवस्था एवं पिछला छिड़काव पर आधारित और प्लॉट विशेष सलाह की निर्णय समर्थन प्रणाली के लिए संवादात्मक वेब इंटरफेस विकसित किया गया। इस प्रणाली को तीन जिलों के 25 अंगूर बागों में परखा गया। इस प्रणाली से प्रति स्थान नौ छिड़काव तक की बचत हुई।

डीएनए अनुक्रम विश्लेषण के आधार पर *कोलेटोट्राइकम ग्लोस्पॉरॉइडिस* की एंथ्रेक्नोज़ के प्रमुख रोगजनक के रूप में पुष्टि की गयी। एंथ्रेक्नोज़ रोगजनक की आबादी में बदलाव पर जलवायु परिवर्तन की भूमिका का विश्लेषण किया गया। मानसून के दौरान औसत और न्यूनतम तापमान में वृद्धि रोगजनक *एल्सीनोए एम्पीलीना*

control vines which did not receive any canopy management practices.

In Cabernet Sauvignon grafted on 110R, average yield and bunch number per vine increased significantly with the application of potassium @ 100 kg $K_2O$/ha. Crop stage based irrigation schedule was standardized for Cabernet Sauvignon grafted on 110R. The treatment with least external irrigation inputs of 196.1 mm plus 533.5 mm of rainfall was sufficient to provide yield and quality equivalent to higher irrigation.

Leaf reddening and necrosis in Sharad Seedless vines on Dogridge rootstock was found to be due to significantly lower K and higher Na in shoots.

Nutritional status of open field grown Thompson Seedless was related with powdery mildew incidence at two growth stages. Potassium showed highest degree of significant and negative correlation with the disease rating at both the stages.

In simulation studies, application of naphthalene acetic acid induced rachis swelling, a disorder observed in many grape growing regions. Anatomical studies revealed compression of vascular bundle.

Application of chlormequat chloride @ 500 g/L at 3-5 leaf stage after April pruning resulted in increased bunch weight and skin thickness, however no differences for berry weight, length and diameter were observed.

## Plant Health Management

An interactive web interface for powdery and downy mildew disease management was developed for decision support system which provides plot specific advice based on growth stage and last spray undertaken. This system was tested at 25 vineyards spread over three districts. The system resulted in a saving of up to nine sprays per location.

Based on DNA sequence analysis, *Colletotrichum gloeosporioides* was confirmed as the dominant pathogen of anthracnose. Role of climate change in the

का *कोलेटोट्राइकम ग्लोस्पॉरॉइडिस* द्वारा प्रतिस्थापन सम्भावित कारण हो सकता है। एंथ्रेक्नोज व्याधि की रोकथाम के लिए अनेक नई पीढी फफुंदीनाशक परीक्षण में प्रभावी पाए गए। द्विसंवर्धन तकनीक में *ट्राइकोडर्मा* के विभिन्न आइसोलेट *कोलेटोट्राइकम ग्लोस्पॉरॉइडिस* और *को. केपसिसी* से अधिक वृद्धि कर उन पर परजीवी हुए। इससे उनकी सम्भावित जैवनियंत्रक शक्ति का संकेत मिलता है।

आण्विक विश्लेषण के आधार पर अंगूर व्याधियों के जैवनियंत्रण के लिए संभावित आठ जीवाणु *आइसोलेट बैसिलस सबटिलिस* प्रजाति के पाए गए।

अंगूर लता से लिए गये सताईस अन्तःपादपी एवं गैर अन्तःपादपी जीवाणु आइसोलेट ने *इन विट्रो* वातावरण में महत्वपूर्ण पादप वृद्धिशीलता दिखायी। *बैसीलस* प्रजाति के चार आइसोलेट को कीटनाशी प्रोफेनोफ़ोस के जैवविघटन के लिए प्रभावी पाया गया।

विभिन्न नाशीजीव कीटों में प्रजाति विविधता एवं प्रबलता का अध्ययन किया गया। ग्यारह कीट और दो माइट वर्ग की 75 कीट और माइट जीव जंतु जिनमें पादपभक्षी कीट और लाभदायक प्राकृतिक शत्रु भी सम्मिलित है, का प्रलेखन किया गया।

औसत न्यूनतम और अधिकतम तापमान, पिछले सात दिन में वर्षा और फसल अवस्था के आधार पर रैड स्पाइडर माइट के लिए विपदा निर्धारण मॉडल विकसित किया गया।

कीट नाशीजीव प्रबंधन के लिए अनेक सम्भावित तंत्रों और बागवानी तकनीकों का मूल्यांकन किया गया। थ्रिप्स आबादी कम करने के लिए शाखा वृद्धि रोकना प्रभावी पाया गया। भूस्थल के निकट पीला चिपचिपा पाश, जॅसिड और एफिड को फंसाने में कारगर सिद्ध हुआ। राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन केंद्र द्वारा विकसित प्रकाश पाश जैसिड के लिए प्रभावी पाये गये।

थ्रिप्स, मिलीबग और माइट के नियंत्रण के लिए स्पाइरोटेट्रामेट 120 + इमिडाक्लोप्रिड 120 @ 75+75 सक्रिय घटक प्रति हेक्टेअर प्रभावी पाया गया। साइजापाईर 10% ओ डी @ 0.7 मिली थ्रिप्स के विरूद्ध प्रभावी पाया गया। दो नये कीटनाशी सायनट्रेनिलिप्रोल और स्पायरोटेट्रामेट + इमिडाक्लोपिड और सात नये फंफूदी नाशक सहवर्तनीय पाए गए। थ्रिप्स और उससे जुडे नाशीजीव प्रजाति समूह के विरुद्ध 12 विभिन्न कीटनाशकों का

shift of population of anthracnose pathogen was analysed. Increase in mean and minimum temperature during monsoon season could be the possible reason for replacement of *Elsinoe ampelina* by thermophillic *Colletotrichum gloeosporioides* as the anthracnose pathogen. Several new generation fungicides were tested and found effective for the control of anthracnose disease. In dual culture, several tested *Trichoderma* isolates could overgrow and parasitize the isolates of *Colletotrichum gloeosporioides* and *C. capsici*, indicating their potential as biocontrol agents.

Eight bacterial isolates with potential for biological control of grape diseases were identified as belonging to *B. subtilis* based on molecular analysis.

Twenty seven endophytic and non-endophytic bacterial isolates from grapevine showed significant plant growth promoting activity *in vitro*. Four isolates of *Bacillus* spp. were evaluated and found effective in *in vitro* biodegradation of insecticide profenofos.

Species diversity and intensity of different insect pests were studied. More than 75 insects and mite fauna including phytophagus pests and beneficial natural enemy fauna belonging to about 11 insects and two mite orders respectively were documented.

A red spider mite risk assessment model was developed using four inputs *viz*. mean minimum and maximum temperature, local rainfall of seven days and crop stage.

Several promising tools and cultural methods of insect pest management were evaluated. Stopping shoot growth was found to be effective in reducing thrips population. Yellow sticky traps were found more effective for trapping jassids and aphids at near ground height. Fine light trap developed by NCIPM was found effective in trapping jassids.

Spirotetramate 120 + imidacloproid 120 @ 75+75 g a.i. per ha was found effective against thrips, mealybugs and mites. Cyazypyr 10% OD @ 0.7 mL was effective against thrips. Two new insecticides *viz*.

आकंलन किया गया और इस समूह के विरूद्ध कुछ कीटनाशक प्रभावी पाए गये।

एक पीड़कनाशी समय–सारणी तैयार की गयी और उसका चार जिलों में स्थित 25 स्थानों पर मूल्यांकन किया गया। किसानों की कार्यप्रणाली की तुलना में समय–सारणी के अनुसार छिड़काव करने से संतोषजनक कीट नियंत्रक के साथ साथ छिड़कावों की कुल संख्या में कमी की जा सकी।

पिकोक्जीस्ट्राबिन और फॉसेटिल–एल के दृढ़ता और क्षय का अध्ययन किया गया। पिकोक्जीस्ट्राबिन की एकल और दो गुनी मात्रा के लिए कटाई पूर्व अंतराल क्रमशः 3 और 5.5 दिन तय किया गया जबकि फॉसेटिल–एल का अवशेष छिड़काव के दिन ही अधिकतम अवशेष सीमा से नीचे था। इमिडाक्लोप्रिड का उदग्रहण अध्ययन किया गया और मणि में इसका अवशेष संसूचन सीमा से नीचे पाया गया।

चार वृद्धि नियामकों जैसे फोरक्लोर फेनुरोन, 6 बेंजयल एडिनीन, जिबेरेलिक अम्ल और होमोब्रस्सिनोलिड की दृढ़ता और क्षय का अध्ययन कर उनकी अर्ध आयु निर्धारित की गई।

375 कृषि रसायनों की लक्षित जांच और प्रमाणीकरण के लिए जीसी–एमएस/एमएस आधारित अवशेष विश्लेषण विधि का विकास कर पाँच विभिन्न मेट्रिक्स में पुष्टता की। इसी प्रकार 250 रसायनों के लिए एक एलसी–एमएस/एमएस आधारित विधि का विकास एवं पुष्टता की। एलसी–एमएस/एमएस द्वारा पादप मेट्रिक्स में ग्लाइफोसेट और उसके मेटाबोलाइट एएमपीए के अवशेष विश्लेषण के लिए एक सरल एवं मजबूत निष्कर्षण विधि का विकास और पुष्टता की गई। निर्यात योग्य और घरेलू उपयोग के लिए अंगूर नमूनों में अवशेष मात्रा और क्रमश: यूरोपीय संघ और खाद्य अपमिश्रण रोकथाम अधिनियम के अधिकतम अवशेष सीमा के पालन की निगरानी की गयी। सभी नमूनों ने अधिकतम अवशेष सीमा का पालन किया। सभी विश्लेषित घरेलू वाइन नमूने कीटनाशी अवशेषों से मुक्त थे। लाल और गुलाबी वाइन में फिनोल के मात्रा आंकलन के लिए एलसी–एमएस/एमएस आधारित विधि का मानकीकरण किया गया।

cyantraniliprole and spirotetramate + imidacloprid were found to be compatible with seven new fungicides.Twelve different insecticides were evaluated against thrips and associated pest species complex. A few insecticides were found effective against flea beetle – thrips – jassids – caterpillar pest complex.

A pesticide schedule was prepared and evaluated at 25 locations spread over four districts. At all locations total number of sprays were reduced with satisfactory pest management as compared to the farmers' practice.

Persistence and dissipation of picoxystrobin and fosetyl-Al was studied. PHI for single and double dose of picoxystrobin was 3 days and 5.5 days respectively whereas fosetyl-Al residues were below MRL on the date of application itself. Uptake of imidacloprid was studied and its residues in berry were found to be below the limit of detection.

Persistence and dissipation of four growth regulators *viz*. forchlorfenuron, 6-benzyl adenine, gibberellic acid and homobrassinolide was studied and their half life and PHI was estimated.

A GC-MS/MS based residue analysis method was developed and validated in 5 matrices for targeted screening and quantification of 375 agrochemicals. Similarly a LC-MS/MS based method was developed and validated for 250 chemicals. A simple and rugged extraction method was developed and validated for residue analysis of glyphosate and AMPA in plant matrices by LC-MS/MS. Exportable and domestic grape samples were monitored for residues and for their compliance to MRL of European Union and Prevention of Food Adulteration (PFA) act respectively. All the samples complied with MRL. All the domestic wine samples were free from pesticide residues. An LC-MS/MS based method was standardized for screening of red wine and rose wines for phenolic constituents.

## कटाई पश्चात प्रौद्योगिकी

कॅबरनेट सॉविग्नॉन में छंटाई समय और फल–गुच्छ भार ने द्राक्षारस और वाइन के मापदंडो को प्रभावित किया। 20 गुच्छे प्रति लता रखने से जूस में अधिक कुल घुलनशील ठोस पदार्थ, एंथोसायनिन और कुल अनुमापित अम्लता पायी गई। पहले छन्टाई की गई लताओं से प्राप्त वाइन में अधिक पीएच, कम कुल घुलनशील ठोस पदार्थ, अधिक एंथोसायनिन एवं एल्कोहल और अधिक रंग प्रबलता पायी गई। देर से छंटाई और 30 फल–गुच्छ भार वाली लताओं से शर्कराहीन और अधिक एल्कोहल मात्रा वाली वाइन बनी।

ताश ए गणेश से बनाई गई किशमिश की आद्रता मात्रा, रंग प्रबलता और फिनोल मात्रा आदि गुण फल–गुच्छों को एस्कोर्बिक अम्ल से पूर्व उपचारण से प्रभावित हुए। 300 पीपीएम एस्कोर्बिक अम्ल से पूर्व उपचारित फल–गुच्छों से बनी किशमिश में न्यूनतम रंग प्रबलता और आर्द्रता मात्रा पाई गई।

## गुणवत्ता पौध सामग्री का उत्पादन

खाने योग्य और वाइन अंगूर क़िस्मों की कलमित और स्वमूल वाली करीब 2.5 लाख जमी हुई कलम तैयार कर बेची गईं। इनके विक्रय से केंद्र को 2.2 लाख रूपये की आय प्राप्त हुई।

## प्रौद्योगिकी स्थानांतरण

अंगूर की खेती के विभिन्न पहलुओं तथा अंगूर वाइन प्रौद्योगिकी और सूचना का अंगूर उद्योग के विभिन्न हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन, क्षेत्र दौरे, उत्पादक संघों के सेमिनारों में भागीदारी, संस्थान में संवाद, संस्थान की वेबसाइट पर जानकारी डालकर तकनीकी स्थानांतरण किया जाता है। वैज्ञानिकों ने अंगूर उत्पादक संघों, राज्य सरकारों, आदि के द्वारा आयोजित सेमिनारों में भाग लिया। अंगूर उत्पादकों ने क्षेत्र के दौरों के दौरान विभिन्न मुद्दों पर वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। उत्पादक संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा लाभान्वित हुए।

## मानव संसाधन विकास

निदेशक और एक वैज्ञानिक ने मई जून 2011 में फ्रंकफ़र्ट, जर्मनी में आयोजित कीटनाशी अवशेष संगोष्ठी में भाग लिया और

## Post-harvest Technology

In Cabernet Sauvignon, pruning time and bunch load affected must and wine parameters. Retaining 20 bunches/vine resulted in more TSS, anthocyanin and TTA in juice. Wine prepared from early pruned vines had high pH, low TTA, more anthocyanin and alcohol and high colour intensity. Wine from late pruned vines with 30 bunch load was found to contain no sugar and high alcohol content.

In raisins prepared from Tas-A-Ganesh, moisture content, colour intensity and phenol content was significantly affected by pre-treatment of bunches with ascorbic acid prior to dipping. Minimum colour intensity and moisture content was obtained in raisins prepared from bunches pre-treated with ascorbic acid @ 300 ppm.

## Production of Quality Planting Material

Approximately 2.5 Lakh rooted cuttings including grafted and own rooted cuttings of table and wine grapes were multiplied in poly bags. Through the sale of these planting material, the Centre had earned approximately 2.20 lakh rupees as revenue.

## Transfer of Technology

Transfer of technology and information on various aspects of viticulture and enology is made available to the various stakeholders of grape industry by organizing training programmes, making field visits, participation in growers'/ associations' seminars, and interaction with them at the Institute and also placing information on the Institute's website. The scientists participated in seminars organized by various agencies like grape growers' associations, state governments, etc. The grape growers directly interacted with the scientists on various issues during the field visits. Growers were benefited by training programmes organized by the Institute.

## Human Resource Development

The Director and one Scientist participated in Pesticide Residue seminar organized at Frankfurt in

जर्मनी, फ्रांस एवं यूकेस्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया। इन दोनों ने सितंबर 2011 में एओएसी बैठक में एक तकनीकी प्रपत्र प्रस्तुत किया तथा अमेरिका में शिकागो एवं यूके में ब्रिस्टल और लंदन में स्थित एजिलेंट प्रयोगशालाओं का दौरा किया।

डच सरकार की सरकार सरकार परियोजना ढांचे के अंतर्गत एपीडा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में एक वैज्ञानिक की प्रतिनियुक्ति की गयी।

भारत के ओ आई वी के 45वें सदस्य के रूप में नामांकन के बाद, निदेशक ने 24-26 अक्टूबर 2011 के दौरान पेरिस और 27-28 अक्टूबर मोंटेपेलिएर में आयोजित ओ आई वी की बैठकों में भाग लिया।

तीन वैज्ञानिकों, एक प्रशासनिक और एक तकनीकी स्टाफ ने अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## राजस्व आय

प्रशिक्षण परामर्श, अनुबन्ध अनुसंधान और सेवाएँ, पौध सामग्री और अंगूर विक्रय से इस वर्ष ₹ 48.43 लाख के राजस्व की प्राप्ति हुई।

Germany and visited various laboratories in Germany, France and UK in May-June 2011. They were also deputed in September 2011 to participate in AOAC meet and present technical papers apart from visit to laboratories of Agilent in Chicago and Detroit in USA and Bristol and London in UK.

One Scientist was deputed to the Netherlands as a part of the delegation of APEDA under the framework of Government to Government project of the Dutch Government during 10-15$^{th}$ July 2011.

The Director participated in the OIV meetings organized at Paris from 24-26$^{th}$ October 2011 and at Montpellier from 27-28$^{th}$ October after India became 45$^{th}$ member of this international body.

Three scientists, one administrative and one technical staff were trained in different national organizations in their respective field of specialization.

## Revenue Generation

Revenue of ₹ 48.43 Lakhs was generated through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce.

# परिचय
# Introduction

राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केन्द्र की स्थापना जनवरी 1997 में भारत में अंगूर उत्पादन तथा प्रसंस्करण से सम्बधित मुद्दों पर लक्ष्य आधारित अनुसंधान कार्य के लिए हुई। गत 15 वर्षों में संस्थान ने बुनियादी सुविधाओं के विकास, अनुसंधान तथा तकनीकी प्रसार के क्षेत्र में अद्भुत उन्नति की है। प्रारंभ में महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ, मांजरी के कुछ किराये के कमरों में संस्थान कार्य आरम्भ हुआ परन्तु अब संस्थान के पास प्रयोगशाला एवं प्रशासनिक भवन के अलावा जैवनियंत्रण प्रयोगशाला, राष्ट्रीय संप्रेषण प्रयोगशाला, फार्म कार्यालय, किशमिश शैड, तीन पौली/एफआरपी हाउस एवं 35 एकड़ पर फैला प्रयोगात्मक अंगूर क्षेत्र है। संस्थान में अब विश्वस्तरीय अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध हैं जिस में उच्च क्षमता वाले उपकरण और यंत्र शामिल हैं। संस्थान में मूल एवं सामरिक अनुसंधान के लिए आवश्यक अति आधुनिक बुनियादी सुविधायें और उपकरण जैसे एलसीएमएस/एमएस, जीसीएमएस/ एमएस, एमएम-टीओएफ, आईसीपी-एमएम/एमएस, जेनेटिक एनालाइजर, आरटी-पीसीआर मशीन, इरगा, वितान विश्लेषक, वाइन विश्लेषक, एएएस, बहुचैनेल विश्लेषक, प्रोग्रामेबल एलिसा प्लेट रीडर, पादप वृद्धि कक्ष एवं इनक्यूबेटर, उच्च क्षमता की स्टीरियो सूक्ष्मदर्शी, विभिन्न क्षमताओं के अपकेंद्रक उपलब्ध है।

संस्थान राष्ट्रीय अंगूर जीन बैंक का स्थल है और इसके प्रक्षेत्र जननद्रव्य संग्रह में 464 अंगूर प्रविष्टियाँ हैं। उत्कृष्ट सुविधाओं के परिणामस्वरूप देश के अन्य विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त पुणे विश्वविद्यालय, पुणे एवं शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापूर ने परास्नातक शिक्षा के लिए केन्द्र को मान्यता दी है तथा केन्द्र में प्रत्येक वर्ष अनेक छात्र अपनी 6 महीने की परियोजनाओं पर कार्य करते हैं।

केन्द्र की पौधशाला, जिसे राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड से तीन सितारा दर्जा हासिल है, मूलवृन्त एवं खाने तथा वाइन अंगूर की व्यावसायिक प्रजातियों की शुद्ध, रोग मुक्त और असली पादप सामग्री उपलब्ध कराती है। नियमित क्षेत्रभ्रमण, उत्पादकों की सेमिनारों, अंगूर उत्पादकों के साथ चर्चा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के द्वारा प्रौद्योगिकी स्थानांतरण के कारण उत्पादकों एवं अन्य अंगूर उद्योग के हितधारकों के बीच संस्थान की दृश्यता तथा विश्वसनीयता बढी है। एपिडा से वित्तप्रेषित अंगूर निर्यात के लिए कीटनाशक अवशेषों की निगरानी योजना के

National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 to undertake mission-oriented research to address the issues related to grape production and processing in India. During last fifteen years, the institute has made tremendous progress in terms of infrastructure development, research output and technology dissemination. With a few rented rooms in the office of the Maharashtra Rajya Draksh Bagaitdar Sangh (MRDBS) in Manjri in the beginning, the institute now has a laboratory cum administrative building, separate buildings of biocontrol laboratory, National Referral Laboratory, farm office, raisin shed, three poly/FRP houses and experimental vineyards spread over 35 acre. The institute has now world-class research infrastructure in terms of high tech instruments and tools. LC-MS/MS, GC-MS/MS-TOF ICP-MS, genetic analyzer, real time PCR machine, IRGA, canopy analyzer, wine analyzer, AAS, multichannel autoanalyzer, programmable ELISA plate reader, plant growth chamber and incubators, stereo microscopes of high magnification, different types of centrifuges are some of the high end equipments available for conducting basic and strategic research.

The institute is the site for National Grape Gene Bank and has almost 464 grape accessions in its field germplasm collection. Such an excellent infrastructure has resulted in recognition of the Centre for postgraduate studies by Pune University, Pune and Shivaji University, Kolhapur besides other universities in the country and every year several students complete their six months project work at this Institute.

A nursery with a three star rating from National Horticulture Board provides true to type and genuine and disease-free planting material of promising rootstock and commercial table and wine grape varieties. Transfer of technology through regular field visits of scientists of the Institute and their participation in growers' seminars, in house interaction, training programmes and information placed on website has increased the Institute's clear visibility and credibility among the growers and other stakeholders of grape industry. Successful implementation of APEDA funded

सफलतापूर्वक कार्यान्वयन ने संस्थान की महिमा में काफी योगदान किया है।

केन्द्र में अनुसंधान कार्यक्रम भारतीय अंगूर उद्योग की आवश्यकताओं के मूल्यांकन के बाद बनाये जाते हैं तथा उन्हें समय-समय पर पंचवर्षीय समीक्षा टीम एवं अनुसंधान सलाहकार समिति की सिफारिश तथा अंगूर उद्योग के अन्य हितधारकों के अदानों के आधार पर परिवर्तित किया जाता है।

वर्तमान में आनुवंशिक संसाधन और सुधार, उत्पादन प्रौद्योगिकी, पादप स्वास्थ्य प्रबंधन तथा कटाई पश्चात प्रौद्योगिकी, अनुसंधान के व्यापक क्षेत्र है। 15 संस्थानीय अनुसंधान कार्यक्रमों के अलावा, कई बाह्य वित्त पोषित परियोजनायें चल रहीं हैं। केन्द्र में परामर्श सेवाएं एवं अधिदेश से संबंधित अनुबंध अनुसंधान भी प्रगति पर है।

Pesticide Residue Monitoring Plan for export grape has contributed substantially to the stature of the Institute.

The research programmes are formulated after assessing the needs of grape industry in India and modified time to time based on the recommendation of Quinquennial Review Team (QRT), Research Advisory Committee (RAC), and inputs from other grape industry stake-holders.

Presently research is conducted under broad areas of Genetic Resources and Improvement, Production Technology, Plant Health Management and Pre and Post harvest technology. Besides 15 institutional research programmes, several externally funded projects are in progress. The Centre also undertakes consulting and mandate related contractual research.

## अधिदेश / Mandate

अंगूर उत्पादन, उत्पादकता और उपयोग को प्रभावित करनेवाली जैविक एवं अजैविक बाधाओं के हल के लिए मिशन उन्मुख कार्यक्रम के अंतर्गत मूल एवं सामरिक अनुसंधान.

To undertake mission oriented programme involving basic and strategic research for resolving the major biotic and abiotic constraints affecting the grapes production, productivity and utilization.

## अनुसंधान के मुख्य क्षेत्र

- पारिस्थितिकी क्षेत्र विशिष्ट प्रौद्योगिकी विकास और विस्तार
- जल उत्पादकता और पोषकतत्वों की उपयोग दक्षता में वृद्धि
- जलवायु परिवर्तन और तनाव प्रबंधन
- मूल्यवर्धित उत्पाद विकास, खाद्यसुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन
- जैवप्रतिकरण, जैवउर्वरण, जैव-अणु, जैवसुदृढ़ीकरण, जैवरक्षा, जैवसुरक्षा और जैवसंवेदक
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए आईटी आधारित निर्णय समर्थन प्रणाली

## Thrust areas of research

- Eco-region specific technology generation and extension in continuation.
- Enhancement of water productivity and nutrient use efficiency.
- Climate change and management of stresses.
- Value-added product development, food safety and quality assurance.
- Bio-remediation, bio-fertilization,bio-molecules, bio-fortification, bio-safety, bio-security, and biosensors.
- IT-based decision support systems for technology transfer.

## संगठनात्मक संरचना / Organizational set-up



## वित्तीय विवरण / Financial statement

( ₹ लाखों में / ₹ in Lakhs )

| क्र.सं. Sl. No. | शीर्ष/Heads | आर.ई./R.E. 2011-12 | | व्यय /Expenditure 2011-12 | | अंतिम अनुदान Final Grant | | राजस्व आय Revenue Generated |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना Plan | गैर योजना Non-Plan | योजना Plan | गैर योजना Non-Plan | योजना Plan | गैर योजना Non-Plan | |
| 1. | स्थापना प्रभार / Estt. Charges | 7.00 | 244.00 | 6.87 | 243.98 | 7.00 | 244.00 | |
| 2. | ओ.टी.ए. / O.T.A. | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 3. | यात्रा भत्ता / T.A. | 7.00 | 1.00 | 7.00 | 1.00 | 7.00 | 1.00 | |
| 4. | उपकरण / Equipments | 100.00 | 21.00 | 100.00 | 21.00 | 100.00 | 21.00 | |
| 5. | पुस्तकालय पुस्तकें / Library books | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 6. | अन्य प्रभार / Other charges | 130.00 | 94.75 | 130.00 | 94.75 | 130.00 | 94.75 | |
| 7. | निर्माण कार्य / Works | 154.00 | 20.00 | 154.00 | 20.00 | 154.00 | 14.00 | |
| 8. | फर्नीचर / Furniture | 2.00 | 4.00 | 2.00 | 4.00 | 2.00 | 4.00 | |
| 9. | पेंशन / Pension | 0.00 | 0.26 | 0.00 | 0.26 | 0.00 | 0.26 | |
| | कुल / Total | **400.00** | **385.01** | **399.87** | **384.99** | **400.00** | **379.01** | **48.43*** |

*प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबन्ध अनुसंधान और सेवाएँ, पौध सामग्री और कृषि उपज की बिक्री के माध्यम से इस वर्ष ₹ 42.00 लाख के लक्ष्य की तुलना में ₹ 48.43 लाख के राजस्व की प्राप्ति हुई। राजस्व प्राप्ति के अलावा 2011-12 के दौरान ₹ 33.97 लाख सावधि जमा प्राप्तियों पर ब्याज अर्जित किया गया।

*Revenue of ₹ 48.43 Lakhs was generated against the target of 42.00 Lakhs through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce. Interest on term deposit receipts of 33.97 Lakhs was earned apart from the revenue receipts during 2011-12.

## कार्मिक स्थिति / Staff position

| क्र.सं. Sl. No. | पद/Post | पदों की संख्या/Number of posts | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत Sanctioned | भरे Filled | रिक्त Vacant |
| 1. | अनुसंधान और प्रबंधन कार्मिक / Research & Management Personnel | 1 | 1 | 0 |
| 2. | वैज्ञानिक / Scientific | 16 | 15 | 1 |
| 3. | तकनीकी / Technical | 8 | 8 | 0 |
| 4. | प्रशासनिक / Administrative | 13 | 8 | 5 |
| 5. | सहायक / Supportive | 7 | 7 | 0 |
| | **कुल / Total** | **45** | **39** | **6** |

# अनुसंधान उपलब्धियां
# Research Achievements

## आनुवंशिक संसाधन और सुधार

### अंगूर जननद्रव्य संग्रह और सुधार

राष्ट्रीय सक्रिय अंगूर जननद्रव्य में सात नयी प्रविष्ठियां सम्मिलित होने से कुल प्रविष्ठियों की संख्या 464 हो गयी है। दो प्रविष्ठियां (एसओ-4 क्लोन 762 और फरकल क्लोन 242) नारायणगांव से तथा पांच प्रविष्ठियां यथा एच-239 (*वि. टिलीफोलिया* × चीमा साहेबी), एच-533 (*वि. टिलीफोलिया* × गुलाबी), *वि. पामेटा*, एच-700 (*वि. रिपेरिया* × *वि. रुपेस्ट्रिस*) एवं एच-1308 (जेम्स × किशमिश बेलयी) आघारकर अनुसंधान संस्थान, पुणे से प्राप्त की गयी।

### अंगूर जननद्रव्य का विभिन्न स्थानों पर मूल्यांकन

संस्थान में विकसित दो संकर और क्लोनल चयन तथा पहली बार आयातित किस्मों का विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यांकन किया गया, जिनका विवरण तालिका 1 में दिया गया है।

केलिफॉर्निया विश्वविद्यालय, डेविस से पहली बार आयातित चार किस्मों का महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ के प्रक्षेत्रों में लगातार दूसरे वर्ष उपज, गुणवत्ता संबंधित गुण और मणि करारापन के लिए मूल्यांकन किया गया (तालिका 2 और 3)।

### नई अंगूर किस्म / संकर और क्लोनल चयन / उत्परिवर्ती का विकास

सेंटीनियल सीडलैस और किशमिश रोजाविस के क्लोनल चयन क्रमशः मांजरी नवीन और किशमिश रोजाविस व्हाइट एवं दो संकरों यथा ए18-3 (केरोलिना ब्लैक रोज़ × थॉमसन सीडलैस) तथा एएच2-8 (स्पिन साहेबी × ब्लैक मुनक्का) का हारमोन अनुप्रयोग की प्रतिक्रिया निर्धारण किया गया। इन जीनोटाइप में हारमोन अनुप्रयोग से गुच्छा और मणि मापदण्डों में महत्वपूर्ण अन्तर पाया गया (तालिका 4 एवं 5)।

**Fig. 3.** SDS PAGE showing distinct bands of proteins in grape buds extracted using phenol extraction protocol followed by methanolic ammonium precipitation

## जैव रासायनिक और पोषक तत्व विश्लेषण

फल तथा कलिका विभेदन चरणों पर जैव रासायनिक घटक और पोषक तत्वों का विश्लेषण में विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित थॉमसन सीडलैस की पत्तियों में फास्फोरस मात्रा में सार्थक विविधता पाई गयी एवं यह बेहतर फलदायिता से संबंधित थी। सी/एन अनुपात, फास्फोरस, और फलदायिता के बीच सार्थक सहसंबंध देखा गया। सोडियम और क्लोराइड की मात्रा के मध्य नकारात्मक सहसंबंध देखा गया। जबकि केन परिपक्वन अवस्था पर कार्बोहाइड्रेट और सी/एन अनुपात, प्रोटीन मात्रा तथा प्रतिशत फलदायिता में सार्थक सहसंबंध अभिलेखित किया गया।

कलिका स्फुटन चरण पर, 110आर पर कलमित थॉमसन सीडलैस में अधिकतम प्रतिशत कलिका स्फुटन दर्ज किया गया जो कि परओक्सीडेज कार्यशीलता की वृद्धि और सबसे अधिक प्रोटीन मात्रा के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। 110आर पर कलमित तथा स्वमूलित लताओं में अधिकतम फलदायिता अभिलेखित की गई जबकि डॉगरिज और सेंटजॉर्ज मूलवृन्तों पर अल्पतम था (तालिका 14)। प्रतिशत कलिका स्फुटन तथा कलिकाओं में परओक्सीडेज कार्यशीलता के बीच सार्थक सहसंबंध देखा गया। फल स्थापन से विरेजन तक मणि में परओक्सीडेज कार्यशीलता वर्धित हुई और इसके बाद फसल तक कमी हुई। जबकि, पोलीफिनोल ऑक्सिडेज़ गतिविधि फल स्थापन से कटाई तक क्रमशः वर्धित हुई है।

मणि की विभिन्न विकास अवस्थाओं पर फ़िनोलिक यौगिकों सहित एंथोसाइएनिन यौगिकों के विश्लेषण के लिए एचपीएलसी का उपयोग करके एक विधि विकसित की गई (चित्र 4)।

## Biochemical and nutrient analysis

Analysis of biochemical constituents and nutrient elements at fruit bud differentiation stage indicated significant variation in phosphorus concentration in leaves of Thompson Seedless grafted on different rootstocks and it was related to better fruitfulness. Significant correlation was observed between C/N ratio, phosphorus and fruitfulness. Negative correlation was observed between sodium and chloride content. While at cane maturity stage, carbohydrate and C/N ratio, protein content recorded significant correlation with percent fruitfulness.

At bud burst stage, Thompson Seedless grafted on 110R recorded maximum per cent bud burst and is associated with increased peroxidase activity and highest protein content. Maximum fruitfulness was recorded on 110R and own rooted vines while it was least on Dogridge and St. George rootstocks (Table 14). Significant correlation was observed between per cent bud burst and peroxidase activity in the buds. Peroxidase activity in the berries increased from fruit set till veraison and there onwards decreased till harvest. Whereas, the activity of Polyphenol oxidase increased gradually from fruit set till harvest.

A method has been developed for analysis of several phenolic compounds including anthocyanin compounds using HPLC at varying stages of berry development (Fig. 4).



**चित्र 4.** एक चक्र में 16 फिनोलिक पदार्थों के प्रथ्थकरण का क्रोमेटोग्राम
**Fig. 4.** Chromatogram showing separation of 16 phenolic compounds in single run

**तालिका 14.** विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित थॉमसन सीडलैस की कलियों में प्रति शत कलिका स्फुटन, फलदायिता और एंजाइम गतिविधि
**Table 14.** Percent bud burst, fruitfulness and enzymatic activity in buds of Thomson Seedless grafted on different rootstocks

| मूलवृन्त Rootstocks | कलिका स्फुटन Bud burst (%) | फलदायिता Fruitfulness (%) | कली परओक्सीडेज ($\Delta A_{420}$/मि./ग्रा) Bud Peroxidase ($\Delta A_{420}$ /min/g) | कली पोलीफिनोल ऑक्सिडेज़ ($\Delta A_{475}$/मि./ग्रा) Bud PPO ($\Delta A_{475}$/min/g) | कली प्रोटीन (मिग्रा/ग्रा) Bud Protein (mg/g) |
|---|---|---|---|---|---|
| 110आर / 110R | 70.13 | 32.75 | 7.07 | 0.0319 | 0.0634 |
| डॉगरिज / Dogridge | 41.99 | 18.73 | 4.75 | 0.0512 | 0.0426 |
| 1103पी / 1103P | 50.65 | 25.77 | 5.27 | 0.0304 | 0.0553 |
| 99आर / 99R | 58.41 | 27.79 | 4.84 | 0.0524 | 0.0533 |
| सेंट जॉर्ज / St. George | 58.49 | 22.66 | 3.85 | 0.0260 | 0.0626 |
| स्वमूलित / Own root | 54.58 | 32.41 | 5.58 | 0.0323 | 0.0597 |
| एसईएम± / SEm± | 3.515 | 2.336 | 0.253 | 0.0040 | 0.0024 |
| सार्थकतास्तर Level of significance | 0.002 | 0.0072 | <0.0001 | 0.0017 | 0.0005 |

## उपज और फल संयोजन

मूलवृन्तों में, 110आर पर कलमित थॉमसन सीडलैस में अधिकतम उपज दर्ज हुई जिसका अनुसरण स्वमूल लताओं ने किया। सेंट जॉर्ज मूलवृन्त से न्यूनतम उपज अभिलेखित की गई। 99आर और स्वमूल लताओं पर गुच्छों की अधिकतम संख्या दर्ज की गयी। अधिकतम गुच्छ–वजन, मणि वजन, मणि व्यास और लंबाई डॉगरिज मूलवृन्त में दर्ज की गयी, जबकि यह 99आर, सेंट जॉर्ज और स्वमूल लताओं में निम्नतम थी। गुच्छ सुसंहिति (मणि संख्या प्रति सेमी पुष्पक्रम लम्बाई), डॉगरिज मूलवृन्त में न्यूनतम थी जबकि सेंट जॉर्ज मूलवृन्त में उच्चतम थी (तालिका 15)।

फल रचना मानकों के संदर्भ में, विभिन्न मूलवृन्तों की मणि व्यास, मणि लंबाई, कुल घुलनशील ठोस पदार्थ तथा जूस में पोटेशियम मात्रा में सार्थक अंतर नहीं देखे गए (तालिका 16)। हालांकि, डॉगरिज मूलवृन्त पर कलमित थॉमसन सीडलैस के जूस

## Yield and fruit composition

Among the rootstocks, Thompson Seedless grafted on 110R recorded maximum yield followed by those on own rooted vines. Least yield was recorded on St. George rootstock. Maximum number of clusters were recorded on 99R and own rooted vines. Maximum bunch weight, berry weight, berry diameter and length were recorded on Dogridge rootstock, while it was least on 99R, St. George and own rooted vines. Cluster compactness in terms of number of berries per cm of rachis length was lowest on Dogridge rootstock while it was highest on St. George rootstock (Table 15).

With respect to fruit composition parameters, no significant difference was observed among different rootstocks in berry diameter, berry length, TSS and juice potassium content (Table 16). However, significant difference was recorded for sodium content

**तालिका 15.** विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित थॉमसन सीडलैस के उपज घटक
**Table 15.** Yield components of Thompson Seedless grafted on different rootstocks

| मूलवृन्त Rootstocks | गुच्छों की संख्या No. of clusters | औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Average cluster weight (g) | मणि वजन (ग्रा) Berry weight (g) | प्रति लता उपज (किग्रा) Yield per vine (kg) | मणिसंख्या/सेमी पुष्पक्रम लम्बाई No. berries/cm rachis |
|---|---|---|---|---|---|
| 110आर / 110R | 44 | 244.33 | 2.17 | 10.67 | 2.89 |
| डॉगरिज / Dogridge | 37 | 260.33 | 2.34 | 9.37 | 2.35 |
| 1103पी / 1103P | 46 | 203.81 | 1.91 | 9.43 | 3.02 |
| 99आर / 99R | 48 | 158.43 | 1.76 | 7.71 | 2.66 |
| सेंट जॉर्ज / St. George | 35 | 177.56 | 1.79 | 6.16 | 3.15 |
| स्वमूलित / Own root | 49 | 217.06 | 1.83 | 10.62 | 2.89 |
| एसईएम± / SEm± | 2.851 | 3.179 | 0.0684 | 0.591 | 0.189 |
| सार्थकतास्तर Level of significance | 0.011 | 0.0001 | 0.003 | 0.001 | 0.0815 |

**तालिका 16.** विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित थॉमसन सीडलैस के फल रचना मानक
**Table 16.** Fruit composition parameters of Thompson Seedless grapes grafted on different rootstocks

| मूलवृन्त Rootstocks | मणि व्यास (मिमी) Berry diameter (mm) | मणि लम्बाई (मिमी) Berry length (mm) | टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B) | अम्लता Acidity (%) | पीएच pH | पोटॅशियम Potassium (%) | सोडियम Sodium (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 110आर / 110R | 14.43 | 17.10 | 23 | 0.61 | 3.36 | 0.135 | 0.013 |
| डॉगरिज / Dogridge | 15.10 | 19.96 | 24.23 | 0.62 | 3.37 | 0.150 | 0.023 |
| 1103पी / 1103P | 14.00 | 16.23 | 23.4 | 0.66 | 3.34 | 0.143 | 0.019 |
| 99आर / 99R | 13.60 | 15.66 | 23.7 | 0.63 | 3.36 | 0.146 | 0.013 |
| सेंट जॉर्ज / St. George | 13.83 | 15.76 | 23.33 | 0.59 | 3.29 | 0.137 | 0.191 |
| स्वमूलित / Own root | 14.03 | 16.16 | 23.16 | 0.66 | 3.27 | 0.130 | 0.026 |
| एसईएम± / SEm± | 0.312 | 0.397 | 0.345 | 0.484 | 0.570 | 0.008 | 0.0024 |
| सार्थकतास्तर Level of significance | 0.0604 | 0.114 | 0.226 | 0.025 | 0.047 | 0.611 | 0.0195 |

की सोडियम मात्रा में महत्वपूर्ण अंतर दर्ज किया गया एवं स्वमूल लताओं में सोडियम मात्रा उच्चतम तथा 110आर और 99आर मूलवृन्तों में निम्नतम दर्ज की गई थी।

## भारत के पुणे क्षेत्र में कॅबरनेट सॉविग्नॉन की वृद्धि और उपज पर मूलवृन्तों का प्रभाव

सात विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन की प्रयोगात्मक लताओं की फलदायिता के लिए छँटाई नवंबर के पहले सप्ताह के दौरान की गयी थी। अधिकतम छंटाई वजन 101.14एमजीटी में अभिलिखित किया गया जबकि निम्नतम एसओ4 मूलवृन्त पर था। 140आरयू पर अगेती जबकि एसओ4 पर पछेती स्फुटन दर्ज किया गया था। मूलवृन्त–सांकुर अनुपात 101.14एमजीटी, 110आर, 140आरयू, फरकाल एवं 1103पी में एक या अधिक दर्ज किया गया जबकि एसओ4 मूलवृन्त में अनुपात एक से कम था। ग्रावेसेक में अधिकतम और फरकाल में निम्नतम शाखायें दर्ज की गई थीं। ग्रावेसेक में उच्चतम और फरकाल में निम्नतम गुच्छ संख्या दर्ज की गई। 101.14एमजीटी मूलवृन्त पर अधिकतम तथा 110आर पर निम्नतम मणि वजन था। अधिकतम उपज प्रति लता 101.14एमजीटी में अखिलिखित की गई जिसका अनुसरण एसओ4 मूलवृन्त पर कलमित लताओं ने किया जबकि फरकाल मूलवृन्त पर निम्नतम था (तालिका 17)।

## अंगूर और वाइन अंगूर की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए वितान प्रबंधन क्रियायें

### कॅबरनेट सॉविग्नॉन और सॉविग्नॉन ब्लैंक अंगूर की किस्मों के फल संयोजन पर वितान प्रबंधन का प्रभाव

वितान प्रबंधन क्रियाएं जैसे शाख विरलन (एसटी), पर्ण निष्कासन (एलआर) एवं गुच्छ विरलन (सीटी) को अकेले या संयोजन में वाइन अंगूर की दो किस्मों कॅबरनेट सॉविग्नॉन और सॉविग्नॉन ब्लैंक पर अधिरोपित किया गया। शाख विरलन छंटाई के 45 दिनों बाद, गुच्छ विरलन फल स्थापन अवस्था पर और पर्ण निष्कासन विरेजन चरण के दौरान किया गया। सात उपचार एसटी, सीटी, एलआर, एसटी+एलआर, सीटी+ एलआर, एसटी+सीटी, एसटी+सीटी+एलआर थे तथा आठवां अनुपचारित था।

in juice where in Thompson Seedless grafted on Dogridge and own rooted vines recorded highest sodium content while it was least on 110R and 99R rootstocks.

## Influence of rootstocks on growth and yield parameters of Cabernet Sauvignon grapes grown in Pune region of India

Experimental vines of Cabernet Sauvignon grafted on seven different rootstocks were pruned for fruiting during first week of November. Maximum pruning weight was recorded on 10-14Mgt while least was on SO4 rootstock. Early sprouting was recorded on 140Ru while it was late on SO4. Stock-scion ratio of 1 and above was recorded on 101-14Mgt, 110R, 140Ru, Fercal and 1103P while less than 1 was recorded on Gravesac and SO4 rootstock. Maximum number of shoots was recorded on Gravesac while it was least on Fercal. Highest number of clusters was recorded on Gravesac while it was least on Fercal. Berry weight was maximum on 101.14Mgt rootstock while lowest on 110R. Maximum yield per vine was recorded on 101.14Mgt followed by those on SO4 rootstock, while it was least on Fercal rootstock (Table 17).

## Canopy management practices for improving quality of table and wine grapes

### Influence of canopy management on fruit composition of Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc grape varieties

Canopy management practices such as shoot thinning (ST), leaf removal (LR) and cluster thinning (CT) were imposed either singly or in combinations on two wine grape varieties *viz*., Sauvignon Blanc and Cabernet Sauvignon. Shoot thinning was done at 45 days after pruning, cluster thinning was done at fruit set stage and leaf removal was performed during veraison stage. The seven treatments were ST, CT, LR, ST+LR, CT+LR, ST+CT, ST+CT+LR along with control as eighth treatment.

**तालिका 17.** विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन अंगूर के वृद्धि और उपज मापदंड
**Table 17.** Growth and yield parameters of Cabernet Sauvignon grapes grafted on different rootstocks

| उपचार Treatment | मूलवृन्त–सांकुर अनुपात Stock-scion ratio | छंटाई वजन (किग्रा) Pruning weight (kg) | स्फुटन के लिए दिन Days to sprout | टहनियों की संख्या No. of shoots | गुच्छा संख्या No. of Clusters | सौ मणि वजन (ग्रा) 100 Berry weight (g) | उपज/लता (किग्रा) Yield/vine (kg) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 101.14एमजीटी 101.14Mgt | 1.04 | 0.269 | 13.96 | 24.07 | 29 | 107.22 | 2.97 |
| 110आर / 110R | 1.03 | 0.172 | 13.03 | 29.80 | 21 | 90.04 | 1.94 |
| 1103पी / 1103P | 1.09 | 0.222 | 12.72 | 28.07 | 25 | 102.25 | 2.50 |
| 140आरयू / 140Ru | 1.13 | 0.217 | 12.37 | 29.32 | 17 | 93.39 | 1.46 |
| फरकाल / Fercal | 1.28 | 0.242 | 12.96 | 21.35 | 12 | 96.80 | 1.07 |
| ग्रावेसेक / Gravesac | 0.98 | 0.237 | 12.24 | 31.17 | 31 | 97.00 | 2.58 |
| एसओ4 / SO4 | 0.909 | 0.215 | 14.63 | 24.52 | 30 | 105.87 | 2.71 |
| एसईएम± / SEm± | 0.785 | 0.0151 | 0.257* | 1.361 | 3.839 | 3.638 | 0.371 |
| सार्थकतास्तर Level of significance | 0.0528 | 0.0091 | <0.001 | 0.003 | 0.016 | 0.024 | 0.013 |

सॉविग्नॉन ब्लैंक अगेती परिपक्वन किस्म होने के कारण जनवरी के अंतिम सप्ताह में तथा कॅबरनेट सॉविग्नॉन फरवरी के अंतिम सप्ताह में काटी गयी। फल संयोजन मानकों का विश्लेषण वितान प्रबंधन क्रियाओं के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए किया गया।

तालिका 18 में आंकड़े संकेत देते हैं कि विभिन्न वितान प्रबंधन क्रियाओं ने सॉविग्नॉन ब्लैंक में प्रोटीन मात्रा के अलावा सभी मापदंडों के लिए सार्थक अंतर अभिलिखित किए।

कॅबरनेट सॉविग्नॉन में भी फल संयोजन संबंधित मानक वितान प्रबंधन क्रियाओं (तालिका 19) से सार्थक रूप से प्रभावित हुए।

Sauvignon Blanc was harvested during last week of January being early ripening variety, while Cabernet Sauvignon was harvested during last week of February. Fruit composition parameters were analyzed to study the effect of canopy management practices.

The data in table 18 indicated that significant differences were recorded for all parameters except protein content, among different canopy management practices in Sauvignon Blanc.

In Cabernet Sauvignon also all parameters related to fruit composition were significantly affected by canopy management practices (Table 19).

**तालिका 18.** वितान प्रबंधन पद्धतियों का सॉविग्नॉन ब्लैंक अंगूर की फल संरचना पर प्रभाव
**Table 18.** Influence of canopy management practices on fruit composition of Sauvignon Blanc grapes

| उपचार Treatment | मणि वजन (ग्रा) Berry weight (g) | टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B) | पीएच pH | अम्लता Acidity (%) | फिनॉल (एयू/ग्रा) Phenol (AU/g) | प्रोटीन (मिग्रा/ग्रा) Protein (mg/g) | पोटेशियम Potassium (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एसटी / ST | 100.33 | 19.10 | 3.19 | 1.18 | 3.82 | 181.95 | 0.126 |
| सीटी / CT | 115.12 | 20.33 | 3.17 | 1.00 | 4.46 | 228.70 | 0.119 |
| एलआर / LR | 99.21 | 20.16 | 3.06 | 0.90 | 4.86 | 211.44 | 0.109 |
| सीटी + एसटी / CT + ST | 108.03 | 20.60 | 3.17 | 0.98 | 4.98 | 253.68 | 0.121 |
| सीटी + एलआर / CT + LR | 99.64 | 21.33 | 3.19 | 1.05 | 6.01 | 257.26 | 0.115 |
| एसटी + एलआर / ST + LR | 90.94 | 21.13 | 3.27 | 0.93 | 4.56 | 229.98 | 0.111 |
| एसटी + सीटी + एलआर ST + CT + LR | 102.32 | 21.26 | 3.16 | 0.93 | 4.51 | 241.65 | 0.117 |
| अनुपचारित / Control | 98.26 | 19.83 | 3.21 | 1.14 | 3.29 | 202.73 | 0.173 |
| एसईएम± / S Em± | 3.747 | 0.379 | 0.0136 | 0.0467 | 0.332 | 24.621 | 0.0107 |
| सार्थकतास्तर / Level of significance | 0.0148 | 0.0129 | <0.0001 | 0.0051 | 0.0016 | NS | 0.0149 |

## 110आर मूलवृन्त पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन के लिए पोटेशियम मात्रा का मानकीकरण

यह प्रयोग का तीसरा वर्ष था। आठ पोटेशियम स्तर 0 (अनुपचारित) से 600 किलो पोटाश/हे पोटाश सल्फेट के रूप में कॅबरनेट सॉविग्नॉन लताओं पर दिये गए। पोटेशियम एक वर्ष में बारह विभाजनों में प्रयुक्त किया गया था। लताएँ एक समान प्रबंधन परिस्थितियों में उगाई गई। प्रत्येक उपचार में कुल 15 टन फार्म क्षेत्र की खाद/हे सूखे वजन के आधार पर प्रयुक्त की गई थी।

पोटेशियम 100 किलो पोटाश/हे के अनुप्रयोग के फल स्वरूप अनुपचारित की तुलना में औसत उपज और फल गुच्छा संख्या प्रति लता में सार्थक वृद्धि हुई। हालांकि, 100 किलो पोटाश/हे से परे उपज में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं थी (तालिका 20)। पछेती आधारीय छँटाई काल के दौरान पोटेशियम न्यूनता

## Standardizing potassium dose for Cabernet Sauvignon vines grafted on 110R rootstock

This is the third year of the experiment with eight potassium levels ranging from 0 (control) to 600 kg $K_2O$/ha as Sulphate of Potash on Cabernet Sauvignon vines. Potassium was applied in twelve splits in a year. The vines were raised under uniform management conditions. A total of 15t FYM/ha on dry weight basis was applied to each treatment.

Average yield and bunch number per vine increased significantly as a result of potassium application @ 100 kg $K_2O$/ha as compared to control. However, beyond 100 kg $K_2O$/ha there was no significant increase in yield (Table 20). Visual potassium deficiency symptoms were noticed in treatments, Control and 50 kg $K_2O$/haduring later part

**तालिका 19.** वितान प्रबंधन पद्धतियों का कॅबरनेट सॉविग्नॉन अंगूर की फल संरचना पर प्रभाव
**Table 19.** Influence of canopy management practices on fruit composition of Cabernet Sauvignon grapes

| उपचार Treatment | टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B) | पीएच pH | अम्लता Acidity (%) | एंथोसायानिन (मिग्रा/ग्रा) Anthocyanin (mg/g) | फिनॉल (एयू/ग्रा) Phenol (AU/g) | प्रोटीन (मिग्रा/ग्रा) Protein (mg/g) | पोटेशियम Potassium (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एसटी / ST | 20.20 | 3.51 | 0.97 | 1.66 | 5.98 | 219.76 | 0.199 |
| सीटी / CT | 21.33 | 3.52 | 0.94 | 2.39 | 6.17 | 233.28 | 0.191 |
| एलआर / LR | 21.60 | 3.85 | 1.06 | 2.70 | 6.92 | 593.55 | 0.145 |
| सीटी + एसटी / CT + ST | 21.63 | 3.65 | 0.89 | 2.31 | 6.28 | 251.92 | 0.197 |
| सीटी+एलआर / CT + LR | 20.96 | 3.43 | 0.87 | 3.28 | 6.81 | 260.15 | 0.163 |
| एसटी +एलआर / ST + LR | 20.45 | 3.45 | 1.13 | 3.08 | 5.98 | 219.76 | 0.162 |
| एसटी + सीटी + एलआर ST + CT + LR | 23.03 | 3.43 | 0.95 | 2.71 | 6.13 | 226.34 | 0.160 |
| अनुपचारित / Control | 20.13 | 3.45 | 1.07 | 1.76 | 3.67 | 299.51 | 0.221 |
| एसईएम± / S Em± | 0.364 | 0.0863 | 0.0433 | 0.143 | 0.608 | 0.0133 | 0.012 |
| सार्थकतास्तर Level of significance | 0.0007 | 0.0382 | 0.0059 | <0.0001 | 0.0463 | 0.0415 | 0.0142 |

के प्रकटीय लक्षण, अनुपचारित और 50 किग्रा पोटाश/हे में देखे गए (चित्र 5)। कलिका विभेदन एवं पुष्पन अवस्था पर पर्णवृन्त पोषक तत्व का विश्लेषण किया गया। पोटेशियम को छोड़कर, अन्य सभी पोषक तत्वों के लिए दोनों चरणों के नमूनों में उपचारों के बीच कोई सार्थक अंतर नहीं दिखा। हालांकि, दोनों चरणों के नमूनों में पर्णवृन्त में पोटेशियम की मात्रा 200 किलो पोटाश/हे और इससे अधिक उपचारों में अनुपचारित से सार्थक रूप से उच्च थी (तालिका 21 और 22)। पोटेशियम मात्रा में वृद्धि तथा टपकाव बिंदु के पास उच्चतम संचय होने से मृदा पोटेशियम स्थिति में वृद्धि हुई।

of foundation pruning season (Fig. 5). Petiole nutrient content was analysed at bud differentiation stage and flowering stage. Except for potassium content, all other nutrients showed no significant differences between the treatments at both the stages of sampling. However, the petiole K content was significantly higher at 200 kg $K_2O$/ha or more over control at both the stages of sampling (Table 21 and 22). The soil potassium status increased with the increasing K doses with highest accumulation near the dripper point.

**तालिका 20.** 110आर पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्नॉन में पोटॅशियम स्तर का उपज और उपज मापदंडों पर प्रभाव
**Table 20.** Effect of potassium levels on yield and yield parameters of Cabernet Sauvignon vines raised on 110R rootstock

| उपचार ($K_2O$ किग्रा/हे.) Treatment ($K_2O$ kg/ha) | गुच्छा संख्या Bunch number | गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch weight (g) | उपज (टन/हे) Yield (t/ha) | टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B) | अम्लता Acidity (%) | जूस सोडियम (पीपीएम) Juice Na (ppm) | त्वचा सोडियम (पीपीएम) Skin Na (ppm) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टी1 / T1 (control) | 60 | 57 | 11.33 | 22.4 | 0.49 | 57 | 56 |
| टी2 / T2 (50 kg $K_2O$) | 61 | 57 | 11.36 | 22.4 | 0.50 | 48 | 52 |
| टी3 / T3 (100 kg $K_2O$) | 64 | 61 | 12.90 | 22.4 | 0.51 | 56 | 54 |
| टी4 / T4 (200 kg $K_2O$) | 68 | 60 | 13.45 | 22.4 | 0.48 | 52 | 48 |
| टी5 / T5 (300 kg $K_2O$) | 72 | 60 | 14.16 | 22.1 | 0.46 | 52 | 51 |
| टी6 / T6 (400 kg $K_2O$) | 71 | 60 | 14.08 | 22.2 | 0.48 | 53 | 47 |
| टी7 / T7 (500 kg $K_2O$) | 75 | 56 | 13.75 | 22.3 | 0.49 | 47 | 46 |
| टी8 / T8 (600 kg $K_2O$) | 73 | 59 | 14.15 | 22.3 | 0.49 | 52 | 51 |
| एसईएम± / SEm± | 3.57 | 4.06 | 0.71 | 0.33 | 0.028 | 7 | 7 |
| सीडी (पी=0.05) CD (p = 0.05) | 7.65 | NS | 1.52 | NS | NS | NS | NS |

**चित्र 5.** आधारीय छंटाई के दौरान अनुपचारित में पोटैशियम कमी के लक्षण
**Fig. 5.** Potassium deficiency symptoms during foundation pruning season in control

**तालिका 21.** पोटेशियम प्रयोग का फल कली विभेदन अवस्था पर पोषक तत्वों पर प्रभाव
**Table 21.** Effect of potassium application on nutrient content (%) at fruit bud differentiation stage

| उपचार ($K_2O$ किग्रा/हे) Treatment ($K_2O$ kg/ha) | नाइट्रोजन N | फॉस्फोरस P | पोटेशियम K | कैल्शियम Ca | मैग्नीशियम Mg | सोडियम Na |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टी1 (अनुपचारित) / T1 (Control) | 1.01 | 0.54 | 0.60 | 1.54 | 1.36 | 0.19 |
| टी2 (50 किग्रा $K_2O$) / T2 (50 kg $K_2O$) | 1.06 | 0.50 | 0.61 | 1.60 | 1.38 | 0.21 |
| टी3 (100 किग्रा $K_2O$) / T3 (100 kg $K_2O$) | 1.15 | 0.50 | 0.62 | 1.58 | 1.37 | 0.20 |
| टी4 (200 किग्रा $K_2O$) / T4 (200 kg $K_2O$) | 1.18 | 0.52 | 0.70 | 1.57 | 1.34 | 0.19 |
| टी5 (300 किग्रा $K_2O$) / T5 (300 kg $K_2O$) | 1.20 | 0.55 | 0.77 | 1.64 | 1.37 | 0.22 |
| टी6 (400 किग्रा $K_2O$) / T6 (400 kg $K_2O$) | 1.15 | 0.51 | 0.83 | 1.57 | 1.41 | 0.22 |
| टी7 (500 किग्रा $K_2O$) / T7 (500 kg $K_2O$) | 1.22 | 0.51 | 0.85 | 1.63 | 1.31 | 0.21 |
| टी8 (600 किग्रा $K_2O$) / T8 (600 kg $K_2O$) | 1.13 | 0.53 | 0.86 | 1.58 | 1.32 | 0.20 |
| एसईएम± / SEm± | 0.05 | 0.02 | 0.03 | 0.07 | 0.05 | 0.03 |
| सीडी (पी=0.05) / CD (p = 0.05) | NS | NS | 0.07 | NS | NS | NS |

**तालिका 22.** पोटेशियम प्रयोग का पुष्पन अवस्था पर पोषक तत्वों पर प्रभाव
**Table 22.** Effect of potassium application on nutrient content (%) at flowering stage

| उपचार ($K_2O$ किग्रा/हे) Treatment ($K_2O$ kg/ha) | नाइट्रोजन N | फॉस्फोरस P | पोटेशियम K | कैल्शियम Ca | मैग्नीशियम Mg | सोडियम Na |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टी1 (अनुपचारित) / T1 (control) | 0.83 | 0.33 | 1.67 | 1.27 | 1.11 | 0.30 |
| टी2 (50 किग्रा $K_2O$) / T2 (50 kg $K_2O$) | 0.77 | 0.34 | 1.65 | 1.24 | 1.00 | 0.32 |
| टी3 (100 किग्रा $K_2O$) / T3 (100 kg $K_2O$) | 0.78 | 0.32 | 1.69 | 1.20 | 0.91 | 0.31 |
| टी4 (200 किग्रा $K_2O$) / T4 (200 kg $K_2O$) | 0.78 | 0.31 | 1.82 | 1.25 | 1.05 | 0.33 |
| टी5 (300 किग्रा $K_2O$) / T5 (300 kg $K_2O$) | 0.80 | 0.32 | 1.86 | 1.23 | 0.92 | 0.34 |
| टी6 (400 किग्रा $K_2O$) / T6 (400 kg $K_2O$) | 0.78 | 0.32 | 1.85 | 1.24 | 0.90 | 0.31 |
| टी7 (500 किग्रा $K_2O$) / T7 (500 kg $K_2O$) | 0.79 | 0.30 | 1.88 | 1.24 | 1.05 | 0.37 |
| टी8 (600 किग्रा $K_2O$) / T8 (600 kg $K_2O$) | 0.83 | 0.30 | 1.93 | 1.21 | 1.02 | 0.32 |
| एसईएम± / SEm± | 0.06 | 0.03 | 0.14 | 0.05 | 0.07 | 0.03 |
| सीडी (पी=0.05) / CD (p = 0.05) | NS | NS | 0.07 | NS | 0.15 | NS |

## 110आर मूलवृन्त पर कलमित कॅबरनेट सॉविग्रॉन लताओं के लिए सिंचाई कार्यक्रम का मानकीकरण

यह प्रयोग का दूसरा वर्ष है जिसमें छह उपचारों (फसल विकास अवस्था और खुला तसला वाष्पीकरण अभिलेखन पर आधारित सिंचाई कार्यक्रम) को समान प्रबंधन परिस्थितियों में उगाई गई लताओं, जिन्हें लवणीय सिंचाई ईसी 1.99 डीएस/मी दी गई थी, पर लागू किया गया। उपचार विवरण तालिका 23 में दिया गया है। एक-सौ-इक्कीस दिनों की कुल अवधि में बहुधा बारिश के कारण लताओं को बाह्य सिंचाई नहीं दी गई।

विभिन्न सिंचाई कार्यक्रमों के तहत उपज 13.18 से लेकर 14.14 टन/हे तक थी (तालिका 24)। हालांकि, विभिन्न उपचारों के बीच असार्थक अंतर था। उपचार T6, जिसमें कम से कम बाह्य सिंचाई निवेश 196.1 मिमी + 533.5 मिमी वर्षा, को उपज और गुणवत्ता प्रदान करने के लिए पर्याप्त पाया गया जो कि अन्य उच्च सिंचाई उपचारों के बराबर था। पोषण की स्थिति के लिए पर्णवृन्त नमूनों का विश्लेषण आधारीय छँटाई के 45 दिनों बाद एवं पूर्ण पुष्पन अवस्था पर किया गया। दोनों चरणों पर नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटॅशियम की मात्रा में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था। मृदा में उपलब्ध पोषक तत्व कार्बनिक कार्बन 0.87-1.23%, फॉस्फोरस 53.48-87.74 पीपीएम, पोटाश 469-673 पीपीएम, और सोडियम 595-852 पीपीएम थे। यह प्रयोग जारी है।

## डॉगरिज मूलवृन्त पर कलमित शरद सीडलैस लताओं में पर्ण लालिमा और परिगलन के लिए पोषक असंतुलन निदान

शरद सीडलैस तथा इसकी उत्परिवर्ती लताओं में पर्ण लालिमा और परिगलन देखा गया। अंगूर-बाग जो कि सोडियम संपन्न लवणीय जल से सिंचित किये जा रहे हैं, में यह लक्षण सामान्य हैं (चित्र 6)। यह लक्षण पारम्परिक पोटैशियम अभाव से भिन्न थे। शाख की युवा (ऊपरी) पत्तियों पर यह लक्षण पछेती मौसम (केन परिपक्व अवस्था) में पहली बार देखे गए। रोग सूचक पत्तियों ने शुरू में किनारे पर रक्त वर्ण मलिनीकरण दिखाया जिसकी प्रगति बाद में सीमांत परिगलन के रूप में हुई। पत्तियों की ऊपरी तथा निचली दोनों सतह लाल और/या परिगलित हो गईं। जिससे समय से पूर्व पत्तियाँ झड़ी। लक्षणों की तीव्रता एक लता की विभिन्न शाखों पर

## Standardising irrigation schedule for Cabernet Sauvignon vines raised on 110R rootstock

This is the second year of the experiment with six treatments (irrigation schedule based on crop growth stage and recorded open pan evaporation) on vines raised under uniform management conditions using saline irrigation having EC 1.99 dS/m. The treatment details are given in table 23. The vines were not given external irrigation due to frequent rains for a total period of 121 days.

The yield under different irrigation schedules ranged from 13.18 to 14.14 t/ha (Table 24). However, there was no significant difference amongst different treatments. The treatment T6 with least external irrigation input of 196.1 mm plus 533.5 mm of rainfall was found sufficient to provide yield and quality equivalent to other higher irrigation treatments. Petiole samples at 45 days after foundation pruning and full bloom stage were analysed for their nutritional status. There was no significant difference in N, P and K content at both the stages. The soil available nutrient ranged from 0.87-1.23%, 53.48-87.74 ppm, 469-673 ppm, 595-852 ppm for Org. C, $P_2O_5$, $K_2O$ and Na respectively. This experiment is continued.

## Diagnosis of nutrient imbalance on leaf reddening and necrosis in Sharad Seedless vines raised on Dogridge rootstock

Leaf reddening and necrosis have been observed in Sharad Seedless vines and its mutants. The symptoms are common in vineyards being irrigated with saline water rich in sodium (Fig. 6). The symptoms differ from classical K deficiency. Late in the growing season (cane maturity stage), the symptoms were observed first on the younger (upper) leaves on a shoot. The symptomatic leaves initially showed reddish discoloration on the margins which later on progressed as marginal necrosis. Both upper as well as lower surface of the leaves become red and/or necrotic. This leads to premature defoliation. Severity of the symptoms varies on different shoots on a vine i.e. all

**तालिका 23.** फसल वृद्धि अवस्था पर आधारित सिंचाई उपचार का विवरण
**Table 23.** Details of irrigation treatments based on crop growth stage

| वृद्धि अवस्था<br>Growth Stage | टी1<br>T1 | टी2<br>T2 | टी3<br>T3 | टी4<br>T4 | टी5<br>T5 | टी6<br>T6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आधारिय छंटाई/बैक छंटाई / Foundation Pruning/Back Pruning | | | | | | |
| शाख वृद्धि / Shoot growth (1-40 days) | 45* | 45 | 60 | 30 | 30 | 30 |
| फल कली विभेदन / Fruit bud differentiation (41-60 days) | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| केन परिपक्वन और फल कली विकास<br>Cane maturity and fruit bud development (61-120 days) | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| 121 दिन–फल छंटाई / 121 days-fruit pruning | 30 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| फल छंटाई/फोरवर्ड छंटाई / Fruit Pruning/Forward Pruning | | | | | | |
| शाख वृद्धि / Shoot growth (1-40 days) | 45 | 45 | 60 | 30 | 30 | 30 |
| पुष्पन से मणि झड़ना / Bloom to Shatter (40-55 day) | 15 | 30 | 15 | 30 | 30 | 30 |
| मणि वृद्धि एवं विकास / Berry growth and development (56-105 days) | 45 | 30 | 30 | 30 | 15 | 15 |
| परिपक्वन से कटाई / Ripening to Harvest (106-145 days) | 45 | 15 | 15 | 15 | 30 | 15 |
| आराम अवधि / Rest period (20 days after harvest) | 15 | - | 15 | - | 15 | - |

* खुला तसला वाष्पीकरण के आधार पर प्रतिशत पुनःपूर्ति / % replenishment based on open pan evaporimeter

भिन्न थी अर्थात सभी शाखायें एक ही समय पर लक्षण दिखा सकती हैं या नहीं भी दिखा सकती (चित्र 7)। कुछ समय बाद प्रभावित लताएँ काष्ठीय और अनुत्पादक हो गईं। लक्षणों के विकास और पोषक तत्वों में साहचर्य अध्ययन करने के लिए, आधारीय छँटाई के मौसम के दौरान अंगूर–बाग से विभिन्न तत्वों के लिए पर्ण फलक तथा पर्णवृंतों का विश्लेषण किया गया। निदान के लिए एक ही लता पर उपस्थित स्वस्थ और रोग सूचक पत्तियों का उपयोग किया गया तथा आंकड़ों का विश्लेषण स्टूडेंट टी टेस्ट के प्रयोग से किया गया।

the shoots may or may not exhibit symptoms at the same time (Fig.7). The affected vines become woody and unproductive over a period of time. In order to study the association of nutrients with the development of the symptom, leaf blade and petioles were analyzed for different elements from our vineyard during foundation pruning season. Healthy and symptomatic leaves present on the same vines were used for diagnosis and data statistically analysed using Student 't' test.

**तालिका 24.** सिंचाई उपचार का उपज और उपज मानकों पर प्रभाव
**Table 24.** Effect of irrigation treatments on yield and yield parameters

| उपचार Treatment | गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch weight (g) | उपज (टन/हे) Yield (t/ha) | टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B) | अम्लता Acidity (%) | जूस 'सोडियम' पीपीएम Juice 'Na' ppm | कुल सिंचाई (मिमी)* Total irrigation applied (mm)* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टी1 / T1 | 63.0 | 13.79 | 22.08 | 0.56 | 67 | 382.58 |
| टी2 / T2 | 57.0 | 14.14 | 21.93 | 0.55 | 65 | 263.15 |
| टी3 / T3 | 58.0 | 13.31 | 22.08 | 0.55 | 67 | 331.04 |
| टी4 / T4 | 58.0 | 13.84 | 21.80 | 0.54 | 67 | 222.08 |
| टी5 / T5 | 57.0 | 13.65 | 21.93 | 0.56 | 66 | 252.81 |
| टी6 / T6 | 58.0 | 13.18 | 21.88 | 0.56 | 59 | 196.10 |
| एसईएम± / SEm± | 2.3 | 0.816 | 0.14 | 0.012 | 5 | |
| सीडी (पी=0.05) / CD (p = 0.05) | 4.9 | NS | NS | NS | NS | |

* इसके अलावा 533.5 मिमी वर्षा / Plus 533.5 mm rainfall

**चित्र 6.** शरद सिडलेस में पर्ण लालिमा के लक्षण
**Fig. 6.** Sharad Seedless vines exhibiting leaf reddening

**चित्र 7.** एक ही लता पर स्वस्थ एवं प्रभावित शाखा
**Fig. 7.** Healthy and affected shoots on the same vine

स्वस्थ और प्रभावित शाखाओं के पर्णवृंतों तथा पर्ण फलकों के विश्लेषण से पता चला है कि स्वस्थ ऊतकों के नमूनों की तुलना में प्रभावित लताओं के शाखों में सार्थक रूप से निम्न पोटैशियम तथा अधिक सोडियम था। स्वस्थ एवं प्रभावित पत्तियों के पर्ण फ़लक में, पोटैशियम, सोडियम, कैल्शियम तथा मैग्निशियम के संदर्भ में सार्थक अंतर देखे गए, जब कि पर्णवृंत में कैल्शियम तथा मैग्निशियम के संदर्भ में असार्थक अन्तर थे (चित्र 8)। इस प्रकार लक्षण कम पोटेशियम और उच्च सोडियम के स्तर से सम्बन्धित हैं जो कि पौधे के लिए विषाक्त हैं (चित्र 9)। अतः लवणता/ क्षारीयता की स्थिति में पोषक असंतुलन के उचित निदान के लिए पर्ण फ़लक तथा पर्णवृंत दोनों का विश्लेषण आवश्यक है।

Analysis of petiole and leaf blade from healthy and affected shoots showed that affected shoots of the vines contained significantly lower K and significantly higher Na content compared to tissue samples from healthy shoots. In leaf blade, significant differences were observed between healthy and affected leaves with respect to K, Na, Ca and Mg (Fig. 8) whereas, in case of petioles no significant differences were observed in respect of Ca and Mg (Fig. 9). Thus the symptoms appeared to be associated with low potassium content and higher sodium levels which are toxic to plant. Further, to properly diagnose nutrient imbalance under salinity/ sodicity conditions, it is important to analyse both leaf blade as well as petioles.




**चित्र 8.** शरद सीडलैस की प्रभावित और स्वस्थ शाखाओं में पर्ण फलक पोषण संरचना

**Fig. 8.** Leaf blade nutrient composition of affected and healthy shoots of Sharad Seedless vines




**चित्र 9.** शरद सीडलैस की प्रभावित और स्वस्थ शाखाओं में पर्ण वृन्त पोषण संरचना

**Fig. 9.** Leaf petiole nutrient composition of affected and healthy shoots of Sharad Seedless vines

## क्षेत्र में थॉमसन सीडलैस लताओं के पोषण स्तर एवं पाउडरी मिल्ड्यू की व्यापकता में संबंध

खुले मैदान में उगाई गई थॉमसन सीडलैस अंगूर लताओं के पोषण स्तर तथा पाउडरी मिल्ड्यू की व्यापकता का दो विकास अवस्थाओं जैसे अप्रैल छंटाई के 45 दिन तथा 90 दिन बाद, से संबध दो वर्षों 2009 और 2010 में स्थापित किया गया (चित्र 10)। पोषक तत्व निहितता का विस्तार पाने के लिए विभिन्न

## Relationship of nutritional status of field grown Thompson Seedless grapevines with powdery mildew incidence

Nutritional status of open field grown Thompson Seedless grapevines was related with powdery mildew incidence at two growth stages at 45$^{th}$ day and 90$^{th}$ day after April pruning during both 2009 and 2010, respectively (Fig.10). In order to get wide range of nutrient contents, vines grown on different stock- scion

**चित्र 10.** पोटेशियम से पोषित लता (बांईं तरफ) के मुक़ाबले अपोषित लताओं (दाईं तरफ) में गहन पर्ण कुंचन और पाउडरी मिल्ड्यू
**Fig. 10.** Severe leaf curling and higher powdery mildew incidence in unfertilized vines (RHS) compared to vines fertilized with potassium (LHS)

मूलवृन्त-सांकुर संयोजनों पर उगाई गई लताओं से नमूने लिए और रोग की गंभीरता के लिए मूल्यांकन किया गया।

छंटाई के 45 दिन बाद, विभिन्न पोषक तत्वों में, पोटेशियम ने अधिकतम सार्थकता स्तर तथा रोग दर (आर = -0.8170) के साथ नकारात्मक सहसंबंध दिखाया जिसका अनुसरण फॉस्फोरस (आर = -0.4631) ने किया। 90 दिन बाद पोटैशियम ने पुनः नकारात्मक और सार्थक सहसंबंध, रोग दर ($आर^2$=-0.8750) के साथ प्रदर्शित किया (तालिका 25), हालांकि अन्य पोषक तत्वों ने सार्थक सहसंबंध प्रदर्शित नहीं किया। चूंकि एक से अधिक पोषक तत्वों ने नमूने के 45 वें दिन में रोग दर के साथ सार्थक सहसंबंध प्रदर्शन किया अतः क्रमिक प्रतिगमन विश्लेषण किया गया। प्रतिगमन विश्लेषण से भी पाउडरी मिल्ड्यू की व्यापकता में पोटेशियम पोषण के महत्व का पता चला। नत्र, फोस्फोरस, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्निशियम तथा सोडियम ने एक साथ प्रतिगमन में, रोग व्यापकता में 82.7% भिन्नता की व्याख्या की। 45 दिन पर, केवल पोटेशियम रोग व्यापकता में 66.8% भिन्नता के लिए जिम्मेदार था। दूसरे वर्ष के दौरान, नत्र, फोस्फोरस, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्निशियम तथा सोडियम ने एक साथ रोग व्यापकता में 85.7% भिन्नता की व्याख्या की। नमूने के 45 दिन पर, केवल पोटेशियम रोग व्यापकता में 76.6% भिन्नता के लिए जिम्मेदार था।

combinations were sampled and rated for disease severity.

Amongst different nutrients, potassium showed highest degree of significant and negative correlation with the disease rating (r=-0.8170) followed by P (r = -0.4631) at $45^{th}$ day after pruning. At $90^{th}$ day K again exhibited significant and negative correlation (r = -0.8750) with disease rating (Table 25). However, the other nutrients did not exhibit significant correlation. Since more than one nutrient exhibited significant correlation at $45^{th}$ day of sampling with disease rating stepwise regression analysis was carried out. Regression analysis also revealed the importance of potassium nutrition in powdery mildew incidence. N, P, K, Ca, Mg and Na when regressed together accounted for 82.7 % ($R^2$ = 0.8265) variation in disease incidence. Potassium alone accounted for 66.8% variation in disease incidence ($R^2$ = 0.6678) on $45^{th}$ day of sampling. During the second year, N, P, K, Ca, Mg and Na when regressed together accounted for 85.7 % ($R^2$ = 0.8573) variation in disease incidence. Potassium alone accounted for 76.6% variation in disease incidence ($R^2$ = 0.7656) on $45^{th}$ day of sampling.

**तालिका 25.** रोग रेटिंग और पर्णवृंत पोषक तत्व के बीच सहसंबंध गुणांक (आर)
**Table 25.** Correlation coefficient (r) between disease rating and petiole nutrient content

| पोषक तत्व Nutrient (%) | छंटाई के 45 दिन बाद 45th days after pruning | छंटाई के 90 दिन बाद 90th day after pruning |
|---|---|---|
| नाइट्रोजन / N | 0.3536 | 0.3056 |
| फॉस्फोरस / P | -0.4631* | -0.1909 |
| पोटेशियम / K | -0.8170* | -0.8750* |
| कैल्शियम / Ca | 0.4125* | -0.03878 |
| मैग्नेशियम / Mg | 0.4902* | -0.1678 |
| सोडियम / Na | -0.5999* | -0.3390 |
| क्लोराइड / Cl | -0.5837* | -0.2211 |

*पी < 0.05 पर सार्थक / significant at P < 0.05

## जैव-नियंत्रकों के प्रयोग तथा लता के विभिन्न भागों पर होने वाले विकारों सहित अंगूर कार्यिकी

### नव विकसित और आयातित अंगूर की किस्मों के लिए जैव-नियंत्रकों की समय सारिणी का मानकीकरण

जैव-नियंत्रकों की इष्टतम मात्रा के मानकीकरण के लिए मांजरी नवीन, फेंटासी सीडलैस, ऑटम सीडलैस, ऑटम रॉयल, मोर्किश, ब्लश सीडलैस, क्रिमसन सीडलैस तथा रेड ग्लोब पर जीए$_3$ (20 और 30 पीपीएम) और सीपीपीयू (0.25, 0.50 और 1.00 पीपीएम) का 3-4 मिमी पर और फिर 6-7 मिमी मणि आकार अवस्था पर प्रयोग किया गया।

मणि आकार और शेल्फलाइफ में सार्थक अंतर देखे गये। सीपीपीयू और जीए$_3$ की कम मात्रा के प्रयोग ने मिश्रित प्रतिक्रिया दिखाई। सीपीपीयू और जीए$_3$ की कम मात्रा को मणि आकार और लगभग सभी किस्मों की उपज में वृद्धि के लिए प्रभावी पाया गया। परिणामों की पुष्टि के लिए, किस्मों पर परीक्षण कुछ और साल के लिए जारी रखे जायेंगे।

## Grape physiology including use of bioregulators and disorders occurring on various parts of vine

### Standardization of bioregulators schedule for newly developed and introduced grape varieties

To standardize the optimal dose of bioregulators for Manjri Naveen, Fantasy Seedless, Autumn Seedless, Autumn Royal, Morquish, Blush Seedless, Crimson Seedless and Red Globe, different concentrations of $GA_3$ (20 and 30 ppm) and CPPU (0.25, 0.50 and 1.00 ppm) were used at 3-4 mm and again at 6-7 mm berry size stage.

Significant differences in berry sizeand shelf life was observed. Application of CPPU and $GA_3$ showed the mixed response. The lower dose of CPPU and $GA_3$ was found effective to increase the berry size and the yield in almost all the varieties. To confirm the results, the trials on above varieties will be continued for some more years.

## अंगूर लताओं पर होने वाले कार्यिकी विकारों का प्रबंधन

### पुष्पक्रम उभार विकार

पिछले 2-3 वर्षों में यह विकार महाराष्ट्र के कई अंगूर उत्पादकों ने सूचित किया। इस विकार के कारण गुच्छों में विभिन्न स्तरों पर मणि विकास अवरोधित हुआ और उपज में महत्वपूर्ण नुकसान हुआ (तालिका 26)।

## Management of physiological disorders in grape vine

### Rachis swelling disorder

In last 2-3 years this disorder has been reported by many grape growers of Maharashtra due to which berry growth is inhibited there-after with the degree of inhibition varying among clusters, which leads to significant yield losses (Table 26).

**तालिका 26.** पुष्प क्रम उभार विकार का गुच्छा और मणि मापदंडों पर प्रभाव
**Table 26.** Impact of rachis swelling on bunch and berry parameters

| परिमाण / Parameter | स्वस्थ गुच्छे / Healthy bunches | | | | प्रभावित लताएं / Symtpomatic vines | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | औसत/Avg. | 1 | 2 | 3 | औसत/Avg. |
| मणि संख्या/गुच्छा / No. of Berries/bunch | 64 | 76 | 66 | 68.67 | 88 | 49 | 57 | 64.67 |
| गुच्छा वजन (ग्रा) / Bunch weight (g) | 264.2 | 302.66 | 251.66 | 272.84 | 183.33 | 181.66 | 149.36 | 171.45 |
| आकार (मिमी) / Size (mm) | 16.8 | 16.8 | 16.8 | 16.80 | 14.5 | 14.5 | 14.16 | 14.39 |
| लम्बाई (मिमी) / Length (mm) | 18.33 | 18.5 | 19 | 18.61 | 17 | 16.5 | 15.5 | 16.33 |
| कुल ठोस पदार्थ (°ब्रिक्स) / TSS (°B) | 23.5 | 23.3 | 22.5 | 23.10 | 24.3 | 24.3 | 21.5 | 24.30 |
| कुल अम्लता / Total acidity (%) | 0.33 | 0.33 | 0.37 | 0.34 | 0.41 | 0.41 | 0.37 | 0.40 |
| शाख लम्बाई (सेमी) / Shoot length (cm) | 112 | 112.33 | 122.33 | 115.55 | 100.66 | 61.66 | 73.5 | 78.61 |
| केन व्यास (मिमी) / Cane diameter (mm) | 8.34 | 7.71 | 9.07 | 8.37 | 8.17 | 6.55 | 7.22 | 7.31 |
| पर्वांतर दूरी (मिमी) / Internodal distance (mm) | 57.78 | 59.52 | 50.22 | 55.84 | 62.8 | 65.82 | 63.57 | 64.06 |
| केन पर पर्व की संख्या / No. of nodes on cane | 18 | 17 | 22 | 19.00 | 2o | 11 | 17 | 14.00 |
| केन परिपक्वता का स्थान<br>Cane maturity at position | 12 | 12 | 19 | 14.33 | 6 | 5 | 6 | 5.67 |
| केन पर पत्तियों की संख्या / No. of leaves at cane | 19 | 12 | 24 | 18.33 | 19 | 10 | 17 | 13.00 |
| केन पर पीली पत्तियों की संख्या<br>No. of yellow leaves at cane | 0 | 1 | 1 | 1.00 | 4 | 3 | 5 | 4.00 |
| प्रति लता गांठ वाले गुच्छे<br>Bunches with knot/vines | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 8 | 11 | 6 | 8.33 |

विभिन्न कृषि रसायनों के उपयोग से पुष्पक्रम उभार प्रेरित करने के लिए एक अनुकार अध्ययन किया गया। नेफ़थलीन एसिटिक एसिड के उपचार में पुष्पक्रम उभार देखा गया। पूर्ण पुष्पन के तीन से चार सप्ताह बाद पर्णवृन्त गांठ या पुष्पक्रम के साथ असामान्य उभार स्पष्ट हुआ। उस के बाद गुच्छा वजन और मणि विकास अवरुद्ध हुआ। विभिन्न गुच्छों में अवरुद्ध दर में भिन्नता थी। प्रभावित और स्वस्थ फल-गुच्छों के बीच शाख लंबाई और केन परिपक्वता में सार्थक अंतर था। संरचनात्मक अध्ययन से पता चला है कि संवहनी बंडल विशेष रूप से फ्लोएम ऊतकों में संकुचन या अन्तःवृद्धि अंगूर के पुष्पक्रम पर बनने वाली गांठ (असामान्य उभार), के कारण हो सकते हैं।

## कलिका भंजन और अंगूर की गुणवत्ता में सुधार के लिए नए रसायन / बोटनिकल्स

### अंगूर में सीसीसी दृढ़ता और अपव्यय पर अध्ययन

सीसीसी की एमआरएल 1 पीपीएमसे 0.05 पीपीएम करने के कारण वर्ष 2009-10 के दौरान सीसीसी अवशेष के कारण यूरोपीय संघ देशों में, खेप अचानक अस्वीकार हुई। इस समस्या को हल करने के लिए कृषि मंत्रालय के तहत भाकृअनुप ने कदम उठाए और तद्नुसार सीसीसी के लिए पुनः एमआरएल निश्चित करने के लिए आवश्यक आंकडो के लिए 8 विभिन्न स्थानों पर क्षेत्र परीक्षण आयोजित किए गए। सीसीसी का पहला छिड़काव @500 ग्रा/हे 3-5 पत्तीचरण पर, दूसरा छिड़काव @1000 ग्रा/हे 5-7 पत्तीचरण पर अप्रैल छंटाई के बाद एवं तीसरा छिड़काव @250 ग्रा/हे 3-5 पत्तीचरण पर अक्टूबर छंटाई के बाद किया गया। विभिन्न फलाद्रमि अवस्थाओं पर नमूने एकत्र किए गए। विरेजन और कटाई अवस्था के एकत्र नमूने अवशेष विश्लेषण के लिए आईआईबीटी प्रयोगशाला, चेन्नई में भेजे गए।

### अंगूर में क्लोरमीक्वेट क्लोराइड (सीसीसी) 500 ग्रा/ली एसएल (लिहोसिन 50% एसएल) की जैव प्रभावकारिता तथा पादप विषाक्तता का मूल्यांकन

अंगूर की खेती में सीसीसी का उपयोग अपरिहार्य है क्योंकि यह शाख ओज को कम कर देता है और आधारीय छंटाई के दौरान फलन को बढ़ाता है। अंगूर में सीसीसी के अवशेषों के कारण,

A simulation study using different agrochemicals was conducted to induce rachis swelling. Rachis swelling was observed in Naphthalene acetic acid (NAA) treatment. The abnormal swelling becomes apparent at the peduncle node or along with the rachis three to four weeks after full bloom. Bunch weight and berry growth was inhibited thereafter with the degree of inhibition varying among cluster. The shoot length and cane maturity differed significantly between affected and healthy bunches. Anatomical studies revealed that there is in-growth or compression of vascular bundle particularly in phloem tissue which may be the cause for the development of knot (abnormal swelling) on rachis in grapes.

## New chemicals / botanicals for improving bud break and grape quality

### Persistence and dissipation study on CCC in grape

The consignments were rejected due to residues of CCC in EU countries during the year 2009-10, because of sudden reduction of the MRL for CCC from 1 ppm to 0.05 ppm. To resolve this problem, ICAR under Ministry of Agriculture has taken steps and accordingly the trials were planned to generate data for refixing the MRL for CCC. Field trials were conducted at 8 different locations. The CCC was applied 1st spray at 3-5 leaf stage @ 500 g a.i./ha, 2nd spray at 5-7 leaf stage after April pruning @ 1000 g a.i./ha and 3rd spray at 3-5 leaf stage after October pruning @ 250 g a.i./ha. The samples were collected at different phenological stages. The samples collected at veraison and harvest were sent to IIBT Laboratory, Chennai for residue analysis. The results are awaited.

### Evaluation of bioefficacy and phytotoxicity of Chlormequat Chloride (CCC) 500 g/l SL (Lihocin 50% SL) in grapes

The use of CCC is inevitable in grape cultivation since it reduces the shoot vigour and enhances the fruitfulness during the foundation pruning. However, due to presence of residues of CCC in grape, there is need to redevelop or modify the MRL values. Hence,

एमआरएल को पुनः विकसित या संशोधित करने की जरूरत है। इसलिए, बीएएसएफ इंडिया लिमिटेड, ने केंद्र के साथ अंगूर में सीसीसी की जैव प्रभावकारिता तथा पादप विषाक्तता के परीक्षण के लिए एक समझौता किया।

गुच्छा वजन, डंठल की मोटाई, त्वचा की मोटाई, कुल घुलनशील ठोस पदार्थ और अम्लता जैसे मापदंडों में सीसीसी के उपचारों का सार्थक अंतर देखा गया। टी1 गुच्छा वजन, त्वचा की मोटाई में वृद्धि करने में प्रभावी पाया। मणि वजन, मणि लंबाई और मणि व्यास के लिए असार्थक अंतर दर्ज किए गए।

## अंगूर में सिलिक्सोल की जैवप्रभावकारिता

सिलिक्सोल अद्वितीय, स्थिर, अत्यधिक सांद्र सिलिसिक अम्ल का सूत्रीकरण है जो सिलिकॉन का जैव उपलब्ध रूप है, जो पौधों की जड़ों द्वारा लिया जाता है और पादप के सभी अंगों को पहुँचाया जाता है। सिलिक्सोल विभिन्न स्तरों जैसे 1, 2 और 3 ली/हे पर वृद्धि की विभिन्न अवस्थाओं जैसे छंटाई के 15, 30, 45 और 60 दिन बाद दिया गया।

अधिकतम गुच्छा वजन सिलिक्सोल के उपचार @1 ली/हे चार बार 15, 45, 30 और छंटाई के बाद 60 दिनों पर अनुप्रयोग पर मिला। अधिक मणिव्यास 3 ली/हे सिलिक्सोल के छंटाई के 15, 30 और 45 दिन बाद 3 छिड़काव में मिला। मणि वजन, लंबाई और अपचयित शर्करा ने भी इसी प्रवृत्ति का अनुसरण किया।

## अंगूर में वीटोर्मोन की जैव प्रभावकारिता

वीटोर्मोन एक पर्ण तरल जैव उर्वरक है जो कि फसल वृद्धि, ओज और जीवन शक्ति को बढ़ाता है। यह पुष्पन एवं फलदायिता को बढ़ाता है और उपज में वृद्धि होती है।

वीटोर्मोन के विभिन्न स्तरों (0.5, 1 और 2 मिली) को जीए$_3$ (5 और 10 पीपीएम) के संयोजन में वृद्धि के विभिन्न चरणों पर इस्तेमाल किया गया। वीटोर्मोन 1 मिली/ली + जीए$_3$ @10 पीपीएम का इस्तेमाल छंटाई के 11–12 दिन बाद, वीटोर्मोन 1 मिली/ली + जीए$_3$ @30पीपीएम छंटाई के 40–45 बाद और वीटोर्मोन 1 मिली/ली + जीए$_3$ @40 पीपीएम + 2 पीपीएम सीपीपीयू का छंटाई के 75–80 दिन बाद तीसरे इस्तेमाल ने फल

the sponsorer M/s BASF India Ltd., made an agreement with the Centre to test the bioefficacy and phytotoxicity of CCC in grapes.

The significant differences in treatments were observed in various treatments of CCC with respect to parameters like bunch weight, pedicel thickness, skin thickness, TSS and acidity. Among the treatment, T-1 (500 g/ L CCC ppm at 3-5 leaf stage at April pruning) found effective in increasing bunch weight, skin thickness. No significant differences were recorded for berry weight, berry length and berry diameter.

## Bio-efficacy of silixol in grapes

Silixol is a unique formulation of stabilized, highly concentrated silicic acid, the bio available form of silicon which is taken up by plants roots and transported to all plant parts. Silixol at different level *viz*. 1, 2 and 3 L/ha was applied at different stages of growth *viz*. 15, 30 45 and 60 days after pruning.

The maximum bunch weight was recorded in the treatment of silixol @ 1 L/ha with four application at 15, 30, 45 and 60 days after pruning. Similarly berry diameter was recorded more in application of 3 L/ha silixol with 3 sprays at 15, 30 and 45 days after pruning. The berry weight, berry length and reducing sugar content in the berries also followed the same trend.

## Bio-efficacy of vitormone in grapes

Vitormone is a foliar liquid biofertilizer which has boosting effect on crop growth. It also enhances the vigour and vitality of the crop. It increases the flowering and fruiting and results in increase in the yield.

Different levels of vitormone (0.5, 1 and 2 ml) was applied in combination with $GA_3$ (5 and 10 ppm) at different stages of growth. Application of Vitormone 1 ml/L + $GA_3$ @ 10 ppm at 11-12 days after pruning, Vitormone 1 ml/L + $GA_3$ @ 30 ppm at 40-45 DAP and 3$^{rd}$ application at 75-80 DAP with Vitormone 1 ml/L + $GA_3$ @ 40 ppm + 2 ppm CPPU recorded the best results with respect to bunch weight, average berry weight,

**Effect of shoot topping on thrips population in grapes :** Stopping shoot growth by shoot topping was found to be effective in reducing thrips population.

**Evaluation of sticky traps for monitoring and management of insect pests in grapes :** Sticky traps were evaluated for optimum size, height and colour for monitoring and management for two training systems, viz., bower and Y system. None of the traps were found effective for the management of *Scirtothrips dorsalis* Hood. However, yellow sticky traps were found

ऊंचाई पर जेसिड, *एमरेसका बिगुट्टला बिगुट्टला* और एफीड के लिए प्रभावी पाया गया।

**अंगूर में नाशीजीव कीटों की निगरानी और प्रबंधन के लिए प्रकाशपाश का मूल्यांकन :** एनसीआईपीएम द्वारा विकसित फाइन प्रकाशपाश का अंगूर के बगीचों में कीटों की निगरानी के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र के बगीचों में मूल्यांकन किया गया और यह जेसिड, *एमरेसका बिगुट्टला बिगुट्टला* के लिए प्रभावी पाया गया।

## नए कीट और माइट नाशकों का मूल्यांकन

### अंगूर में नए कीट और माइट नाशकों का उनकी जैव प्रभावकारिता और पादप-विषाक्तता के लिए मूल्यांकन

स्पाइरोटेट्रामेट 120 + इमिडाक्लोप्रिड 120–240 एस सी 75+75 ग्राम सक्रिय संघटक/हे थ्रिप्स, मिलिबग एवं माइट के नियंत्रण के लिए प्रभावी पाया गया। एक विस्तृत क्षेत्र अध्ययन में, साइजापाइर 10% ओ डी 0.7 मिली/लीटर पानी की दर से थ्रिप्स को नियंत्रित करने में प्रभावी पाया गया।

## थ्रिप्स प्रबंधन के लिए फलगुच्छ का कीटनाशकों में डुबोकर अनुप्रयोग

स्पाइनोसेड 45 एससी और साइजापाइर 10% ओडी (साएण्ट्रेनिलिप्रोल) का जीए$_3$ (40 पीपीएम) + सीपीपीयू (2 पीपीएम) का दो बार फलगुच्छ उपचारण के साथ युग्मित अनुप्रयोग अंगूर में थ्रिप्स की क्षति को कम करने में कारगर पाया गया।

## नए कीटनाशकों की कवकनाशियों के साथ संगतता

दो नए कीटनाशकों, साइजापाइर 10% ओडी (साएण्ट्रेनिलिप्रोल) और स्पाइरोटेट्रामेट + इमिडाक्लोप्रिड 240 एस सी की संगतता का मूल्यांकन 7 नए कवकनाशियों, क्यूजीयू 42 10% ओडी, मेंकोजेब 75% डब्ल्यूपी, पाइराक्लोस्ट्रोबिन + बोसालिड, मेटिराम 44% + डाइमिथोमोर्फ, डाइमिथोमोर्फ + पाइराक्लोस्ट्रोबिन, सीएचए-1322 और सीएचए- 2440, के साथ किया गया। सभी संयोजनों को भौतिक रूप से संगत पाया गया।

effective for trapping jassids, *Amrasca biguttula biguttula* Ishida and aphids at near ground height.

**Evaluation of light trap for monitoring and management of insect pests in grapes :** Fine Light Trap developed by NCIPM was evaluated for monitoring of insect pests in vineyards at NRCG and was found effective in trapping jassids, *Amrasca biguttula biguttula* Ishida.

## Evaluation of new insecticides and acaricides

### Evaluation of new insecticides and acaricides for their bio-efficacy and phytotoxicity in grapes

Spirotetramate 120 + imidacloprid 120 – 240 SC @ 75+75 g a.i. per ha was found effective against thrips, mealybugs and mites in grapes. Cyazypyr 10% OD @ 0.7 ml per litre water was found effective in controlling thrips in a wide area study after foundation pruning.

## Application of insecticides through bunch dipping for the management of thrips

Spinosad 45 SC and cyantraniliprole 10 OD were found effective in reducing thrips damage when applied along with two bunch dipping applications of $GA_3$ (40 ppm) + CPPU (2 ppm).

## Compatibility of new insecticides with fungicides

Compatibility of two new insecticides, *viz*., cyantraniliprole 10 OD and spirotetramat + imidacloprid 240 SC have been evaluated for 7 new fungicides, *viz*., QGU 42 10% OD, mancozeb 75% WP, pyraclostrobin + bosalid, metiram 44% + dimethomorph, dimethomorph + pyraclostrobin, CHA-1322 and CHA-2440. All the combinations were found physically compatible.

## अंगूर में फ्लीया बीटल-थ्रिप्स-जेसिड-केटेर्पिलर नाशीजीव समूह के लिए रासायनिक प्रबंधन कार्यनीति का विकास

फल छंटाई के बाद पहले 50 दिनों के दौरान, 12 विभिन्न कीटनाशकों का मूल्यांकन जैव प्रभावकारिता के लिए 10 विभिन्न क्षेत्र एवं प्रयोगशाला परीक्षण में, थ्रिप्स और इससे संबद्ध जेसिड, फ्लीया बीटल और केटेर्पिलर नाशीजीव समूह पर किया गया (तालिका 34)। लक्षित नाशीजीव समूह के खिलाफ प्रभावी कीटनाशकों की यह पहचान, कीटनाशक उपयोगों की कुल संख्या को कम करने में सहायक है।

## Development of chemical management strategy for flea beetle-thrips-jassid-caterpillar pest complex in table grapes

Following 12 different insecticides were evaluated through 10 different studies carried out in field as well as in laboratory for their bio-efficacy against thrips and associated insect pest species complex of jassid, flea beetle and caterpillars found during first 50 days after fruit pruning (table 34). This identification of insecticides effective against targeted pest complex is helpful in reducing total number of sprays.

**तालिका 34.** विभिन्न कृषि-रसायनों की फ्लीया बीटल-थ्रिप्स-जेसिड-केटेर्पिलर नाशीजीव समूह के लिए जैव-प्रभावकारिता
**Table 34.** Bio-efficacy of various chemicals against flea beetle-thrips-jassid- caterpillar pest complex

| क्र. सं. Sl. No. | रसायन का नाम Name of chemical | दर Dose | फ्लीया बीटल Flea beetle | थ्रिप्स Thrips | जेसिड Jassid | केटेर्पिलर Caterpillar |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बुप्रोफेजीन 25 एससी / Buprofezin 25 SC | 1.25 | x | x | ✓ | x |
| 2. | थायमेथोक्सेम 25 डब्ल्यूजी / Thiamethoxam 25 WG | 0.25 | ✓ | ✓ | ✓ | – |
| 3. | इमामेक्टिन बेंज़ोएट 5 एसजी / Emamectin benzoate 5 SG | 0.22 | x | ✓ | x | ✓ |
| 4. | लेम्ब्डा साइहेलोथ्रिन 5 सीएस / Lambda cyhalothrin 5 CS | 0.5 | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| 5. | क्लोथाइनिडीन 50 डब्ल्यूडी / Clothianidin 50 WDG | 0.12 | ✓ | ✓ | ✓ | x |
| 6. | फिप्रोनिल 5एससी/80 डब्ल्यूजी / Fipronil 5SC/80 WG | 0.8/ 0.05 | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| 7. | मेथोमिल 40 एसपी / Methomyl 40SP | 1.0 | ✓ | ✓ | ✓ | ✓ |
| 8. | फेनपाइरोक्सिमेट 5 एससी / Fenpyroximate 5 SC | 1.5 | x | - | x | x |
| 9. | स्पाइनोसेड 45 एससी / Spinosad 45 SC | 0.25 | ✓ | ✓ | x | ✓ |
| 10. | सल्फर 80% डब्ल्यूडीजी / Sulphur 80% WDG | 2.0 | x | - | x | x |
| 11. | इमिडकलोपरिड 17.8 एसएल / Imidacloprid 17.8 SL | 0.3 | ✓ | ✓ | ✓ | x |
| 12. | साएण्ट्रोनिलिप्रोल 10 ओडी / Cyantraniliprole 10 OD | 0.7 | ✓ | ✓ | - | ✓ |

✓ : प्रभावी Effective, x : प्रभावी नहीं Not effective

## स्थान विशेष सलाह का विकास और मूल्यांकन

एक कीटनाशक समय-सारणी को चार मुख्य उद्देश्यों के साथ तैयार किया गया: बेहतर कीट और माइट नाशीजीव प्रबंधन, कीटनाशक प्रतिरोधक क्षमता प्रबंधन, कीटनाशक अवशेष प्रबंधन और किसानों के लिए इस जानकारी का प्रसार। समय-सारणी का मूल्यांकन 25 स्थानों पर किया गया। हमारे प्रयोग वाले बगीचों में, किसान की प्रचलित कीट प्रबंधन प्रक्रिया से तुलना में, लगभग सभी स्थानों पर संतोषजनक कीट प्रबंधन के साथ छिड़काव की संख्या में कमी हुई। तीन आगतों, (i) बगीचों में कीटों की आबादी की शुरुआत एवं उतार-चढ़ाव का पता लगाने के लिए पीले चिपचिपे पाश का उपयोग, (ii) बगीचे में से क्रमरहित चुने 20 पौधों पर नाशीजीव कीटों की दैनिक निगरानी और (iii) मौसम पूर्वानुमान; को निर्णय सहायक तंत्र के रूप में प्रभावी पाया गया ।

## अंगूर में कृषि रसायनों के अवशेषों और पर्यावरणीय संदूषकों का प्रबंधन

### नई पीढ़ी के कीटनाशकों की अपव्यय दर पर बदलते अधिकतम अवशेष सीमा के संदर्भ में अध्ययन

#### पिकोक्सीस्ट्रोबिन की दृढ़ता और अपव्यय का अध्ययन

एक क्षेत्र परीक्षण केंद्र के खेत में किया गया। पिकोक्सीस्ट्रोबिन 45% एससी की प्रयोग दर 0.4 और 0.8 मिली/ली थी। नमूनों का लक्षित कीटनाशकों के लिए एलसी-एमएस/एमएस द्वारा विश्लेषण किया गया। अवशेषों के अवक्रमण ने एकल और दुगुनी मात्रा के लिए क्रमश 3.5 और 3 दिनों की अर्ध-आयु के साथ फ़र्स्ट ऑर्डर किनेटिक्स का पालन किया। एकल और दुगुनी प्रयोग की मात्रा पर पीएचआई क्रमशः 3 दिन और 5.5 दिनों का था।

#### फोसेटाइल-अल्युमीनियम के दृढता एवं अपव्यय का अध्ययन

फोसेटाइल-एएल 80% डब्ल्यूपी के व्यापारिक सूत्रण का 2000 और 4000 ग्रा/हे दरों पर अवक्रमण के लिए क्षेत्र परीक्षण किया गया। एनआरएल में विकसित और प्रमाणित विधि द्वारा निष्कर्षण के बाद अवशेषों का एलसी-एमएस/एमएस द्वारा अनुमान लगाया गया। अवशेषों के अवक्रमण ने 2.4 और 2.2 दिनों की अर्ध-आयु के साथ फ़र्स्ट ऑर्डर किनेटिक्स का पालन किया।

## Development and evaluation of location specific advisory

A pesticide schedule was prepared with four main objectives; better insect and mite pest management, pesticide resistance management, residue management and dissemination of information to farmers. The pesticide schedule was evaluated at 25 locations in Nashik, Sangli, Solapur and Pune regions. Total numbers of sprays were reduced with satisfactory pest management in comparison with farmer's practice at almost all locations. Three inputs were found effective as decision support tools, *viz*., (i) yellow sticky traps for ascertaining start of infestation and fluctuation in population of different pests in the vineyard, (ii) monitoring of pests based on daily observations on randomly selected 20 plants and (iii) weather forecast.

## Management of agrochemical residues and environmental contaminants in grapes

### Studies on dissipation rate of new generation pesticides with reference to changing MRLs

#### Persistence and dissipation study of picoxystrobin

A field trial study was conducted at the farm of NRC Grapes. The application rates were 0.4 mL/L and 0.8 mL/L for picoxystrobin 45% SC. The samples were analysed for the residues of the target pesticides by LC-MS/MS using validated methods. The degradation of the residues followed first order kinetics with half-lives 3.5 and 3 days at single and double dose respectively. The PHI was 3 days and 5.5 days at single and double dose of application respectively.

#### Persistence and dissipation study of fosetyl-Al

The degradation of fosetyl-Al was studied by field trial at the application rates of 2000 and 4000 g/ha of the commercial formulation fosetyl-Al 80% WP. Residues were estimated by LC-MS/MS after extraction by the method developed and validated at NRL. The degradation of the residues followed first order kinetics with half-lives of 2.4 and 2.2 days. The PHI was not

अवशेष, प्रयोग के दिन, यूरोपीय संघ द्वारा निर्धारित एमआरएल से नीचे थे इसलिए कटाई पूर्व अंतराल संगत नहीं था।

## इमिडाक्लोप्रिड के उद्ग्रहण का अध्ययन

इमिडाक्लोप्रिड के उद्ग्रहण अध्ययन के लिए क्षेत्र परीक्षण में इमिडाक्लोप्रिड 70 डबल्यूजी के व्यापारिक सूत्रण का 0.6 और 1.2 ग्रा/ली की दर से मृदा में ड्रेंचिंग द्वारा प्रयोग किया गया। एनआरएल द्वारा विकसित और प्रमाणित विधि द्वारा निष्कर्षण के बाद अवशेषों का एलसी-एमएस/एमएस द्वारा आंका गया। फलों में इमिडाक्लोप्रिड के अवशेष संसूचन से कम थे।

## अंगूर में वृद्धि नियामकों की दृढ़ता और अपव्यय का अध्ययन

केंद्र में एक क्षेत्र परीक्षण आयोजित किया गया। नमूनों का फॉरक्लोरफेनयूरॉन (सीपीपीयू), 6 बेंजाइल एडीनाइन (6-बीए), जिब्रेलिक अम्ल (जीए$_3$) और होमोब्रेसिनोलाइड के लिए विश्लेषण किया गया। प्रयोग दर और अवशेष गतिशीलता परिणाम तालिका 35 में दिए गये हैं। वृद्धि नियामकों का प्रयोग मणि स्थापना के बाद 3-4 और 6-7 मिमी मणि आकार अवस्था पर किया गया।

## अंगूर और अंगूर उत्पाद में कृषि-रसायन अवशेषों की निगरानी

### फल और सब्जियों में 375 यौगिकों के विश्लेषण के लिए जीसी-एमएस / एमएस विधि का विकास

लक्षित अनुवीक्षण और 375 कृषि-रसायनों की मात्रा निर्धारण के लिए एक जीसी-एमएस/एमएस आधारित अवशेष विश्लेषण विधि का विकास किया गया जिसका प्रमाणीकरण सफलतापूर्वक पांच विभिन्न उत्पादों (अंगूर, अनार, भिंडी, टमाटर और प्याज) में किया गया। आवश्यक संवेदनशीलता पाने के लिए पीटीवी का उपयोग किया गया। अधिकांश यौगिकों के लिए निर्धारण की सीमा 10 माइक्रोग्रा/ली थी, जोकि उनके संबंधित अधिकतम अवशेष सीमा से भी नीचे थी। प्रतिगमन गुणांक (आर$^2$)>0.99 था जोकि अंशांकन रेखीयता की सीमा 5-250 नैनोग्रा/मिली के भीतर था। 10, 25 और 50 नैनोग्रा/ मिली पर प्राप्ति, 70-110% के भीतर थी जिसका आरएसडी < 20%, जोकि संतोषजनक अंतर-प्रयोगशाला सटीकता को इंगित करता है। जीसी-एमएस/एमएस

applicable since the residues were below the EU-MRL of 100 mg/kg on the initial date of application.

## Uptake study of imidacloprid

The uptake of imidacloprid was studied by field trial with application by soil drenching @ 0.6 and 1.2 g/L of the commercial formulation imidacloprid 70 WG. Residues were estimated by LC-MS/MS after extraction by the method developed and validated at NRL. In berry samples, imidacloprid residues were at below the limit of detection.

## Persistence and dissipation study of growth regulators in grape

A field trial study was conducted at the Center's farm. The samples were analysed for forchlorfenuron (CPPU), 6-benzyl adenine (6-BA), gibberellic acid ($GA_3$) and homobrassinolide. The application rates and residue dynamics results are given in table 35. The growth regulators were applied after berry set at 3-4 mm and 6-7 mm berry size.

## Monitoring of agrochemical residues in grape and grape produce

### Development of GC-MS / MS method for analysis of 375 compounds in fruits and vegetables

A gas chromatography-triple quadrupole mass spectrometry (GC-MS/MS) based residue analysis method was developed for targeted screening and quantification of 375 agrochemicals which was successfully validated in five different matrices *viz*., grape, pomegranate, okra, tomato and onion. The programmable temperature vaporizer (PTV) was used to attain the required sensitivity. The limit of quantification (LOQ) for most of the compounds was <10 µg/L, well below their respective MRLs. The coefficient of regression ($r^2$) was >0.99 within the calibration linearity range of <5-250 ng/mL. The recovery at 10, 25 and 50 ng/mL was within 70-110 % (n=6) with associated RSDs <20 % indicating satisfactory intra-laboratory precision. The GC-MS/MS

**तालिका 35.** वृद्धि नियामकों की अर्ध–आयु और कटाई पूर्व अंतराल का निर्धारण
**Table 35.** Determination of half life and post-harvest interval of growth regulators

| रसायन का नाम Name of chemical | प्रयोग दर (मिग्रा/किग्रा) Application rate (mg/Kg) | अर्ध–आयु (दिन) Half-life (Days) | कटाई पूर्व अंतराल (दिन) PHI (Days) |
|---|---|---|---|
| फॉरक्लोरफेनयूरॉन (सीपीपीयू) Forchlorfenuron (CPPU) | 2 | 5.5 | 18.5 |
| | 4 | 6 | 29 |
| 6 बेंजाइल एडीनाइन (6–बीए) 6-Benzyl Adenine (6-BA) | 10 | 5.6 | 29 |
| | 20 | 6 | 31 |
| जिब्रेलिक अम्ल ($जीए_3$) Gibberellic acid ($GA_3$) | 40 | 3 | सभी प्रयोग दरों में एक घंटे के बाद $जीए_3$ के अवशेष अधिकतम अवशेष सीमा से कम पाये गए। इसलिए कटाई पूर्व अंतराल लागू नहीं होता। Residues of $GA_3$ were below MRL at all application rate 1 h after spraying. Hence the concept of PHI is not applicable. |
| | 80 | 3.5 | |
| होमोब्रेसिनोलाइड Homobrassinolide | 0.3 | प्रयोग के दिन ही अवशेष संसूचन सीमा 0.01 मिग्रा/ किग्रा के नीचे थे इसलिए अर्ध आयु एवं कटाई पूर्व अंतराल लागू नहीं होता। Residues were below the limit of quantification of 0.01 mg/kg on the day of application itself and hence no half-life or PHI applicable for homobrassinolide. | |
| | 0.6 | | |

विधि को 375 यौगिकों के विश्लेषण को 40 मिनट के भीतर करने के लिए इष्टीकृत किया गया।

## अंगूर में 250 यौगिकों के विश्लेषण के लिए एलसी-एमएस/एमएस विधि का विकास

लक्षित अनुवीक्षण और 250 कृषि–रसायनों की मात्रा निर्धारण के लिए एक एलसी–एमएस/एमएस आधारित अवशेष विश्लेषण विधि का विकास किया गया जिसका सफलतापूर्वक अंगूर परिवेश में प्रमाणीकरण किया गया। अधिकांश यौगिकों के लिए परिमाण निर्धारण सीमा 5 माइक्रोग्रा/ली से कम थी, जोकि उनके संबंधित अधिकतम अवशेष सीमा से भी नीचे थी। प्रतिगमन गुणांक (आर$^2$)>0.99 था जोकि अंशांकन रेखीयता की सीमा 2–100 नैनोग्रा/मिली के भीतर था। 5, 10 और 25 नैनोग्रा/मिली पर प्राप्ति, 70–110% के भीतर थी जिसका आरएसडी<20% था, जोकि संतोषजनक अंतर–प्रयोगशाला सटीकता को इंगित करता है।

## Development of LC-MS / MS method for analysis of 250 compounds in grapes

A liquid chromatography-triple quadrupole mass spectrometry based residue analysis method was developed for targeted screening and quantification of 250 agrochemicals which was successfully validated grape matrix. The limit of quantification (LOQ) for most of the compounds was <5 mg/L, well below their respective MRLs. The coefficient of regression ($r^2$) was >0.99 within the calibration linearity range of <2-100 ng/mL. The recovery at 5, 10 and 25 ng/mL was within 70-110 % (n=6) with associated RSDs <20 % indicating satisfactory intra-laboratory precision.

## अंगूर, कपास, मक्का (पत्ती, बीज-तेल) में ग्लाइफोसेट के विश्लेषण के लिए एलसी-एमएस / एमएस विधि का विकास

पादप परिवेशों में ग्लाइफोसेट और एएमपीए के अवशेषों का एलसी–एमएस/एमएस द्वारा विश्लेषण के लिए निष्कर्षण विधि का विकास एवं प्रमाणीकरण किया गया। नमूना तैयारी प्रयोगों में, नमूना आकार, नमूना:निष्कर्षण विलायक अनुपात, व्युत्पन्न प्रक्रिया और विशुद्धीकरण प्रक्रिया का इष्टीकरण शामिल थे।

संक्षेप में, नमूना तैयारी विधि में 10 ग्राम नमूने में निष्कर्षण विलायक के रूप में 40 मिली जल (0.1% फोर्मिक अम्ल से आम्लत) और 40 मिली डाईक्लोरोमिथेन मिलाया गया। मिश्रण को 2 मिनट 10000 आरपीएम पर मिलाकर 5 मिनट के लिए 5000 आरपीएम पर अपकेन्द्रित किया गया, जिससे प्रावस्था का पृथक्करण हुआ। विश्लेषण में, ग्लाइफोसेट और एएमपीए का सी18 स्तंभ (1 मि) पर निर्बल प्रतिधारण था। अवशेषों के प्रतिधारण और संवेदनशीलता में सुधार के लिए उनको व्युत्पित किया गया। 4 मिली ऊपरी जलीय परत में, 1 माइक्रोग्रा/मिली $^{13}$सी$^{15}$एन ग्लाइफोसेट और डी2, $^{13}$सी$^{15}$एन एएमपीए मानकों के 50 माइक्रोली मिश्रण मिलाकर 4 मिली 5% बोरेट बफर (पीएच > 9) और 2 मिली 20 मिलीमो एमएमओसी–सीएल के साथ व्युत्पन्न किया गया। मिश्रण को 10 मिनट तक मिलाकर प्रयोगशाला के तापमान पर रखा गया। व्युत्पित निचोड़ को पानी (0.1% फोर्मिक अम्ल) के साथ तनु किया गया और एचएलबी–एसपीई काट्रिज द्वारा विशुद्ध किया गया। अंतिम दालन को अम्लीय पानी से तनु कर एलसी–एमएस/एमएस द्वारा विश्लेषण किया गया। व्युत्पन्न प्रक्रिया ने संवेदनशीलता को 30 गुणा बढ़ाने में मदद की। दोनों अणुओं के लिए संसूचन सीमा, 0.001 मिलीग्रा/किग्रा थी।

अवशेष मुक्त अंगूर (अंगूर मणि, पर्ण), कपास (पत्ती, बीज और तेल) और मक्का (पत्ती, बीज, और तेल) में 0.001, 0.005 और 0.010 मिलीग्रा/किग्रा सांद्रता स्तर पर पुनःप्राप्ति के प्रयोग छह प्रतिकृतियों के साथ किए गए। प्रत्येक मामले में सुदृढीकरण के तीनों स्तरों पर पुनःप्राप्ति 70–110 थी और इसका आरएसडी<20% था। हॉरविट्ज अनुपात के मामले में, अंतर–प्रयोगशाला परिशुद्धता 0.5 के नीचे था, जोकि पादप परिवेशों और परीक्षित सांद्रता की सीमा में विधि की उपयुक्तता का संकेत है।

## Develoment of LC-MS / MS method for analysis of glyphosate in grape, cotton, corn (leaf, seed oil)

A simple, accurate and rugged extraction method was developed and validated for residue analysis of glyphosate and AMPA in plant matrices by LC-MS/MS. The sample preparation experimentations involved optimization of sample size, sample: extraction solvent ratio, derivatisation step and cleanup process.

In brief, the sample preparation method involved addition of 40 mL of water (acidified with 0.1% formic acid) as extraction solvent to 10 g homogenised sample and 40 mL of dichloromethane for removal of plant matrix. The mixture was then blended at 10000 rpm for 2 min, and centrifuged at 5000 rpm for 5 min which resulted in phase separation. In case of direct analysis, both glyphosate and AMPA had poor retention on C18 column (<1 min). Therefore, the residues were derivatized to improve their retention and sensitivity. To 4 mL of the upper aqueous layer, 50 µL mixture of 1 µg/mL of $^{13}C^{15}N$ glyphosate and D2,$^{13}C^{15}N$ AMPA standards were added, followed by derivatization with 4 mL of 5% borate buffer (pH> 9) and 2 mL of 20 mM FMOC-Cl. The mixture was vortexed for 10 min, allowing the reaction to take place at room temperature. The derivatized extract was diluted with water (0.1% formic acid) and cleaned by passing through HLB SPE cartridge. The final eluate was diluted with acidified water and analyzed by LC-MS/MS. The derivatisation step helped to increase the sensitivity by >30 times in term of S/N ratio. The LOQ was 0.001 mg/kg for both the molecules.

Recovery experiments were carried out in residue free grape (grape berries, leaf), cotton (leaf, seed and oil) and corn (leaf, seed and oil) at concentration levels of 0.001, 0.005, and 0.010 mg/kg in six replicates. Recoveries in each case were within 70-110 % with RSDs <20 % at all three levels of fortification. Interlaboratory precision in terms of Horwitz ratio was below 0.5, indicating the suitability of the method in the range of the plant matrices and concentrations tested.

## निर्यात योग्य और घरेलू नमूने में कृषि-रसायन अवशेषों की निगरानी

निर्यात के 200 नमूनों का उनके यूरोपीय संघ के एमआरएल के अनुपालन के लिए मूल्यांकन किया गया। ये नमूने निर्यात पैकघरों, खेतों और नामित प्रयोगशालाओं से लिए गए और 174 परीक्षण रसायनों के लिए जांच की गई। सभी नमूनों में, उनके अधिकतम अवशेष सीमा से नीचे अवशेष पाये गए जोकि देश में पूर्व फसल अवशेष निगरानी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन का संकेत है।

50 से अधिक घरेलू नमूने फार्म गेटों, स्थानीय बाजार और सुपर बाजार से एकत्र किए गए और भारत सरकार के खाद्य अपमिश्रण रोकथाम अधिनियम के तहत निर्दिष्ट अधिकतम अवशेष सीमा के लिए मूल्यांकन किया गया, सभी नमूनों में अवशेष पीएफए की अधिकतम अवशेष सीमा के नीचे पाए गए।

## भारतीय वाइन में कृषि-रसायन अवशेषों की निगरानी

विभिन्न भारतीय वाइनरीयों से एकत्र ज्यादातर नमूने कीटनाशक अवशेषों से मुक्त थे। कुछ नमूने में, कार्बेण्डाझिम का पता चला, लेकिन, उनकी मात्रा वाइन अंगूर के लिए यूरोपीय संघ के अधिकतम अवशेष सीमा से बहुत नीचे थी।

## भारतीय वाइन की एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि और फिनोलिक संरचना अनुवीक्षण के लिए एक सरल विश्लेषणात्मक विधि का विकास एवं सत्यापन

प्रमुख भारतीय वाइनरी में निर्मित लाल, सफेद और गुलाबी वाइन में कुल और एकल फिनोलिक घटक की स्क्रीनिंग के लिए एक एलसी–एमएस/एमएस विधि मानकीकृत की गई और उन में फिनोलिक मात्रा का उनकी एंटीऑक्सीडेंट गतिविधियों के साथ सहसंबद्ध देखा गया। शराब में कुल पोलीफिनोल की सांद्रता अंगूर की किस्मों और भौगोलिक क्षेत्रों के अनुसार बदलती पाई गई और लाल वाइन में सर्वाधिक मात्रा (1.07–2.62) और तत्पश्चात गुलाबी (0.24–0.49) और सफेद (0.16–0.41) वाइन में थी। रेड वाइन में मुक्त रेडिकल अपमार्जन गतिविधियां गुलाबी और सफेद वाइन की तुलना में अधिक थी और क्रमश: 0.21–0.72, 0.08–

## Monitoring of agrochemical residues in exportable and domestic samples

Almost 200 grape samples for export were assessed for their compliance to the EU-MRL. The samples were collected from export pack houses, farms and nominated testing laboratories and screened for 174 test chemical. In all samples, the residues were found to be below their respective MRLs indicating the successful implementation of the pre-harvest residue monitoring program at the country level.

More than 50 domestic samples were collected from farm gates, local markets and super markets and evaluated with respect to the MRLs specified under the Prevention of Food Adulteration Act of the Government of India and in all samples, the residues were found to be below the PFA MRL.

## Monitoring of agrochemical residues in Indian wine

Samples collected from different Indian wineries were mostly free from pesticide residues. In few samples, carbendazim was detected; however, the value was much below the EU-MRL for wine grapes.

## Development and validation of a simple analytical method for screening the phenolic composition and antioxidant activity of Indian wines

An LC-MS/MS method was standardized for screening of red, white and rose wines produced in major Indian wineries for total and individual phenolic constituents; the contents of which were correlated with the corresponding antioxidant activities. Total polyphenol concentration in wine varied among the grape varieties and the geographic regions where the grapes were grown and was highest in red wine (1.07-2.62) followed by "Rose" (0.24-0.49) and white (0.16-0.41) wines in terms of g/L gallic acid equivalent. Free radical scavenging activities in red wines were higher than "Rose" and white wines, and ranged between 0.21-0.72, 0.08-0.253 and 0.017-0.09 mM trolox equivalent,

0.253 और 0.017–0.09 मिली मोल ट्रोलोक्स के समतुल्य रहा। रेड वाइन में लौह अपचयन एंटीऑक्सीडेंट क्षमता (2.01–7.04 मिली मोल कुएर्सेटिन समतुल्य) गुलाबी (0.46–1.82) और सफेद वाइन (0.07–0.71) से उच्च था। गुच्छ विश्लेषण से वाइन के नमूनों को दो प्रमुख समूहों अर्थात लाल और गुलाबी + सफेद वाइन में स्पष्ट वितरण दिखाया। यह भारतीय वाइन में फिनोलिक संरचना और उसका एंटीऑक्सीडेंट क्षमता के साथ सहसंबंध स्थापित करने का पहला प्रयास है।

## कृषि रसायनों के अवशेषों की दृढता का मृदा एवं जल में अध्ययन

### क्रीसोक्सीम मिथाइल का मिट्टी में अवशोषण एवं अवक्रमण

क्रीसोक्सीम मिथाइल का अवक्रमण दर का भारत की प्रमुख कृषिक मृदाओं में अन्वेषण किया गया। इसके अवशोषण व्यवहार की जाँच परिक्षण मृदाओं पर की गयी। सभी परीक्षण मृदाओं, अर्थात, चिकनी, बलुई–दोमट एवं दोमट–बलुई, में क्षय दर शुरुआत में तीव्र था, जो कि समय के साथ धीमा हो गया। गैर–रेखीय स्वरूप दर्शाते हुए मृदाओं में अवक्रमण की 1–15 दिनों की अर्धआयु वाले द्वि–विभागीय 1+1 गठिय क्रम से सर्वोत्तम रूप से व्याख्या की जा सकी। परिणाम इंगित करते हैं कि कार्बनिक पदार्थ मृदा में क्रीसोक्सीम मिथाइल का अवक्रमण दर को प्रभावित करने में एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। चिकनी मृदा में अवक्रमण दर, सबसे तेज तथा उसके बाद में क्रमशः बलुई–दोमट, एवं दोमट–बलुई मृदाएं। प्राकृतिक एवं जीवाणुनाशित मृदाओं में अवक्रमण दर की तुलना इंगित करती है कि सूक्ष्म जीवाणू अवशेषों के क्षय का प्रमुख मार्ग हो सकते है। क्रीसोक्सीम मिथाइल के अधिशोषण–विशोषण का अध्ययन विभिन्न भौतिक–रासायनिक गुणों वाली चार मृदाओं में किया गया। अधिशोषण का क्रम बलुई–दोमट> चिकनी>दोमट–बलुई था। विशोषण ने इस क्रम का विपरित पालन किया।

### मृदा में हेक्साकोनाजोल का अधिशोषण

ट्रायजोल कवकनाशी हेक्साकोनाजोल का अधिशोषण व्यवहार तीन प्रकार की मृदाओं उदाहरणतः चिकनी, बलुई–दोमट और बलुई, इन सभी मृदाओं में अधिशोषण तीव्र था तथा 12 घंटों के भीतर संतुलन पर पहुंच गया। अधिशोषण का क्रम था, लाल

respectively. The red wines also had higher ferric reducing antioxidant power (2.01-7.04 mM quercetin equivalent) than "Rose" (0.46-1.82) and white (0.07-0.71) wines. The cluster analysis showed clear distribution of wine samples in two prominent clusters namely, red, and "Rose" + white wines. This is the first attempt of its kind to address the individual phenolic composition of Indian wines and their correlation with overall antioxidant capacity.

## Persistence studies of agrochemical residues in soil and water

### Sorption and degradation of kresoxim-methyl in soil

The rate of degradation of kresoxim-methyl, a strobilurin fungicide was explored in major agricultural soils of India. Simultaneously sorption behavior of kresoxim-methyl on test soils was investigated. In all the test soils, *viz*. clay, sandy-loam and loamy-sand, the dissipation rate was faster at the beginning, which slowed down with time, indicating a non-linear pattern of degradation. Degradation in soils could best be explained by two compartment 1st+1st order kinetics with half-life ranging between 1–15 days. The results suggest that organic matter might be playing a major role in influencing the rate of degradation of kresoxim-methyl in soil. The rate of degradation in clay soil was fastest followed by sandy-loam, and loamy-sand soils respectively. Comparison of the rate of degradation in natural against sterilized soils suggests that microbial degradation might be the major pathway of residue dissipation. Adsorption-desorption of kresoxim methyl were studied in four different soils with different physiochemical properties. Adsorption followed the order sandy-loam > clay > loamy-sand. Desorption followed reverse order.

### Sorption of hexaconazole in soil

Sorption behavior of the triazole fungicide *viz*. hexaconazole was investigated in three soils *viz*. clay (C), sandy-loam (SL) and sandy (S). Adsorption was fast in all the three soils and reached equilibrium within

मृदा>काली मृदा>भूरी मृदा जब कि विशोषण ने विपरित क्रम का पालन किया। 298.15 के. के तापमान पर अधिशोषण 277.15 के. की तुलना में इन सभी मृदाओं में तीव्र था।

## कटाई पश्चात प्रौद्योगिकी

### वाइन अध्ययन

#### छंटाई समय और फल गुच्छा भार का कॅबरनेट सॉविग्ऩॉन के द्राक्षारस और वाइन मानकों पर प्रभाव

इस प्रयोग के उपचार, तालिका 36 के अनुसार थे। अन्य भारों की अपेक्षा 20 फल गुच्छों/लता के भार से एकत्र मणियों के रस में अधिक कुल घुलनशील ठोसपदार्थ, एंथोसाइनिन्स और कुल अनुमापित अम्लता दर्ज की गई। छंटाई समय और फल गुच्छाभार के सहभागिता आँकड़े प्रदर्शित करते हैं कि 20 गुच्छों के भार के दूसरी छंटाई से एकत्रित मणियों में सबसे अधिक कुल घुलनशील ठोसपदार्थ (23.05 °ब्रिक्स) था। लेकिन 72% के साथ अधिकतम रस मात्रा 30 गुच्छों/लता के भार के साथ दूसरी छंटाई में थी। कम गुच्छा भार के साथ अगेती छंटाई ने अधिकतम मोनोमेरिक एंथोसाइनिन्स की मात्रा (634.15 मिलीग्रा/ग्रा) के साथ मणियाँ उत्पादित कीं यद्यपि रसवसूली न्यूनतम थी। पीएच के अलावा सभी मापदंडों के लिए विभिन्न उपचारों के बीच सार्थक सांख्यिकीय अंतर था।

ताजी वाइन की गुणवत्ता के मानकों पर फसल भार तथा छंटाई-समय के प्रभाव के आँकड़े तालिका 37 में प्रस्तुत हैं। इस प्रयोग में उत्पादित वाइनें को बहुत फीकी से अत्याधिक फीकी वाइन की श्रेणी के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। छंटाई-समय से संबंधित आंकड़े प्रदर्शित करते हैं कि दूसरी छंटाई की तुलना में पहली छंटाई से उत्पादित वाइन में अधिक पीएच, कम टीटीए, कम अपचयी शर्करा, अधिक मोनोमेरिक एंथोसाइनिन्स, अधिक इथेनॉल और उच्च रंग था। अपचयी शर्करा के अलावा, सभी मापदंडों में विभिन्न उपचारों के बीच सार्थक अंतर था। कम गुच्छा भार यानी 20 गुच्छे/लता से उत्पादित वाइन में कम पीएच, उच्च एंथोसाइनिन्स और उच्च रंग गहनता थी। सहभागिता आंकड़ों से पता चला कि भार के साथ दूसरी छंटाई का संयोजन कम पीएच और उच्च टीटीए के साथ पाया गया।

12 hours.The adsorption followed the order, red soil> black soil> brown soil whereas desorption followed the reverse order.The adsorption at 298.15 K temperature was faster as compared to 277.15 K in all the three soils.

## Post-Harvest Technology

### Studies on wines

#### Effect of pruning time and bunch load on must and wine parameters of Cabernet Sauvignon

The treatments of this experiment were as per table 36. More TSS, anthocyanins and TTA was recorded in the juice recovered from berries collected from load of 20 bunches/vine as compared to other load levels. The data on interaction of pruning time and bunch load showed that the berries collected from second pruning with load of 20 bunches contained maximum TSS (23.05 °B). But maximum juice recovery of 72 was noted from berries of second pruning with load of 30 bunches/vine. Early pruned bunches with lower bunch load produced berries with maximum monomeric anthocyanins content (634.15 mg/g) though the juice recovery was minimum. The differences among the treatments were statistically significant for all the parameters except pH.

The data on effect of pruning time and crop load on quality parameters of young wines are presented in Table 37. The wines produced in this experiment were registered under category of very dried wines to super dried wines. Data related to pruning time showed that the wine made from first pruning had high pH, low TTA, less reducing sugars, more monomeric anthocyanins, more ethanol and high colour intensity in comparison to second pruning. Except reducing sugar, all the parameters were significantly different among treatments. The wine produced from low bunch load i.e. 20 bunches/vine, were with low pH, higher anthocyanins and high colour intensity. Interaction data revealed that the second pruning combination with load was found with lower pH and higher TTA.

**तालिका 36.** छंटाई समय और गुच्छा भार का कॅबरनेट सॉविगग्नॉन के जूस मापदंडों पर प्रभाव
**Table 36.** Influence of pruning time and bunch load on juice parameters of Cabernet Sauvignon

| उपचार Treatment | जूस प्राप्ति Juice recovery (%) | टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B) | पीएच pH | टीटीए (ग्रा/ली) TTA (g/l) | मोनोमेरिक एंथोसाइनिन्स, (मिग्रा/ग्रा) Monomeric anthocyanins (mg/g) |
|---|---|---|---|---|---|
| ए1 (15.09.2011 को छंटाई) / A1 (Pruning on 15.09.2011) | 68.75 | 22.55 | 3.70 | 5.57 | 610.45 |
| ए2 (21.09.2011 को छंटाई) / A2 (Pruning on 21.09.2011) | 71.00 | 22.67 | 3.49 | 6.15 | 609.25 |
| एलएसडी (5% पर) / LSD (at 5%) | 1.52 | 0.07 | 0.007 | 0.079 | 0.861 |
| बी1 (20 फल गुच्छे) / B1 (20 bunches) | 69.00 | 22.97 | 3.59 | 6.02 | 622.37 |
| बी2 (30 फल गुच्छे) / B2 (30 bunches) | 70.75 | 22.25 | 3.59 | 5.70 | 597.29 |
| एलएसडी (5% पर) / LSD (at 5%) | 1.52 | 0.07 | NS | 0.079 | 0.861 |
| ए1बी1 / A1B1 | 68.00 | 22.90 | 3.66 | 5.85 | 634.15 |
| ए1बी2 / A1B2 | 69.50 | 22.20 | 3.74 | 5.30 | 586.70 |
| ए2बी1 / A2 B1 | 70.00 | 23.05 | 3.53 | 6.20 | 610.56 |
| ए2बी2 / A2B2 | 72.00 | 22.30 | 3.59 | 6.10 | 607.89 |
| एलएसडी (5% पर) / LSD (at 5%) | 2.15 | 0.11 | NS | 0.112 | 1.21 |

दूसरी छंटाई के साथ 30 गुच्छाभार से बनी वाइन अधिकतम अल्कोहल के साथ शर्करा विहीन (अत्याधिक फीकी वाइन) थी। जब कि कम भार के साथ पहली छंटाई में अधिक एंथोसाइनिन्स एवं अधिक रंग गहनता पायी गई। शिराज और कॅबरनेट सॉविग्नॉन किस्मों पर दिंडोरी में किए गए सभी प्रयोगों में सभी मापदंडों के लिए अंतर असार्थक थे।

यीस्ट की आरएस-2 और आरएस-3 नामित दो स्थानीय नस्लें, डीएनए अनुक्रमण आंकडें के आधार पर *पिशिया कुड्रियाज़ेवई* के आइसोलेट पाई गईं। इनका अनुक्रमण आंकडा एनसीबीआई में जमा कर दिया गया है, जिनके प्रविष्टि क्रमांक जेएन 566063 और जेएन 566064 हैं।

The wine from second pruning with 30 bunch load was found to contain no sugar (super dry wine), and maximum alcohol content. While first pruning with lower load was found with more anthocyanins and more colour intensity. In experiments conducted at Sula Vineyards Dindori on Shiraz and Cabernet Sauvignon varieties non-significant differences for all the parameters were observed.

Two locally identified yeast strains *viz.*; RS-2 and RS-3 were found to be isolations of *Pichia kudriavzevii* (*Issatchenkia orientalis*) based on DNA sequence data. The sequence data is submitted to NCBI with gene bank accessions JN 566063 and JN 566064.

**तालिका 37.** छंटाई समय और फल गुच्छा भार का कॅबरनेट सॉविग्नॉन की वाइन के मापदंडों पर प्रभाव
**Table 37.** Influence of pruning time and bunch load on parameters of Cabernet Sauvignon young wines

| उपचार Treatment | ईथानोल Ethanol (%) | पीएच pH | टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B) | अपचयी शर्करा (ग्रा) Reducing sugar (g/l) | मोनोमेरिक एंथोसाइनिन्स (मिग्रा/ली) Monomeric anthocyanins (mg/l) | रंग गहनता Colour Intensity |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ए1 (15.09.2011 को छंटाई) A1 (Pruning on 15.09.2011) | 11.02 | 3 .86 | 4.25 | 0.027 | 231.89 | 4.05 |
| ए2 (21.09.2011 को छंटाई) A2 (Pruning on 21.09.2011) | 10.32 | 3.83 | 4.50 | 0.300 | 227.56 | 3.66 |
| एलएसडी (5% पर) / LSD (at 5%) | 0.14 | 0.027 | 0.129 | NS | 0.019 | 0.014 |
| बी1 (20 फल गुच्छे) / B1 (20 bunches) | 10.12 | 3.83 | 4.37 | 0.325 | 232.00 | 4.09 |
| बी2 (30 फल गुच्छे) / B2 (30 bunches) | 11.25 | 3.86 | 4.37 | 0.002 | 227.45 | 3.62 |
| एलएसडी (5% पर) / LSD (at 5%) | 0.14 | 0.027 | NS | NS | 0.019 | 0.014 |
| ए1बी1 / A1B1 | 11.04 | 3.85 | 4.15 | 0.050 | 269.44 | 4.77 |
| ए1बी2 / A1B2 | 11.05 | 3.86 | 4.35 | 0.005 | 194.34 | 3.33 |
| ए2बी1 / A2 B1 | 9.20 | 3.81 | 4.60 | 0.600 | 194.56 | 3.41 |
| ए2बी2 / A2B2 | 11.45 | 3.84 | 4.40 | 0.000 | 260.56 | 3.92 |
| एलएसडी (5% पर) / LSD (at 5%) | 0.204 | 0.022 | 0.183 | NS | 0.027 | 0.020 |

## किशमिश पर अध्ययन

ताश-ए-गणेश अंगूर के फल गुच्छों को इथाइल ओलिएट और पोटेशियम कार्बोनेट के विभिन्न संयोजनों में 2 मिनट के लिए डुबोया गया। आँकड़े तालिका 38 में प्रस्तुत हैं। इथाइल ओलिएट और पोटेशियम कार्बोनेट के संयोजनों ने किशमिश में नमी की मात्रा, रंग गहनता और कुल फिनोल मात्रा को सार्थक रूप से प्रभावित किया। न्यूनतम रंग गहनता टी1 में लिखित हुई जिसका अनुसरण टी2 ने किया।

## Studies on raisin

The bunches of Tas-A-Ganesh grapes were dipped in various combinations of ethyl oleate and potassium carbonate for 2 min. The data is presented in Table 38. The combinations of ethyl oleate and potassium carbonate significantly affected moisture content, colour intensity and total phenol content of raisins. Minimum colour intensity was noted in T1 followed by T2.

**तालिका 38.** इथाइल ओलिएट और पोटेशियम कार्बोनेट द्वारा फल गुच्छों के पूर्व उपचार का किशमिश मापदंडों पर प्रभाव
**Table 38.** Effect of preteratment of bunches with ethyl oleate and potassium carbonate on parameters of raisins

| उपचार Treatments | कुल फिनोल (मिग्रा/मिली) Total Phenol (mg/ml) | रंग गहनता Colour Intensity | नमी मात्रा Moisture Content (%) |
|---|---|---|---|
| टी1 / T1 (15 ml eo +30 g pc)* | 2.04 | 4.62 | 12.09 |
| टी2 / T2 (15 ml eo + 40 g pc) | 2.14 | 6.01 | 11.66 |
| टी3 / T3 (15 ml eo + 50 g pc) | 2.35 | 8.29 | 14.33 |
| टी4 / T4 (20 ml eo + 30 g pc) | 2.52 | 9.51 | 13.65 |
| टी5 / T5 (20 ml eo + 40 g pc) | 2.37 | 8.55 | 13.06 |
| टी6 / T6 (20 ml eo + 50 g pc) | 2.62 | 8.56 | 13.57 |
| टी7 / T7 (25 ml eo + 30 g pc) | 2.37 | 6.23 | 15.98 |
| टी8 / T8 (25 ml eo + 40 g pc) | 3.02 | 7.96 | 12.06 |
| टी9 / T9 (25 ml eo + 50 g pc) | 2.93 | 6.49 | 18.45 |
| सीडी (पी = 0.05) / CD (p = 0.05) | 0.045 | 0.071 | 1.308 |
| एसईएम± / SEm± | 0.020 | 0.031 | 0.578 |

* eo : इथाइल ओलिएट Ethyl oleate, pc: पोटेशियम कार्बोनेट potassium carbonate

## ऐस्कोर्बिक अम्ल उपचार का अंगूर शुष्कन पर प्रभाव

ऐस्कोर्बिक अम्ल उपचार का अंगूर शुष्कन पर प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए, अंगूरों को दो सेटों में इस्तेमाल किया गया। पहले सेट में फल-गुच्छों को ऐस्कोर्बिक अम्ल की विभिन्न सांद्रताओं से 2 मिनट के लिए पूर्व-उपचार से एक घंटे पहले उपचारित किया गया, और दूसरे सेट में शुष्कन के दूसरे दिन विभिन्न सांद्रता के ऐस्कोर्बिक अम्ल घोल का छिड़काव किया गया। शुष्कन से पूर्व ताश-ए-गणेश अंगूर के फल गुच्छों को इथाइल ओलिएट (15 मिलीग्रा/ली) और पोटेशियम कार्बोनेट (25 ग्रा/ली) के घोल में 2 मिनट के लिए डुबोया गया। तालिका 39 में प्रस्तुत आँकड़े संकेत देते हैं कि नमी की मात्रा, रंग गहनता और फिनोल मात्रा अनुपचारित की तुलना में अंगूर फल-गुच्छों के इथाइल ओलिएट और पोटेशियम कार्बोनेट के घोल मे डुबोने से पूर्व

## Influence of ascorbic acid treatments on the drying of grapes

To evaluate the effect of the ascorbic acid treatments on grape drying, two sets of grapes were used. In first set, bunches were treated for 2 minutes with different concentrations of ascorbic acid one hour before pretreatment and in second set, ascorbic acid solution of various concentrations were sprayed on second day of drying. The bunches of Tas-A-Ganesh were dipped in solution of ethyl oleate (15 mL/L) and potassium carbonate (25 g/L) for 2 min before drying. The data presented in table 39 indicated that the moisture content, colour intensity and phenol content was significantly affected by treatment of grape bunches with ascorbic acid prior to dipping in solution of ethyl oleate and potassium carbonate when compared

ऐस्कोर्बिक अम्ल से उपचारित करने पर सार्थक रूप से प्रभावित हुई। टी3 में न्यूनतम रंग गहनता और नमी मात्रा लिखित हुई जिसमें फल-गुच्छों को 300 पीपीएम ऐस्कोर्बिक अम्ल के घोल से उपचारित किया गया था।

फल गुच्छा सुखाने के दूसरे दिन ऐस्कोर्बिक अम्ल की विभिन्न सांद्रता के छिडकाव का भी अध्ययन किये गए मापदंडों पर प्रभाव पड़ा। तालिका 40 में प्रस्तुत आंकड़ों से परिलक्षित होता है कि ऐस्कोर्बिक अम्ल की सांद्रता बढ़ाने पर किशमिश में फिनोल-मात्रा में वृद्धि हुई। फल-गुच्छा शुष्कन में ऐस्कोर्बिक अम्ल के छिड़काव से रंग तीव्रता और नमी मात्रा कम हो गई। हालांकि, अधिकतम नमी मात्रा टी3 में पाई गई जिसका अनुसरण अनुपचारित द्वारा किया गया। ऐस्कोर्बिक अम्ल इस्तेमाल से किशमिश में रंग गहनता पर प्रभाव की तुलना की गई तथा चित्र 13 में प्रदर्शित किया गया है। पूर्वोपचार की तुलना में ऐस्कोर्बिक अम्ल का शुष्कन के दूसरे दिन इस्तेमाल से कम रंग गहनता देखी गई।

with control. Minimum colour intensity and moisture content was noted in T3 where bunches were treated in solution of 300 ppm ascorbic acid.

The spray of various concentrations of ascorbic acid on second day of bunch drying also had impact on studied parameters. The data presented in table 40 reflected that phenol content of raisins increased with increase in concentration of ascorbic acid. Colour intensity and moisture content were reduced when ascorbic acid was sprayed on drying bunches. However, maximum moisture content was noted in T3 followed by control. Effect of ascorbic application on colour intensity of raisins is compared and presented in Fig.13. Less colour intensity was observed in ascorbic acid application on second day of drying when compared to pretreatment.




**चित्र 13.** ऐस्कोर्बिक अम्ल अनुप्रयोग का किशमिश की रंग गहनता पर प्रभाव

**Fig. 13.** Effect of ascorbic acid application on colour intensity in raisins

**तालिका 39.** ऐस्कोर्बिक अम्ल के पूर्व उपचार का किशमिश मापदंडों पर प्रभाव
**Table 39.** Effect of pretreatment of ascorbic acid on raisins parameters

| उपचार Treatments | कुल फिनोल (मिग्रा/मिली) Total Phenol (mg/ml) | रंग गहनता Colour Intensity | नमी मात्रा Moisture Content (%) |
|---|---|---|---|
| टी1 (ऐस्कोर्बिक अम्ल @ 100 पीपीएम) T1 (Ascorbic acid @ 100 ppm) | 3.578 | 9.46 | 13.01 |
| टी2 (ऐस्कोर्बिक अम्ल @ 200 पीपीएम) T2 (Ascorbic acid @ 200 ppm) | 2.301 | 8.35 | 16.02 |
| टी3 (ऐस्कोर्बिक अम्ल @ 300 पीपीएम) T3 (Ascorbic acid @ 300 ppm) | 2.405 | 8.11 | 12.25 |
| टी4 (अनुपचारित) / T4 (Control) | 2.271 | 9.18 | 17.35 |
| सीडी (पी= 0.05) / CD (p = 0.05) | 0.122 | 0.081 | 0.367 |
| एसईएम± / SEm± | 0.0442 | 0.029 | 0.132 |

**तालिका 40.** ऐस्कोर्बिक अम्ल के छिड़काव का किशमिश गुणवत्ता पर प्रभाव
**Table 40.** Effect of ascorbic acid spray on raisin quality

| उपचार Treatments | कुल फिनोल (मिग्रा/मिली) Total Phenol (mg/ml) | रंग गहनता Colour Intensity | नमी मात्रा Moisture Content (%) |
|---|---|---|---|
| टी1 / T1 | 4.573 | 6.951 | 10.96 |
| टी2 / T2 | 5.019 | 6.356 | 11.91 |
| टी3 / T3 | 4.729 | 6.490 | 14.46 |
| टी4 / T4 | 4.202 | 7.344 | 12.80 |
| सीडी (पी= 0.05) / CD (p = 0.05) | 0.144 | 0.115 | 0.092 |
| एसईएम± / SEm± | 0.051 | 0.041 | 0.033 |

# सहयोगी, बाह्य वित्त पोषित, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श परियोजनाएं
# Collaborative, Externally Funded, Contract Research and Consultancy Projects

## सहयोगात्मक और बाह्य वित्त पोषित परियोजनाएं
## Collaborative and externally funded projects

### भारत से यूरोपीय संघ के देशों को अंगूर के निर्यात के लिए कीटनाशक अवशेषों की निगरानी के लिए राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला (एपीडा द्वारा वित्त पोषित)

इस संस्थान के अंतर्गत वर्ष 2003–04 में एपीडा, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला (एनआरएल) स्थापना के बाद, अवशेष मॉनिटरिंग योजना का यह नौवाँ साल था। प्रारम्भ में एनआरएल खाने योग्य अंगूर में कीटनाशक अवशेषों की निगरानी के लिए स्थापित किया गया था।

वर्तमान में तीन राज्यों अर्थात महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक को इस योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है क्योंकि इन राज्यों में निर्यात के लिए अंगूर उत्पादित हो रहा है। अंगूर निर्यात करने वाले खेत, संबंधित राज्यों के कृषि विभागों के साथ पंजीकृत हैं। हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, इन राज्यों में अंगूर के निर्यात के लिए कुल पंजीकृत खेतों की संख्या 15,840 थी। इनमें से 15,757 खेत सिर्फ महाराष्ट्र से थे।

कीटनाशक अवशेषों की निगरानी योजना के तहत नौ एपीडा नामित प्रयोगशालाओं जैसे आरबो फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (दिल्ली), रिलाएबल लेबोरेटरीज (ठाणे), दिल्ली टेस्ट हाउस (दिल्ली), एसजीएस प्रयोगशाला (चेन्नई), माइक्रोकेम प्रयोगशाला प्रा. लिमिटेड (मुंबई), राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान और विकास फाउंडेशन (एनएचआरडीएफ, नासिक), जिओकेम प्रयोगशाला (मुंबई), नेशनल कोलेटरल मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (हैदराबाद) और टीयूवी इंडिया लिमिटेड (पुणे) ने सक्रिय रूप से अंगूर नमूने लेने और अवशेषों की जांच में भाग लिया। इसके अलावा, 6 नामित प्रयोगशालाओं अर्थात कीटनाशक अवशेष परीक्षण प्रयोगशाला (पुणे), ट्रु एनालिटिका (चेन्नई), सरगम लेबोरेटरी (चेन्नई), इंटर फील्ड लेबोरेटरीज (कोच्चि), श्रीराम औद्योगिक अनुसंधान संस्थान (बंगलौर), एसजीएस इंडिया लिमिटेड ने प्रवीणता परीक्षण (पीटी) राउंड में भाग लिया, लेकिन इस साल इन्होने ग्रेपनेट के तहत निर्यात अंगूर नमूनों का विश्लेषण नहीं किया।

### National Referral Laboratory for monitoring pesticide residues for export of table grapes from India to EU countries (funded by APEDA)

This was the nineth year of the Residue Monitoring Plan, initiated by the APEDA, Ministry of Commerce, Government of India in 2003-04 through the National Referral Laboratory (NRL) set up under this institute. The NRL was initially set up for monitoring of pesticide residues in table grapes.

Presently three states *viz*. Maharashtra, Andhra Pradesh and Karnataka are covered under this plan since exportable grapes are produced in these states. The farms from where table grapes are to be exported are registered with the Agricultural Departments of the respective grape growing states. The total registered farms for export of table grapes as per our records in these states were 15840. Out of these farms, 15757 farms were from Maharashtra alone.

Under the Pesticide Residue Monitoring Plan, nine APEDA nominated laboratories *viz*., Arbro Pharmaceuticals Ltd. (Delhi), Reliable Laboratories (Thane), Delhi Test House (Delhi), SGS laboratories (Chennai), Microchem Laboratory Pvt. Ltd. (Mumbai), National Horticulture Research and Development Foundation (NHRDF, Nashik), Geo-Chem Laboratories (Mumbai), National Collateral Management Services Ltd (Hyderabad), and TUV India Ltd. (Pune) actively participated in drawing of samples and residue monitoring. In addition, 6 more nominated laboratories *viz*. Pesticide Residue Testing Laboratory (Pune), True Analytica (Chennai), Sargam Laboratory (Chennai), Interfield Laboratories (Kochi), Shriram Institute for Industrial Research (Bangalore), SGS India Ltd participated in the proficiency test (PT) rounds organized by the NRL, but they did not analyze any export grape samples under the Grapenet in this year.

## प्रवीणता परीक्षण

नामित प्रयोगशालाओं के बीच पहला प्रवीणता परीक्षण दौर 18 नवम्बर 2011 को विभिन्न रसायनों जैसे एट्राजीन, क्लोरपाइरीफोस, डाइ मेथोएट, इथोफ़ेन्प्रोक्स, इप्रोवलिकर्ब, लेम्डा–साइहेलोथ्रिन, ट्राईएज़ोफोस, ट्राईफ्लोक्ज़िस्ट्रोबिन के लिए आयोजित किया गया । गोपनीयता बनाए रखने के लिए भाग लेने वाली प्रत्येक 16 प्रयोगशालाओं और राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला को एक अद्वितीय कोड संख्या दी गई। पीटी नमूने इन प्रयोगशालाओं के बीच अक्रमतः वितरित किए गए और उन्हे एनआरएल को परिणाम प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। अंतर्राष्ट्रीय प्योर एवं एप्लाइड कैमिस्ट्री संघ द्वारा जारी प्रवीणता परीक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगत प्रोटोकॉल (2005) के अनुसार प्रयोगशालाओं के परिणाम मूल आंकड़ों से मिलाए गए और सही मूल्यों और विभिन्न प्रयोगशालाओं के लिए प्रत्येक रसायन के लिए जेड स्कोर निर्धारित किया गया। पीटी परीक्षण के परिणाम से यह पाया गया कि अधिकांश भागीदार प्रयोगशालाओं के लिए जेड स्कोर संतोषजनक थे।

दूसरा परीक्षण दौर 5 जनवरी 2012 को आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में, 15 एपीडा नामित प्रयोगशालाओं और राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला ने भाग लिया। प्रयोगशालाओं को निगरानी सूची के सभी 174 रसायनों के लिए नमूने का विश्लेषण करने के लिए कहा गया। नमूने में एट्राजीन, बुप्रोफेज़ीन, ट्राईएज़ोफोस, प्रोफेनोफोस, क्लोरपाइरीफोस मिथाइल, लेम्डा–साइहेलोथ्रिन और β–एचसीएच मिलाये गए। 12 प्रयोगशालाओं अर्थात नेशनल कोलेटरल मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड (हैदराबाद), एनएचआरडीएफ (नासिक), रिलाएबल (ठाणे), जिओकेम (मुंबई), एसजीएस (चेन्नई), माइक्रोकेम (मुंबई), इंटर फील्ड (कोच्चि), सरगम (चेन्नई), ट्रु एनालिटिका (चेन्नई), टीयूवी (पुणे), विमटा (हैदराबाद) और डीटीएच (दिल्ली) के परिणाम, मिलाये गए कीटनाशकों की पहचान और 'जेड' स्कोर के संबंध में संतोषजनक रहे और इन्हे एनआरएल द्वारा ग्रेपनेट सॉफ्टवेयर प्रणाली के उपयोग की अनुमति दी गई।

प्रभावी तत्परता और प्रयोगशाला के मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए एक और परीक्षण दौर का आयोजन 11 मार्च 2012 को किया गया और परिणाम के आधार पर आरबो फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (दिल्ली) को अंगूर परीक्षण के लिए अधिकृत किया गया।

## Proficiency test

The first Proficiency Testing (PT) round among the nominated laboratories was organized on 18th November 2011 for the chemicals *viz*. atrazine, chlorpyriphos, dimethoate, ethofenprox, iprovalicarb, λ-cyhalothrin, triazophos, trifloxystrobin. A unique code number was assigned to each 16 participating laboratories and National Referral Laboratory to maintain confidentiality. PT samples were distributed among these laboratories at random and they were asked to submit the results to the NRL. The laboratory results were compared to the true values and the 'Z'-scores were determined for individual chemicals pertaining to different laboratories as per the International Harmonized Protocol for the Proficiency Testing of the Analytical Laboratories (2005) issued by the International Union of Pure and Applied Chemistry. From the results of PT test it was found that 'z' scores for most of the participant laboratories were satisfactory.

The second PT round was conducted on 5th January 2012. In this progamme, 15 APEDA nominated laboratories and National Referral Laboratory participated. The laboratories were asked to analyse the samples for all the 174 chemicals in the monitoring list. The samples were spiked with atrazine, buprofezin, triazophos, profenophos, chlorpyriphos methyl, λ-cyhalothrin and β-HCH. The results of 12 nominated laboratories *viz*., NCMSL (Hyderabad), NHRDF (Nashik), Reliable (Mumbai), Geochem (Mumbai), SGS (Chennai), Microchem (Mumbai), Interfield (Kochi), Sargam (Chennai), True analytica (Chennai), TUV (Pune), Vimta (Hyderabad) and DTH (Delhi) were satisfactory in terms of identification of spiked pesticides and the corresponding 'Z'-scores and they were allowed by the NRL for access into the Grapenet software system.

Considering the readiness and assessment of the laboratory another PT was conducted and Arbro Phramaceuticals Ltd. (Delhi) was authorized for grape testing with effect from 11th March 2012.

## यूरोपीय संघ के प्रवीणता जाँच में भागीदारी

इस साल एनआरएल ने फल और सब्जियों के लिए यूरोपीय संघ के संदर्भ प्रयोगशालाओं द्वारा आयोजित प्रवीणता परीक्षा (यूरोपीय प्रवीणता टेस्ट एफवी 14) में भागीदारी शुरू की। 2 मार्च, 2012 को नाशपाती सम्मिश्रण के नमूने प्राप्त हुए। प्रत्येक भागीदार को नाशपाती सम्मिश्रण के दो नमूने (300 ग्रा सादा और रसायन मिली परीक्षण सामग्री) कृषि रसायन अवशेष विश्लेषण के लिए प्राप्त हुए। एनआरएल सहित 12 भाग लेने वाली प्रयोगशालाओं के बीच सामग्री वितरित की गई। सभी प्रयोगशालाओं से परिणाम मांगे गए समय के भीतर (परीक्षण सामग्री की प्राप्ति की तारीख से 7 दिन) प्राप्त हुए। नमूना ए बिना रसायन मिला अनुपचारित था जबकि नमूना बी में कीटनाशक मिलाया गया था। नमूने में अंगूर के लिए आरएमपी की अनुबंध 9 में दिये 6 रसायनों के अवशेष थे। एनआरएल ने अनुबंध 9 के दायरे से बाहर के 5 अतिरिक्त रसायनों का पता लगाया। एनआरएल का सभी कीटनाशकों के लिए 'जेड' स्कोर संतोषजनक सीमा −2 से +2 के बीच था।

## यूरोपीय संघ प्रयोगशालाओं के साथ रिंग परीक्षण

अंगूर मौसम 2012 के लिए फरवरी 2012 में एक अंतर्राष्ट्रीय रिंग परीक्षण का आयोजन किया गया। मौसम 2011−12 के लिए आरएमपी की अनुबंध 9 के सभी 174 रसायनों के लिए यह रिंग परीक्षण आयोजित किया गया। इस परीक्षण में छह भारतीय और पांच यूरोपीय प्रयोगशालाओं ने भाग लिया। गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रत्येक प्रयोगशाला को एक अद्वितीय कोड संख्या दी गई थी। विश्लेषण के लिए परीक्षण सामग्री के रूप में अंगूर के जूस के दो नमूनों में रसायन मिला कर सभी को वितरित किया गया। 174 रसायनों की सूची से, प्रतिभागियों को परीक्षण सामग्री में मौजूद रासायनिक अवशेषों की पहचान और मात्रा आंकना था। 9 भागीदार प्रयोगशालाओं से परिणाम प्राप्त हुआ। भाग लेने वाली ज्यादातर प्रयोगशालाओं में सभी परीक्षण रसायनों के लिए 'जेड' स्कोर संतोषजनक सीमा −2 से +2 के बीच था।

## भारतीय वाइन की मानव उपभोग के लिए फिटनेस प्रमाण पत्र

केंद्र को यूरोपीय संघ के देशों को निर्यात होने वाली वाइन के लिए प्रमाणित करने वाली एजेंसी की जिम्मेदारी दी गई है।

## Participation in the EU proficiency test

This year NRL initiated participation in the proficiency test organized by the EURL on Fruits and Vegetables (European Proficiency Test FV14). The samples of pear homogenate were received on 2nd March, 2012. Each participant received two pear homogenate samples (≈300g of blank and spiked test material) to be analyzed for agrochemical residues. The material was distributed amongst 12 participating laboratories (including the NRL). Results were received from all laboratories within the time-scale demanded (7 days from the date of receipt of test material). Sample A was an unspiked control whereas sample B was spiked with the pesticides. The sample contained residues of 6 chemicals within the scope of Annexure 9 of the RMP for grapes. NRL could detect 5 additional chemicals that are beyond the scope of Annexure 9. The z-scores of NRL were within -2 to +2 and considered satisfactory for all the pesticides.

## Ring test with EU laboratories

An international ring test was organized in February 2012 for the grape season 2012. The ring test was conducted for all the 174 chemicals as per the Annexure 9 for the season 2011-12 of the RMP. In this test six Indian and five European laboratories participated. Each laboratory was assigned a unique code number to maintain confidentiality. The grape juice (2 No) used as test material for the analysis was spiked with chemicals and distributed to all. From the list of 174 chemicals, the participants were required to identify and quantify the chemical residues present in the test material. Results were received from 9 participant laboratories. The z- scores for most of the participating laboratories for all the test chemicals were within the satisfactory range of -2 to +2.

## Certifying fitness for human consumption of Indian wines

The NRCG had been given the responsibility of certifying agency for wines exported to EU countries. During 2011-12, the analysis reports from the

2011-12 के दौरान, अधिकृत वाइन परीक्षण प्रयोगशालाओं से विश्लेषण रिपोर्ट सूक्ष्मता से जाँचीं गईं और विभिन्न वाइनरी से 63 वाइन को, जर्मनी, फ्रांस आदि को निर्यात के लिए VI-1 प्रमाण पत्र जारी करके प्रमाणित किया गया।

## निर्यात अंगूर में अवशेषों की निगरानी

2011-12 के मौसम में नौ नामित प्रयोगशालाओं द्वारा तकरीबन 4076 अंगूर नमूनों का परीक्षण किया गया।

कुल 4076 विश्लेषण नमूनों में से, 475 नमूने यूरोपीय संघ के एमआरएल के अनुपालन के लिए असफल रहे। इस प्रकार, कुल 475 आंतरिक अलर्ट जारी किए गए थे। बाद में, सिफारिश किए गए कटाई पूर्व अंतराल के बाद पुन: नमूने लेने पर, विश्लेषण रिपोर्ट में एमआरएल अनुपालन के आधार पर 109 अलर्ट रद्द किए गए और इस तरह यूरोपीय संघ के एमआरएल का पालन नहीं होने के लिए अंतिम प्रभावी अलर्ट 366 थीं।

नामित प्रयोगशालाओं में, रिलाएबल लेबोरेटरीज (ठाणे) द्वारा सबसे अधिक नमूनों का विश्लेषण किया गया, उसके बाद, जिओकेम प्रयोगशाला (मुंबई) और एसजीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (चेन्नई) रहीं।

2011-12 के मौसम में कुल 32 कीटनाशकों के लिए अवशेष अधिकतम अवशेष सीमा से अधिक दर्ज किए गए। क्लोरमेकवेट क्लोराइड (सीसीसी) सर्वाधिक 179 नमूनों में और वृद्धि नियामक, 6-बेंजाइल एडेनिन 64 नमूनों में पाया गया। कीटनाशकों में 4-ब्रोमो, 2-क्लोरो फिनोल (प्रोफेनोफोस का मेटाबोलाइट) 88 नमूनों में और अन्य कीटनाशक जैसे फिप्रोनिल, एबामेक्टिन, क्लोर्फ़ेनपीर, मेथोमिल क्रमशः 42, 42, 31, और 13 नमूनों में पाया गया है। कवकनाशियों में से, सर्वाधिक 16 नमूनों में फ्लूसिलाज़ोल और उसके बाद 3 नमूनों में कार्बेण्डाजिम और 2 नमूनों में केपटन के अवशेष पाए गये।

366 प्रभावी अलर्ट, जो विश्लेषित नमूनों का 8.98% है, में से अधिकतर कटाई से दो महीनों पहले की अवधि में इस्तेमाल किए जाने वाले कीटनाशकों के लिए थे। इसलिए, फसल से पहले इन कीटों का प्रबंधन निश्चित रूप से अगले अंगूर मौसम में कीटनाशकों के अवशेषों को कम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका

authorized wine testing laboratories were critically evaluated and 63 wines from various wineries were certified by issuing VI-1 certificate for export of the wines to Germany, France etc.

## Residue monitoring in export grapes

About 4076 table grape samples have been tested in the 2011-12 season by nine nominated laboratories.

Out of the 4076 total analyzed samples, 475 samples failed for EU-MRL compliance. Thus, a total 475 internal alerts were issued. On re-sampling after the recommended pre-harvest intervals, 109 alerts were subsequently revoked on the basis of the MRL compliance in analyses reports and thus the final effective alerts were 366 not complying to EU-MRL.

Among the nominated laboratories, the highest numbers of samples were analyzed by M/s Reliable Laboratories, Mumbai followed by M/s Geochem Laboratories, Mumbai and SGS India Pvt. Ltd., Chennai.

In totality, there were 32 pesticides for which MRL exceedances were recorded in the 2011-12 season. Most frequently detected pesticide was chlormequat chloride (CCC) with 179 detections, followed by plant growth regulator, 6-benzyl adenine (64 samples). The major insecticides included 4-bromo, 2-chloro phenol (metabolite of profenophos) with 88 detections and the other pesticides *viz*. fipronil, abamectin, chlorfenapyr, methomyl which were detected in 42, 42, 31 and 13 samples, respectively. In case of the fungicides, highest detected chemical was flusilazole with 16 detections followed by carbendazim and captan with 2 and 3 detections respectively.

Out of the 366 effective alerts, which accounts for 8.98% of the samples analyzed, most of the cases correspond to the pesticides, which are mostly used during the last two months before harvest. Hence, the management of these pests before harvest will certainly play a key role in minimizing the residues of pesticides in next grape season. In this season, maximum number

निभाएगा। इस मौसम में अलर्ट की अधिकतम संख्या सीसीसी से संबंधित थी, जो इस रसायन के धीमे क्षय और परीक्षण प्रयोगशालाओं मे अवशेष परीक्षण के लिए बेहतर विश्लेषणात्मक क्षमताओं के कारण हो सकता है। गैर सिफारिश रसायनों का संसूचन, अंगूर उत्पादकों में कीट प्रबंधन के लिए गैर सिफारिश रसायनों के उपयोग के लिए बढ़ती जागरूकता के संकेत देता है।

2011–2012 के दौरान, राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला, ने एपीडा, दिल्ली और राज्यों के कृषि विभागों के सहयोग में भारत के विभिन्न भागों में सब्जियों में रसायनों की निगरानी शुरू की। यूरोपीय संघ के देशों को निर्यात करने के लिए भारतीय सब्जियों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए 400 से अधिक नमूनों की कीटनाशक अवशेषों के लिए जांच की गई। सब्जी नमूने (भिंडी, करी पत्ते, करेला, सहजन, मिर्च, बैंगन, बोतल गार्ड, आदि) महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात से एकत्र किए गए। महाराष्ट्र से 130 नमूने 4 समूहों से एकत्र किए गए थे, जिसमें से औसतन 50.94% के नमूने यूरोपीय संघ अधिकतम अवशेष सीमा के अनुसार विफल रहे। गुजरात से एकत्रित 69 नमूनों में से औसतन 42.03% नमूने विफल रहे। तमिलनाडु से एकत्रित 62 नमूनों में से औसतन 45.2% नमूने विफल रहे। कर्नाटक से एकत्र 192 नमूनों में से, 22.40% नमूने विफल रहे। सभी चार राज्यों की समग्र विफलता प्रतिशतता 35.89% थी।

## प्रशिक्षण / बैठक का आयोजन

- आने वाले सीजन में अवशेष निगरानी कार्यक्रम की समीक्षा और अद्यतन के लिए संस्थान में 2 नवम्बर 2011 और 12 दिसम्बर 2011 को बैठक आयोजित की गई।
- संस्थान में यूरोपीय संघ एफ वी ओ लेखापरीक्षा समूह के साथ एक बैठक 1 दिसम्बर 2011 को आयोजित की गई जहां अवशेष निगरानी कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर एनआरएल की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक के बाद 5 दिसम्बर 2011 को नासिक में पैकघर और खेतों का दौरा किया गया।
- अवशेष विश्लेषण के लिए द्राक्षाक्षेत्र से अंगूर का नमूना लेने के लिए नामित प्रयोगशालाओं के कर्मियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 जनवरी 2012 को आयोजित किया गया।

of alerts was pertaining to CCC, which might be due to the slow degradation of this chemical and improved analytical capabilities of the testing laboratories for testing of agrochemical residues. The detections of the non-recommended chemicals indicated increasing awareness among the grape growers to use the non-recommended chemicals for pest management.

During 2011-2012, National Referral Laboratory, initiated monitoring of vegetables grown in different parts of India in collaboration with APEDA, Delhi and state agriculture department. More than 400 samples were screened for pesticide residues for evaluating status of Indian vegetables with respect to export to EU countries. The vegetable samples (okra, curry leaves, bitter gourd, drumstick, chilli, brinjal, bottle guard, etc) were collected from Maharashtra, Karnataka, Tamil Nadu and Gujarat. From Maharashtra 130 samples were collected from 4 clusters, of which, an average of 50.94% samples failed according to EU-MRLs. From Gujarat, out of 69 samples collected, an average of 42.03% samples failed. From Tamil Nadu, out of 62 samples collected, an average of 45.2% samples failed. From a total of 192 samples collected from Karnataka, 22.40% samples failed. Overall failure percentage of all the four states combined was 35.89%.

## Training / Meetings organized

- Meetings were held on 2nd November 2011 and 12th December 2011 at the Institute for review and updating of residue monitoring programme in the coming season.
- A meeting with European Union FVO audit group was held on 1st December 2011 at the institute where NRL's role on implementation of residue monitoring programme was discussed. This was followed by visit to pack house and farms in Nasik on 5th December 2011.
- A training programme was organized for personnel of the nominated laboratories for sampling of grapes from vineyards for residue analysis on 28th January 2012.

- संस्थान में निदेशक, एपीडा द्वारा भारत से निर्यात मूंगफली में एफलाटोक्सिन के संसूचन और यूरोपीय संघ में अनेक रैपिड अलर्ट जारी होने के मुद्दों पर चर्चा के लिए 22 मार्च 2012 को सभी हितधारकों के साथ बैठक बुलाई गई।

## भारतीय अंगूर जननद्रव्य का आणविक लक्षण वर्णन और आणविक डेटाबेस का निर्माण (डीबीटी द्वारा वित्त पोषित)

रिपोर्ट पृष्ठ 16 पर प्रस्तुत।

## बौद्धिक संपदा प्रबंधन और कृषि प्रौद्योगिकी का स्थानांतरण / व्यावसायीकरण (एनएआईपी - आईसीएआर योजना)

विभिन्न जननद्रव्य मूल्यांकन और संरक्षण, खाने, रस, वाइन और किशमिश बनाने लिए उपयुक्त किस्मों का विकास और अंगूर की खेती के लिए सक्षम मूलवृन्त, अंगूर में बेहतर उपज और गुणवत्ता के लिए वितान प्रबंधन, द्राक्षाक्षेत्र में पानी और उर्वरक उपयोग क्षमता, पोषक विकारों के प्रबंधन, अंगूर गुणवत्ता सुधारने में वृद्धि नियामकों का उपयोग, स्थान विशेष मौसम की भविष्यवाणी सहित अंगूर के बगीचों में रोग नियंत्रण के लिए फसल सुरक्षा प्रौद्योगिकी, कीटनाशकों के जैवविघटन, कीटनाशकों की निगरानी के लिए कुशल बहु-अवशेषों विश्लेषण तरीका, अंगूर की फसल उपरांत आयु वर्धन के लिए ट्राइकोडर्मा का प्रयोग, उष्णकटिबंधीय वाइन बनाने के लिए यीस्ट नस्ल की पहचान आदि तकनीकों पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गयी।

केंद्र के आइटीएमयू कर्मियों ने केंद्रीय कपास प्रौध्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई में 7-8 फरवरी 2012 को आयोजित एक क्षेत्रीय बैठक एवं कार्यशाला में भाग लिया। केंद्र में 17 फरवरी 2012 को ज़ेडटीएमयू-बीपीडी, केंद्रीय कपास प्रौध्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई और केंद्र के वैज्ञानिकों के बीच एक संवादात्मक बैठक आयोजित की गई।

- A meeting was convened by Director, APEDA with all stakeholders on 22nd March 2012 to discuss issues of Aflatoxin detection in peanuts exported from India and issue of series of Rapid Alerts from EU.

## Molecular characterization and creation of molecular database for Indian grape germplasm (funded by DBT)

Report presented on page 16.

## Intellectual Property Management and Transfer / Commercialization of Agricultural Technology (NAIP-ICAR Scheme)

A detailed report on various technologies developed during XI plan in the areas of germplasm evaluation and conservation, development of suitable varieties for table, juice, wine and raisin making and efficient rootstocks in viticulture, canopy management for better yield and quality of table grapes, water and fertilizer use efficiency in vineyards, management of nutrient disorders, application of bioregulators for improvement in quality of table grape production, development of crop protection technology including location specific weather forecasting for disease control in bearing vineyards, biodegradation of pesticides and efficient multi-residue analysis for monitoring of pesticides, use of Trichoderma for enhancing post harvest life of table grapes, identification of yeast culture for tropical wine making etc.

A zonal meeting cum workshop was attended by the ITMU personnel of the Centre on 7-8 February, 2012 held at CIRCOT, Mumbai. An interactive meeting of officials of ZTMU-BPD, CIRCOT, Mumbai was held with the scientists of the Centre on 17.2.2012 at NRCG, Pune.

## अंगूर के लिए डीयूएस गुणों का मान्यकरण (पौ. कि. और कृ. अ. सं. प्राधिकरण)

अध्यक्ष, पौ. कि. और कृ. अ. सं. प्राधिकरण भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, केंद्र में 15 फरवरी, 2012 को अंगूर के लिए डीयूएस गुणों को अंतिम रूप देने के लिए टास्क फोर्स की पहली बैठक आयोजित की गई। डॉ. जे. पी. तिवारी, पूर्व डीन, बागवानी महाविद्यालय, गो. ब. पं. कृ. एवं प्रौ. वि., पंतनगर ने बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा, प्रधान वैज्ञानिक और अंगूर के लिए डीयूएस परीक्षण के नोडल अधिकारी ने, भारतीय अंगूर के लिए डीयूएस परियोजना का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में टास्क फोर्स के सदस्यों, डॉ. बी. एम. सी. रेड्डी, राष्ट्रीय समन्वयक, अल्प उपयोगी उष्णकटिबंधीय फल, भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरू, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार, पौ. कि. और कृ. अ. सं. प्राधिकरण, नई दिल्ली, डॉ. एस. के. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, भ. कृ. अनु. सं., क्षे. के. पुणे, परियाजना सहायकों डॉ. अनुराधा उपाध्याय और रोशनी समर्थ ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान 46 रूपात्मक गुणों को अंगूर में डीयूएस परीक्षण के लिए मंजूरी और अंतिम रूप दिया गया। बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय बागलकोट के तहत बेंगलुरु में वैकल्पिक डीयूएस केंद्र भी प्रस्तावित किया गया।

112 भारतीय अंगूर किस्मों/संकर के साथ डीयूएस परीक्षण शुरू करने के लिए केंद्र में एक प्रयोग क्षेत्र प्रारम्भ किया गया।

## Validation of DUS characters for Grapes (PPV & FRA)

The first meeting of the Task Force for finalizing the DUS characteristics for Grape was convened at NRC Grapes, Pune on 15th February, 2012 as directed by the Chairman, PPV & FRA, Govt. of India, New Delhi. Dr. J. P. Tiwari, Ex Dean, College of Horticulture, GBPUAT, Pantnagar chaired the meeting. Dr. G. S. Karibasappa, Principal Scientist and Nodal Officer of DUS testing for Grapes, presented the details about DUS project for Indian Grapes. The meeting was also attended by the members of the Task Force, Dr. B. M. C. Reddy, National Coordinator for under- utilized tropical fruits, IIHR, Bengaluru and Dr. Manoj Srivastava, Registrar, PPV & FRA, New Delhi project associates Dr. Anuradha Upadhyay and Dr. Roshani Samarth. During the meeting 46 morphological characters were approved and finalized for DUS testing on grapes. An alternate DUS centre at Bengaluru under University of Horticultural Sciences, Bagalkot was also proposed.

A field experiment with 112 Indian grape varieties/hybrids/crosses has been laid out at the Centre for initiating DUS testing.

# तकनीक आंकना और स्थानांतरण
# Technology Assessed and Transferred

संस्थान में विकसित और आंकी गई अनेक तकनीक अंगूर बागवानों तक पहुंचाने के लिए अनेक प्रक्षेत्र दौरे, बागवानों की संगोष्ठी में सहभागिता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये। कुछ मुख्य तकनीक, जिन्हें बागवानों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए गए, निम्न प्रकार हैं।

1. अजैविक तनाव के तहत सतत अंगूर उत्पादन के लिए मूलवृन्तों का प्रयोग
2. सिंचाई समय-सारणी एवं पानी की कमी परिस्थिति के तहत मल्च और उपसतह सिंचाई का प्रयोग
3. उर्वरक प्रयोग का युक्तिकरण
4. अंगूर गुणवत्ता में सुधार के लिए वृद्धि नियामकों का प्रयोग
5. फसल कटाई से अन्तिम 50 दिन के दौरान कीट और रोग प्रबंधन की युक्तियां
6. जैवनियंत्रण एजेंट का प्रयोग
7. रोग भविष्यवाणी

## नासिक में शीत-क्षति प्रभावित अंगूर बागों का सर्वेक्षण

नासिक जिले में अंगूर बाग क्षेत्रों जैसे सकोरे, मिग ओजार, मोहाड़ी, पालखेड, डिण्डोरी, पिम्पलगांव, खेडगांव, डोंडगावनवाड़ी में 8 फरवरी 2012 की शाम से अगले दिन सुबह तक असामान्य अति निम्न तापमान का अनुभव हुआ। इस दिन शून्य से कम तापमान नापा गया। इस संस्थान से वैज्ञानिकों की एक टीम जिसमें डॉ. सं. दी. सावंत, डॉ. अ. कु. उपाध्याय, डॉ. ज. शर्मा और डॉ. दी. सिं. यादव थे, को 9 फरवरी को प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने और शीत के कारण हुई क्षति का जायजा लेने के लिए नामांकित किया गया। इस टीम के साथ महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ के निदेशक श्री. अरुण मोरे भी थे, जिन्होंने शीत प्रभावित इलाकों के दौरे का समन्वय किया।

सर्वेक्षण के दौरान अधिकतम क्षति अनावृत वितान पर पाई गई। ऊपरी वितान (अनावृत पत्तियां) पर क्षति 30 - 80% के बीच रही। उन अनावृत पत्तियों को अधिक क्षति हुई जो पहले से

Several technologies developed and assessed at the Institute, were disseminated to the grape growers through several field visits, participation in growers' seminar and by organizing training programmes at Institute or their site as per the request. Some of the important technologies which were disseminated are given below:

1. Use of rootstocks for sustainable grape production under abiotic stress
2. Irrigation schedule, use of mulch and subsurface irrigation under water deficit conditions.
3. Rationalisation of fertilizer use
4. Use of bioregulators for improving grape quality
5. Strategies for insect pest and disease management during last 50 days before harvest.
6. Use of biocontrol agents
7. Disease forecasting

## Survey of cold injury affected vineyards in Nasik

Some of the grape growing areas (villages Sakore, Mig Ozar, Mohadi, Palkhed, Dindori, Pimplegaon, Khedgaon, Dondgavanwadi) in Nasik District experienced unusually very low temperatures during the evening of 8$^{th}$ February 2012 to the next day early morning. Even sub zero temperatures were recorded during the same time. A team of scientists from our institute consisting of Dr. S. D. Sawant, Dr. A. K. Upadhyay, Dr. J. Sharma and Dr. D. S. Yadav were deputed to survey the area on 9$^{th}$ February, 2012 and observe the nature of damage caused due to low temperature. This team was accompanied by Mr. Arun More, Director, MRDBS, who coordinated the visit to cold injury affected vineyards.

During survey, maximum damage was observed on the exposed canopy. The extent of damage to the upper canopy (exposed leaves) ranged between 30 – 80%. Exposed leaves already stressed due to mite

ही माइट, नमी तनाव और रोग से प्रभावित थीं। कुछ बागों में जहाँ वितान के एक फुट ऊपर छाया जाल डाल गया था, पत्ती को हुए नुकसान में कमी देखी गयी जब कि दो पंक्तिओं के बीच में डाले गए छाया जाल अप्रभावी थे। परती भूमि के पास वाले बागों में सबसे कम नुकसान देखा गया। वाई ट्रेलिस के मुकाबले कुंज प्रशिक्षित लताओं में अधिक क्षति हुई। गुच्छों में नुकसान के स्तर में विभिन्नता देखी गयी। वेरेजन से पहले की अवस्था के अनावृत्त गुच्छों में क्षति हुई जबकि वितान के अन्दर के गुच्छों में क्षति नहीं हुई। इसी प्रकार पेपर से ढके गुच्छों में शीत से नुकसान नहीं हुआ।

## प्रक्षेत्र दौरा

- डॉ. पां. गु. अडसूले ने 15 मई को नारायणगांव और जुन्नर और 18 मई को सांगली क्षेत्र में कुछ अंगूर बागानों और पैक हाउस का दौरा किया इसके अलावा नारायणगांव में पक्कन कक्षों की जानकारी हासिल की।
- डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा ने 26 जुलाई 2011 को मैसर्स बाफना फार्म्स के निर्यात उद्देश्य से गैर मौसमी अंगूर उत्पादन के लिए चुने गए मांजरी नवीन के 2 एकड़ प्लॉट का दौरा किया। गुच्छा और मणि गुणवत्ता विशेषतः मणि पकड़ और पुष्पक्रम लचीलापन को सुधारने के उपाय सुझाये गये।
- डॉ. पां. गु. अडसूले ने 13 अगस्त 2011 को सांगली में भारत सरकार के छोटे और मध्यम उद्यमी मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त किशमिश बनाने वाली यूनिटों का दौरा किया। ऐसी यूनिटों में आनेवाली तकनीकी समस्या पर चर्चा की और प्रयोगशाला स्थापित करने और यूनिट के लिए नक्शा आदि पर चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिए।
- डॉ. पां. गु. अडसूले ने 23 अगस्त 2011 को बासफ स्टाफ के साथ मिरज और उगर में क्लोरमेक्वॅट के चल रहे परीक्षण वाले बागों का दौरा किया और उपचार की प्रगति की समीक्षा की तथा स्टाफ को आवश्यक सलाह दी।
- श्रीमती शालिनी शिवप्रकाश ने 16 सितंबर 2011 को अंगूर पर फल खाने वाले मोथ द्वारा क्षति की निगरानी के लिए मैसर्स बाफना फार्म का दौरा किया। पर्याक्रमण के कारण 35 प्रतिशत

injury, moisture stress, disease experienced more damage. In some vineyards, shade nets over the vine canopy reduced the leaf damage considerably whereas putting the same between two rows was ineffective. Minimal damage was observed in the vineyards adjacent to the fallow land. More damage was observed in Bower trained vines than on Y trellis. Variability in the extent of damage to the bunches was observed. The exposed bunches at pre-veraison stage were damaged whereas those under canopy were not damaged. Paper covered bunches were not damaged.

## Field Visits

- Dr. P. G. Adsule visited few vineyards and pack houses in Narayangaon and Junnar region on 15th May and in Sangli region on 18th May 2011 apart from visiting ripening chambers in Narayangaon.
- Dr. G. S. Karibasappa visited two acres plot of 'Manjri Naveen' selected for off-season production for export purpose at M/s Bafna Farm on 26th July 2011. Measures to improve bunch and berry qualities, especially berry attachment and rachis flexibility were suggested.
- Dr. P. G. Adsule visited grape processing units (raisin making units) in Sangli region financed by the Ministry of Small and Medium Entrepreneurs of Govt. of India and Govt. of Maharashtra on 13th August 2011. Discussed the technical problems and guided the farmers particularly layout of the plant and setting up laboratories with the owners of the unit. Necessary advice was given to them.
- Dr. P. G. Adsule visited experimental sites of CCC ongoing trials along with the BASF staff at Miraj and Ugar and reviewed the progress of treatment and necessary advice was given to the staff on the site on 23rd August 2011.
- Mrs. S. Salini visited M/s Bafna Farm on 16th September 2011 for monitoring fruit piercing moths damage on grapes. More than 35% damage of grape berries due to the infestation was observed. Use of

मणियों में क्षति हुई। वयस्क मोथ को आकर्षित करके मारने के लिए प्रकाश पाश और खाद्य प्रलोभन लगाने की सलाह दी गई।

- डॉ. पां. गु. अडसूले, डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा और डॉ. एस. राजन, सहायक महा निदेशक (बागवानी-1) ने 1 अक्तूबर 2011 को तमिलनाडू के थेनी जिला स्थित कम्बम घाटी में अंगूर बागों का दौरा किया। बागों में मिट्टी गठी हुई परन्तु बिना खरपतवार के, निम्न कार्बनिक पदार्थ और गुलाबी/पनीर किस्मों में अनियमित वितान थी। अंगूर लताओं की अनुकूल वृद्धि और उपज के लिए किसानों को कार्बनिक खाद की इष्टतम मात्रा देने और अंतर्कृषि की सलाह दी। उन्होंने समीप स्थित केरल के इडुकी जिले में इलायची की फ्लयू क्युरिंग यूनिट भी देखी।

- डॉ. दी. सिं. यादव ने 11-12 नवम्बर 2011 को जैसिड आक्रमण और क्षति की स्थिति का जायजा लेने के लिए नासिक क्षेत्र के 23 अंगूर बागों का दौरा किया और तत्काल तकनीकी सलाह दी । इसके अलावा महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ के सहयोग से आस-पास के इलाके के 250 बागाईतदारों की एक बैठक बुलाई गई और उन्हें जैसिड प्रबन्ध पर सलाह दी। 23 बागों में से 10 बागों में 10-40 प्रतिशत पत्तियों में क्षति देखी गयी और इन सभी बागों में जैसिड द्वारा सर्वाधिक क्षति का संबध फसल आयु का 30 दिन से कम होना और खरपतवार उपस्थिति से था।

- डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा ने 15 फरवरी 2012 को डॉगरिज और 110आर पर कलमित मांजरी नवीन के निष्पादन अध्ययन के लिए रोहु, दौण्ड तालुक, पुणे स्थित मैसर्स बाफना फार्म्स के खेत का दौरा किया।

- डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा ने मलावली तालुक, मंड्या जिला, कर्नाटक स्थित एल्पाइन वाइनरीज का दौरा किया। 240 एकड़ बाग में अनेक फ्रांसीसी वाइन किस्में जैसे शिराज़, मर्लो, टेनेट, ग्रेनेच, चेनिन ब्लेंक और सॉविग्नॉन ब्लेंक को किण्वन के लिए रखा गया है। लगभग 240 एकड़ अंगूर बाग स्थापित किया है।

- डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा ने डॉगरिज पर कलमित और निकट रोपित किशमिश रोजाविस व्हाईट के प्रदर्शन का रिकॉर्ड करने के लिए बीजापूर जिले में श्री. कोकाटे के फार्म का 11 मार्च 2012

light traps and food baits with banana for attracting the adult moths and killing was suggested.

- Dr. P. G. Adsule, Dr. G .S. Karibasappa and Dr. S. Rajan, ADG (Horticulture I) visited grape gardens in Cumbam valley of Theni district, Tamil Nadu on 1st October 2011. Soils of different vineyards were compact but weed free, apparently low in organic matter, there were uneven canopies of cultivar Gulabi/Paneer. Farmers were advised to apply optimum doses of organic manure, inter cultivations to provide favourable growth and productivity in grapes. They also visited cardamom flue-curing centre in the nearby Idukki district of Kerala.

- Dr. D. S. Yadav visited vineyards at Nasik to assess status of jassid incidence and damage on 11-12th November 2011. 23 vineyards were visited and on spot technical guidance were provided to grape growers. A meeting with farmers was conducted with the help of MRDBS to give advice on jassid management in which around 250 grape growers participated. Out of 23 vineyards surveyed during outbreak, 10 vineyards showed leaf damage in 10 to 40 per cent leaves. In all these 10 vineyards, the jassid damage was associated with less than 30 days of crop age and presence of weeds.

- Dr. G. S. Karibasappa visited M/s Bafna Farms, on 15th February 2012 near Rohu, Daund Taluk, Pune to study the performance of Manjri Naveen on Dogridge and 110R rootstocks.

- Dr. G. S. Karibasappa visited the Alpine Wineries, Malavalli taluk, Mandya district, Karnataka (A humid tropical winery) on 5th March 2012. Many French grape wine varieties such as Shiraz, Merlot, Tannat, Grenache, Chenin Blanc and Sauvignon Blanc have been harvested and kept for fermentation. Nearly 240 acres of vineyard has been established.

- Dr. G. S. Karibasappa visited Mr. Kokare' Farms, in Bijapur district, Karnataka on 11th March 2012 to record performance of Kishmish Rozavis White (NRCG Selection) on Dogridge under close planting

को दौरा किया। यह किस्म निकट रोपन के लिए उपयुक्त और जिबरेलिक अम्ल के प्रयोग से मणि और गुच्छा आकार में वृद्धि दिखाई।

## बागाईतदार संगोष्ठी में भाग

- डॉ. रा. गु. सोमकुवर, डॉ. स. द. रामटेके एवं डॉ. दी. सिं. यादव ने क्रमशः आधारीय छंटाई के बाद वितान प्रबंधन, वृद्धि नियामकों का न्यायसंगत प्रयोग और अंगूर में कीट प्रबंधन पर 7 अप्रैल 2011 को मेसर्स अभिनव द्राक्ष बागाईतदार सहकारी संस्था द्वारा जुन्नर में आयोजित बैठक में तथा महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ द्वारा नासिक में 18 अप्रैल, सोलापूर में 22 अप्रैल और सांगली में 23 अप्रैल 2011 को आयोजित चर्चासत्रों में भाषण दिया।

- डॉ. रा. गु. सोमकुवर, डॉ. स. द. रामटेके एवं डॉ. दी. सिं. यादव ने क्रमशः फल छंटाई के बाद वितान प्रबंधन, वृद्धि नियामकों का न्यायसंगत प्रयोग और अंगूर में कीट प्रबंधन पर महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ द्वारा 9 सितंबर 2011 को सांगली में आयोजित चर्चासत्रों में भाषण दिया।

- डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा, डॉ. सं. दी. सावंत, डॉ. रा. गु. सोमकुवर, डॉ. स. द. रामटेके, डॉ. जो. सतीशा और डॉ. अ. कु. शर्मा ने क्रमशः 11-12 सितंबर 2011 को कर्नाटक अंगूर उत्पादक संघ द्वारा आयोजित खाने योग्य अंगूर पर संगोष्ठी में विभिन्न विषयों जैसे उत्तर कर्नाटक के लिए उचित किस्में, कवकनाशी के इष्टतम उपयोग के लिए मौसम भविष्यवाणी पर आधारित व्याधि प्रबंधन, अंगूर कृषि में उच्च कोटी पौध सामग्री का महत्व एवं गुणवत्तायुक्त किशमिश उत्पादन के लिए जुताई प्रणाली, फल छंटाई के बाद वृद्धि नियामकों का न्यायसंगत प्रयोग, अंगूर कृषि में मूलवृन्तों का प्रयोग और प्रतिकूल परिस्थितियां एवं पोषण विकार से उबरने के लिए मूलवृन्त की प्रक्रिया और अंगूर सूखना और किशमिश बनाना आदि पर भाषण दिए।

- डॉ. रा. गु. सोमकुवर, डॉ. स. द. रामटेके और डॉ. दी. सिं. यादव ने गुणवत्ता युक्त अंगूर उत्पादन के लिए आवश्यक

(8' x 5'). The variety is suitable for close planting and is responding to GA application with increased berry and bunch size suitable for export purpose.

## Participation in Growers' Seminar

- Dr. R. G. Somkuwar, Dr. S. D. Ramteke and Dr. D. S. Yadav delivered lectures on 'Canopy management in grapes after back pruning', 'Judicious use of bioregulators' and 'Pest management in grapes' respectively during (i) grape growers' meeting organized by M/s Abhinav Grape Growers Cooperative Society at Junnar on 7th April 2011; (ii) Charchasatras organized by MRDBS at Nasik on 18th April; at Solapur on 22nd April and at Sangli on 23rd April 2011.

- Dr. R. G. Somkuwar, Dr. S. D. Ramteke and Dr. D. S. Yadav delivered lectures on 'Canopy Management practices after fruit pruning', 'Judicious use of bioregulators' and 'Pest management in grapes' respectively during charchasatra organized by MRDBS at Sangli on 9th September 2011.

- Dr. G. S. Karibasappa, Dr. S. D. Sawant, Dr. R. G. Somkuwar, Dr. S. D. Ramteke, Dr. J. Satisha and Dr. A. K. Sharma delivered lectures on 'Suitable table grape varieties for Northern Karnataka', 'Weather forecast based disease management in grapes for optimum use of fungicides', 'Importance of quality planting material in grape cultivation and cultural practices followed for the production of quality raisin', 'Judicious use of bioregulators practices to be followed after fruit pruning', 'Use of rootstocks in grape cultivation and their mechanisms to overcome adverse situations and nutritional disorders in grapes' and 'Grape drying and raisin making' respectively during National Symposium on table grapes organized by Karnataka Grape Growers' Association at Bijapur on 11-12th September 2011.

- Dr. R. G. Somkuwar, Dr. S. D. Ramteke and Dr. D. S. Yadav delivered lectures on 'Cultural practices to be followed for the production of quality grapes',

बागवानी प्रणाली, वृद्धि नियोमकों का न्यायसंगत प्रयोग और अंगूर में कीट प्रबंधन पर 13 सितंबर को नासिक में और 10 अक्तूबर 2011 को सोलापूर में महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ द्वारा आयोजित चर्चासत्रों में भाषण दिये।

- डॉ. स. द. रामटेके और डॉ. दी. सिं. यादव ने क्रमशः फल छंटाई के बाद वृद्धि नियोमकों का प्रबंधन और अंगूर में कीट प्रबंधन पर 14 सितंबर 2011 को जुन्नर में आयोजित चर्चासत्र में भाषण दिया।

- डॉ. स. द. रामटेके ने राज्य विभाग के कृषि अधिकारियों तथा निर्यात अंगूर उत्पादकों को ओझर, नासिक में 12 नवंबर, पाल्सी, सांगली में 17 नवम्बर 2011, पिंपलगांव, नासिक में 14 दिसंबर 2011, डिण्डोरी और निफाड, नासिक में, 3 जनवरी, बाबलेश्वर, अहमदनगर और जुन्नर पुणे में, 4 जनवरी, खिलारी, लातूर में 9 जनवरी को, लेंगरे, सांगली, और कलेधोन, सतारा में 11 जनवरी, शबरी, सोलापुर में 13 फरवरी 2012 को आयोजित संगोष्ठियों में अवशेष मुक्त अंगूर उत्पादन के लिए फल छंटाई के बाद वृद्धि नियामकों का प्रबंधन पर सलाह दी।

- डॉ. रा. गु. सोमकुवर और डॉ. स. द. रामटेके ने क्रमशः गुणवत्ता अंगूर के उत्पादन के लिए बागवानी कार्य प्रणाली और फल छंटाई के बाद वृद्धि नियामकों का प्रबंधन पर जुन्नर में 15 नवंबर को, सोलापुर में 22 नवंबर को और लातूर में 23 नवम्बर 2011 को आयोजित अंगूर उत्पादकों की संगोष्ठियों में व्याख्यान दिए।

- डॉ. पां. गु. अडसूले, डॉ. सं. दी. सावंत, डॉ. रा. गु. सोमकुवर, डॉ. अ. कु. शर्मा, डॉ. ज. शर्मा और डॉ. दी. सिं. यादव ने 2-3 अक्तूबर 2011 को पुणे में आयोजित महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बगाईतदार संघ की वार्षिक संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में भाग लिया और अपने विशेषज्ञता के विषय में व्याख्यान दिया। इसके अलावा डॉ. पां. गु. अडसूले, निदेशक ने 'खाद्य सुरक्षा' पर तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

## प्रदर्शन प्लाट पर प्रक्षेत्र दिवस

केंद्र ने विभिन्न संस्थाओं जैसे महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बगाईतदार संघ, महाराष्ट्र राज्य कृषि विभाग, कीटनाशी बनाने वाली बहुराष्ट्रीय

'judicious use of bioregulators'. and 'Pest management in grapes' in Charchasatra organized by Maharashtra State Grape Growers' Association at Nasik on 13th September and Solapur on 10th October 2011.

- Dr. S. D. Ramteke and Dr. D. S. Yadav delivered lectures on 'Bioregulators Management after fruit pruning' and 'Pest management in grapes' respectively in Charchasatra at Junnar on 14th September 2011.

- Dr. S. D. Ramteke advised Agricultural Officers of State department and grape growers producing exportable crop on "Bioregulators management after fruit pruning" at Ozar, Nasik on 12th and Palsi, Sangli on 17th November 2011; at Pimpalgaon, Nasik on 14th December 2011; at Dindoriand Niphad, Nasik on 3rd January 2012; at Bableshwar, Ahmednagar and Junnar, Pune on 4th January 2012; at Khilari, Latur on 9th January 2012; at Lengre, Sangli and Kaledhon, Satara on 11th January 2012; at Shabri, Solapur on 13th February 2012.

- Dr. R. G. Somkuwar and Dr. S. D. Ramteke delivered lectures on 'Cultural practices to be followed for the production of quality grapes' and 'Bioregulator management after fruit pruning' respectively in grape growers' seminars at Junnar on 15th November, at Solapur on 22nd November and at Latur on 23rd November 2011.

- Dr. P. G. Adsule, Dr. S. D. Sawant, Dr. R. G. Somkuwar, Dr. A. K. Sharma, Dr. J. Sharma and Dr. D. S. Yadav participated in the technical sessions of the Annual seminar organized by MRDBS on 2-3rd October 2011 at Pune and delivered lectures in their field of specialization besides Dr. P.G. Adsule, Director, chaired technical session on 'Food Safety'.

## Field Day at Demonstration Plots

NRC for Grapes had organized field demonstrations on weather information based disease management, in collaboration with organizations such

कँपनियां, अंगूर निर्यातकों के सहयोग से मौसम सूचना आधारित रोग प्रबंधन पर क्षेत्र प्रदर्शनों का आयोजन किया। विभिन्न विषयों जैसे पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, मृदा विज्ञान, पादप कार्यिकी और बागवानी में विशेषज्ञता के वैज्ञानिकों के दल ने इन कार्यों में भाग लिया और अपने विचार बाटें। प्रक्षेत्र दिवस निम्न स्थानों पर आयोजित किया गया।

- नासिक में 6 अप्रैल 2011 को मैसर्स बायर क्रॉप साइन्स द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस।
- नासिक में 30 अप्रैल 2011 को ड्यू पोंट द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस।
- नासिक और वीटा में क्रमशः 1 मई और 3 मई 2011 को क्षेत्र प्रदर्शनों के बारे में चर्चा की, पिछले साल की सफलता और आने वाले साल की योजना पर चर्चा के लिए ड्यू पोंट द्वारा आयोजित अंगूर उत्पादकों की सभा।
- नासिक में 23 जुलाई और सांगली में 17 अगस्त, 2011 को क्षेत्र प्रदर्शनों के बारे में चर्चा की, पिछले साल की सफलता और आने वाले साल की योजना पर चर्चा के लिए सिंजेंटा द्वारा आयोजित अंगूर उत्पादकों की सभा।
- बेदक, सांगली में 18 नवम्बर 2011 को बायर क्रॉप साइन्स द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- काशगांव, पंढरपुर में 19 नवम्बर 2011 को बायर क्रॉप साइन्स द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- पिम्पलेगांव, नासिक में 14 दिसम्बर 2011 को ड्यूपॉन्ट द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- मलगांव, मिराज, सुभाषनगर, सांगली में 10 जनवरी 2012 को बीएएसएफ इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- तकली, मिराज, सांगली में 24 जनवरी 2012 को धानुका लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- पालुस, सांगली में 25 जनवरी 2012 को धानुका लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- पालखेड़ बांध, पालखेड़, डिण्डोरी, नासिकमें 8 फरवरी 2012 को सिंजेंटाइंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस

as MRDBS, Maharashtra State Agriculture Department, multinational companies producing pesticides, grape exporters, etc. Team of scientists belonging to different field of specialization such as Plant Pathology, Entomology, Soil Science, Plant Physiology and Horticulture attended these functions and shared their views. Field day was held at the following locations.

- Field Day at Nasik on 6th April 2011 organised by M/s Bayer Crop Sciences.
- Field Day at Nasik on 30th April 2011 organised by Du Pont.
- Grape growers meet, to discuss about field demonstrations; success of last year and coming years plans, at Nasik and at Vita on 1st May and 3rd May 2011 respectivelyby DuPont.
- Grape growers meet, to discuss about field demonstrations; success of last year and coming years plans, at Nasik on 23rd July and at Sangli on 17th August 2011 respectively Syngenta India Ltd.
- Field Day at Bedak, Sangli on 18th November 2011 organized by Bayer Crop Science Ltd.
- Field Day at Kashegaon, Pandharpur on 19th November 2011 organized by Bayer Crop Science Ltd.
- Field Day at Pimpalgaon, Nasik on 14th December 2011 organized by DuPont.
- Field Day at Malgaon, Miraj, Subhashnagar, Sangli on 10th January 2012 organized by BASF India Ltd.
- Field Day at Takli, Miraj, Sangli on 24th January 2012 organized by Dhanuka Ltd.
- Field Day at Palus, Sangli on 25th January 2012 organized by Dhanuka Ltd.
- Field Day at Palkhed Dam, Palkhed, Dindori, Nasik on 8th February 2012 organized by Syngenta India Ltd.

- सय्यद-पिम्परी, निफाड़, नासिक और कोराते, डिण्डोरी, नासिक में 9 फरवरी 2012 को बायर क्रॉप साइन्स द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- कुंदल, सांगली, और वाइफाले में 14 फ़रवरी 2012 को सिंजेंटा इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- सांगली में 15 फरवरी 2012 को बायर क्रॉप साइन्स द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- गुंजलवाड़ी, नारायणगाँव, जुन्नर पुणे में 9 मार्च 2012 को पृवि लाइफ साइन्सस द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- पालखेड़-मिर्ची, निफाड़, नासिक में 13 मार्च 2012 को बायर क्रॉप साइन्स द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- पालखेड़ बांध, नासिक में 13 मार्च 2012 को सिंजेंटा इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- मोहाड़ी, डिण्डोरी, नासिक में 14 मार्च 2012 को रैलीस द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस
- कुमथा में 16 मार्च 2012 को बायर क्रॉप साइन्स द्वारा आयोजित प्रक्षेत्र दिवस

## अंतर्राष्ट्रीय कृषि व्यापार मेला और सम्मेलन में भाग

डॉ. एस. डी. रामटेके ने 6 दिसम्बर 2011 को आयोजित कृषि-2011 अंतर्राष्ट्रीय कृषि व्यापार मेला और सम्मेलन में अंगूर में वृद्धि नियामकों का विवेकपूर्ण उपयोग पर एक प्रस्तुति दी।

## वाईन समारोह में सहभाग

डॉ. पां. गु. अडसूले, डॉ. गौ. शि. करीबसप्पा, डॉ. सं. दी. सावंत, डॉ. रा. गु. सोमकुवर, डॉ. अ. कु. उपाध्याय, डॉ. जो. सतिशा और डॉ. अ. कु. शर्मा ने बंगलौर में कर्नाटक वाइन बोर्ड द्वारा 3 - 4 मार्च 2012 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वाइन महोत्सव में भाग लिया और इस अवसर पर आयोजित अंगूर उत्पादकों, वाइनरी और शराब प्रमोटरों की सहभागिता बैठक में भाग लिया।

- Field Day at Sayyad-Pimpri, Niphad, Nasik and Korate, Dindori, Nasik on 9th February 2012 organized by Bayer Crop Science Ltd.
- Field Day at Kundal, Sangli and Waifale on 14th February 2012 organized by Syngenta India Ltd.
- Field Day at Sangli on 15th February 2012 organized by Bayer Crop Science Ltd.
- Field Day at Gunjalvadi, Narayangao, Junnar, Pune on 9th March 2012 organized by Privi Life Sciences.
- Field Day at Palkhed-Mirchi, Niphad, Nasik on 13th March 2012 organized by Bayer Crop Science Ltd.
- Field Day at Palkhed Dam, Nasik on 13th March 2012 organized by Syngenta India Ltd.
- Field Day at Mohadi, Dindori, Nasik on 14th March 2012 organized by Rallis.
- Field Day at Kumtha on 16th March 2012 organized by Bayer Crop Science Ltd.

## Participation in International Agriculture Trade Fair and Conference

Dr. S. D. Ramteke delivered a presentation on 'Judicious use of bioregulators in grapes' at Krishi 2011, International Agriculture Trade Fair and conference on 6th December 2011.

## Participation in Wine Festival

Dr. P. G. Adsule, Dr. G. S. Karibasappa, Dr. S. D. Sawant, Dr. R. G. Somkuwar, Dr. A. K. Upadhyay, Dr. J. Satisha and Dr. A. K. Sharma attended the International Wine Festival organized by Karnataka Wine Board at Bangalore on 3-4th March 2012 and participated in the Interaction meeting of grape growers, winery personnel and wine promoters organized at this occasion.

## संस्थान के वेबसाइट पर मौसम भविष्यवाणी पर आधारित अंगूर सलाह

विभिन्न अंगूर उगाने वाले क्षेत्रों (नासिक, सांगली, शोलापुर, पुणे, बीजापुर और हैदराबाद) के लिए साप्ताहिक मौसम पूर्वानुमान और मौसम पूर्वानुमान पर आधारीत अनुमानित रोग संभावना अनुसार पौध संरक्षण पर सलाह के लिए वेबपृष्ठ हर सप्ताह अद्यतन किया गया था। इस पृष्ठ के लिए अंगूर उत्पादकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया थी।

## Weather Forecast based Grape Advice on the Website of NRC for Grapes, Pune

Webpage on weekly weather forecast for different grape growing areas (Nasik, Sangli, Solapur, Pune, Bijapur and Hyderabad) and advice on plant protection based on estimated disease risk considering weather forecast was updated at weekly interval regularly through the year. There was very good response from the grape growers to this page.

# शिक्षा एवं प्रशिक्षण
# Education and Training

## विदेश में प्रतिनियुक्ति

- डॉ. पां. गु. अडसूले और डॉ. कौ. बनर्जी को मई- जून 2011 में फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में आयोजित कीटनाशक अवशेषों संगोष्ठी में भाग लेने और एक तकनीकी पेपर प्रस्तुत करने के लिए नामांकित किया गया। उन्होंने जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन में एसजीएस, यूरोफिन्स, और थर्मोफिशर की प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्हें सितंबर में एओएसी बैठक में भाग लेने और तकनीकी प्रपत्र प्रस्तुत करने और अमेरिका के शिकागो एवं डेट्रायट और ब्रिटेन में ब्रिस्टल और लंदन में एजिलेंट प्रयोगशालाओं के दौरे के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।
- डॉ. अ. कु. उपाध्याय को डच सरकार की सरकार-सरकार परियोजना ढांचे के अंतर्गत एपीडा के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में 10-15 जुलाई 2011 के दौरान प्रतिनियुक्त किया गया।

## Deputation Abroad

- Dr. P. G. Adsule and Dr. K. Banerjee were deputed to undertake a study tour in May-June 2011 to participate in Pesticide Residue seminar organized at Frankfurt in Germany to present technical paper. They also visited the laboratories of SGS, Eurofins and Thermofisher in Germany, France and UK. They were also deputed in September to participate in AOAC meet and present technical papers apart from visit to laboratories of Agilent in Chicago and Detroit in USA and Bristol and London in UK.
